

■ सीईसी के साथ बैठक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीच में छोड़ी - 12



■ वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- 7-8 % की वृद्धि दर कायम रखना शीर्ष प्राथमिकता - 12



■ ट्रंप को ईरान से समझौते की उम्मीद खामेनेई की युद्ध के विरुद्ध चेतावनी - 13



■ दिल्ली की नजरें लगातार चौथी बार फाइनल में पहुंचने पर- 14


आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.02
सूर्यास्त 05.55

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वितीया 12:40 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 3 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 307, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# आम बजट से प्रदेश को मिलेगी विकास की नई उड़ान : योगी

## सेमीकंडक्टर, रक्षा-एमएसएमई और इन्फ्रास्ट्रक्चर से यूपी बनेगा निवेशकों की पहली पसंद

- हाई-स्पीड रेल, फ्रेट कॉरिडोर व जलमार्गों से प्रदेश को मिलेगा लॉजिस्टिक्स हब का दर्जा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने आम बजट 2026-27 को उत्तर प्रदेश के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट राज्य के औद्योगिक, आर्थिक व सामाजिक विकास को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि सुधार, वृद्धि व वित्तीय अनुशासन का संतुलित दस्तावेज होने के कारण यह बजट 'विकसित भारत–2047' के लक्ष्य में यूपी की भूमिका को और मजबूत करेगा।

सोमवार को आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने जिस सुधारवादी विकास यात्रा को अपनाया है, उसका ठोस प्रतिबिंब इस बजट में दिखाई देता है। किसान, युवा, महिला, गरीब और मध्यम वर्ग सभी की आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर बजट तैयार किया गया है। देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य होने के कारण यूपी को इसका सर्वाधिक लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ के विशेष फंड की घोषणा यूपी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश में करीब 96 लाख एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं, जो लगभग तीन करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार देती हैं। यह प्रावधान ओडीओपी योजना को नई तकनीक, स्किल ट्रेनिंग, आधुनिक पैकेजिंग और वैश्विक निर्यात से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि 12.2 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय से यूपी में सड़क, रेल, औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स ढांचे को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के साथ-साथ हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर से प्रदेश राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभरेगा। बजट में घोषित सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर में से दो उत्तर प्रदेश को मिलने से यात्रा समय घटेगा और उद्योग, व्यापार व पर्यटन को नई गति मिलेगी।

इनलैंड वाटरवे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी–हल्दिया जलमार्ग पहले ही संचालित है और इसके विस्तार से माल ढुलाई की लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी। वाराणसी में शिप रिपेयर और मेंटिनेंस इकोसिस्टम के विकास से प्रदेश का जलमार्ग नेटवर्क और अधिक सशक्त होगा। औद्योगिक विकास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर पार्क, डेटा सेंटर और बायो-फार्मा हब से उत्तर प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। प्रदेश में 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक के डेटा सेंटर निवेश हो चुके हैं। ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क और गौतम बुद्ध नगर में मेडिकल डिवाइस पार्क यूपी को वैश्विक फार्मा हब की दिशा में आगे ले जा रहे हैं। पर्यटन, मेडिकल टूरिज्म और आयुर्वेद पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में 15 पुरातात्विक स्थलों के विकास का प्रावधान किया गया है, जिनमें सारनाथ और हस्तिनापुर शामिल हैं। इससे पर्यटन के साथ रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। 10 हजार टूरिस्ट गाइडों के प्रशिक्षण से स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में यूपी देश में अग्रणी बन चुका है। देश के 55 प्रतिशत मोबाइल फोन और 60% इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स का निर्माण यहां हो रहा है। खेल उद्योग में मेरठ, आगरा और कानपुर तेजी से उभरते क्लस्टर बन रहे हैं। आम बजट 2026-27 यूपी को विकास, निवेश और विश्वास का केंद्र बनाते हुए विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाएगा।



लखनऊ में बजट के संदर्भ में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

### प्रत्येक जिले में इमरजेंसी व ट्रॉमा सेंटर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकार वार्ता में कहा कि आम बजट के माध्यम से उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर सेंटर खोलने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। 'गोल्डन आवर' में समय पर उपचार मिलने से अनमोल जानें बच सकेंगी और जिला स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।

### पीडीए बहाना, असली लक्ष्य परिवारवाद

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पीडीए के नाम पर किए जा रहे राजनीतिक हमले केवल बहाना हैं, असली उद्देश्य परिवारवाद को बचाना है। उन्होंने कहा कि आज देश को परिवार मानकर गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के हित में काम हो रहा है। यह बजट नए भारत और नए उत्तर प्रदेश का प्रतिबिंब है। जहां सड़कें भी हैं और गति भी, निवेश भी है और विश्वास भी, पहचान भी है और आत्मगौरव भी।

# चीन मुद्दे पर लोस में हंगामा

## नरवणे के संस्मरण को लेकर राहुल का सत्तापक्ष पर वार





- प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री पर निशाना साधा, सत्तापक्ष और कांग्रेस के बीच हुई तीखी नोकझोंक
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा-नेता प्रतिपक्ष की बातें पूरी तरह से काल्पनिक


नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण के मसौदे के कुछ अंश का हवाला देकर प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री पर निशाना साधने का प्रयास किया, जिस पर सत्तापक्ष और कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक एवं हंगामा देखने को मिला तथा सदन की कार्यवाही बाधित हुई।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष की बातें पूरी तरह से काल्पनिक हैं और वह सदन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। सदन में गतिरोध बने रहने पर सभा की बैठक पहले अपराह्न दो बजकर नौ मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक, दूसरी बार तीन बजकर आठ मिनट पर शाम चार बजे तक और फिर चार बजकर 10 मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष सदन में पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे की पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के मसौदे के उस अंश को पढ़ना चाहते थे जिसमें 31 अगस्त, 2020 की एक घटना का उल्लेख है।

यह संस्मरण अभी प्रकाशित नहीं हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस नेता से कई बार यह अपील की कि वह पुस्तक या किसी पत्रिका को सदन में उद्धृत नहीं कर सकते, हालांकि राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख का हवाला देते हुए चीन के साथ भारत के सैन्य तनाव का विषय उठाने का प्रयास किया और दावा किया कि पूर्व सेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चरित्र के बारे में भी बताया है। इस विषय पर कार्यवाही पहली बार स्थगित होने से पहले जब लोकसभा में गतिरोध जारी था तब प्रधानमंत्री मोदी भी सदन में मौजूद थे।

### नेता प्रतिपक्ष को व्यवस्था का पालन करना चाहिए



गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा कि सदन में पुस्तक और पत्रिका में प्रकाशित बातों को नहीं रखा जा सकता और नेता प्रतिपक्ष को व्यवस्था का पालन करना चाहिए। बिरला ने राहुल गांधी से कई बार कहा कि वह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखें। जब राहुल इस संस्मरण के कुछ अंश सदन के पटल पर रखने पर अड़े रहे तो बिरला ने कहा, आप लगातार आसन की अवमानना कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि वह आसन को चुनौती नहीं दे रहे हैं, बल्कि चीन के साथ भारत के रिश्ते के बारे में बात रखना चाहते हैं। सदन में लगातार गतिरोध बने रहने पर बिरला ने लोकसभा की बैठक अपराह्न दो बजकर नौ मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा की बैठक पुन: शुरू होने पर नेता प्रतिपक्ष ने एक बार फिर इसी मुद्दे को रखने का प्रयास किया और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

## ब्रीफ न्यूज

### वायुसेना की सारंग हेलीकॉप्टर टीम सिंगापुर एयर शो में लेगी भाग

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की सारंग हेलीकॉप्टर टीम तीन से आठ फरवरी तक आयोजित होने वाले सिंगापुर एयर शो 2026 में भाग लेगी। सारंग एरोबैटिक टीम का गठन 2005 में किया गया था जिसमें पांच अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एएलएच ध्रुव मॉडल पर आधारित हैं।

### रुपया 44 पैसे बढ़कर 91.49 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** आम बजट 2026–27 पेश होने के एक दिन बाद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 44 पैसे के सुधार के साथ 91.49 पर बंद हुआ। रुपये में यह बढ़त मुख्य रूप से कच्चे तेल की ऊंची कीमतों में आई गिरावट के कारण देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आरबीआई 92 रुपये प्रति डॉलर के स्तर को बचाने के लिए पूरी मजबूती से सक्रिय नजर आया।

# महिला का अपहरण कर जबरन धर्म परिवर्तन कर किया निकाह

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

- विरोध करने पर गाली गलौज कर धमकी देने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने दूसरे समुदाय के युवक पर अपनी 20 वर्षीया पत्नी का अपहरण करने और जबरन धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट और विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन समेत कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि वह अनुसूचित जनजाति (थारू) समाज से है। उसकी 20 वर्षीय पत्नी को सिंगाही के मोहल्ला गुड़ मंडी वार्ड संख्या 9 निवासी इरफान तीन दिन पूर्व बहला-फुसलाकर जबरन धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बनाने के उद्देश्य से अपने साथ ले गया। पीड़ित के अनुसार पूरे प्रकरण में इरफान का भाई हनीफ और पिता नईम भी शामिल हैं। इरफान पहले से शादीशुदा है। जब उन्होंने आरोपी इरफान के घर जाकर पत्नी को वापस करने की बात कही तो आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्द कहते हुए मारपीट पर आमादा हो गए और गालियां देते हुए भगा दिया।

आरोप है कि 31 जनवरी को इरफान ने मैसेंजर आईडी के माध्यम से फोन कर जातिसूचक गालियां दीं और धमकी दी कि उसकी पत्नी का धर्म परिवर्तन कर निकाह कर लिया गया है। साथ ही शिकायत करने पर उसे और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी गई। इसकी जानकारी जब बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओं को हुई तो वह थाने पहुंचे और कड़ा विरोध जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर इरफान, उसके भाई और पिता के खिलाफ एससी एसटी एक्ट, विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पैराग्लाइडिंग



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में सोमवार को बर्फ से ढकी सोलांग घाटी में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग करते पर्यटक।

# आठ मेडिकल कॉलेजों में कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने राज्य के आठ स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यवाहक प्राचार्यों की नियुक्ति कर दी है। इन चिकित्सा महाविद्यालयों में निवर्तमान प्राचार्यों का निर्धारित तीन साल का कार्यकाल बीते 20 जनवरी को पूर्ण होने के बाद नए प्रशासनिक नेतृत्व को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिन महाविद्यालयों में कार्यवाहक प्राचार्यों की नियुक्ति की गई है, उनमें कानपुर देहात में उसी कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ.हरप्रीत सिंह, सोनभद्र में उप प्रधानाचार्य डॉ.आनंद कुमार, अमेठी में पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ.योगेश यादव , कुशीनगर में उप प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष गुप्ता शामिल हैं। इसके अलावा बुलंदशहर में जनरल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ.संजय कुमार मिश्र , गोंडा में बायोकेमिस्ट्री विभाग की डॉ.बीना सिंह, सुल्तानपुर में उप प्रधानाचार्य डॉ. प्रियांक वर्मा और बिजनौर में उप प्रधानाचार्य डॉ.तुहिन वशिष्ठ को भी वहीं का कार्यवाहक प्राचार्य बनाया गया है।

# सीबीआई ने साइबर वित्तीय अपराध के खिलाफ देशव्यापी कार्रवाई की, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यापक बहुराष्ट्रीय कार्रवाई के तहत 10 राज्यों के 35 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया

सीबीआई ने साइबर वित्तीय अपराधों पर व्यापक बहुराष्ट्रीय कार्रवाई के तहत देश में 35 स्थानों पर एक व्यापक तलाशी अभियान चलाने के बाद दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' नाम से यह कार्रवाई 30 जनवरी को अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय में शुरू की गई थी।

सीबीआई अधिकारियों ने दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित 10 राज्यों में 35 स्थानों पर तलाशी ली। इस अभियान के तहत देश में कई साइबर अपराध नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई की गई, जो अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड, सिंगापुर और भारत में लोगों को निशाना बनाते थे। सोमवार को सीबीआई ने बताया कि एजेंसी ने एक और अंतर्राष्ट्रीय साइबर वित्तीय अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो नयी दिल्ली, गाजियाबाद और कर्नाटक से संचालित हो रहा था।

### जाली कुवैती ई-वीजा व कई डिवाइस जब्त

यह नेटवर्क कुवैती ई–वीजा उपलब्ध कराने व पैसे के बदले कुवैत की प्रमुख कंपनियों में नौकरी दिलाने की आड़ में संचालित किया जा रहा था। अभियान के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन, कंप्यूटर हार्ड डिस्क जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए, जिनमें जाली कुवैती ई–वीजा और प्रमुख कंपनियों में काम करने के लिए नियुक्ति पत्र थे। 60 लाख नकद भी बरामद किए हैं।

# तीसरे दिन चांदी 52,000 टूटी सोना 12,800 रुपये कमजोर

नई दिल्ली, एजेंसी



चांदी की कीमतें लगातार तीसरे दिन तेजी से गिरीं। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में यह 52,000 रुपये टूटकर 2.60 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि कमजोर वैश्विक रुझानों और मजबूत डॉलर के बीच सोना टूटकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 52,000 रुपये, या लगभग 17 प्रतिशत टूटकर 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई।

शनिवार को, चांदी 19 प्रतिशत, या 72,500 रुपये गिरकर 3.12 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई थी। पिछले तीन सत्रों में, चांदी की कीमतें 1,44,500 रुपये, या लगभग 36 प्रतिशत गिरकर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे आ गई हैं। 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम का स्तर 29 जनवरी को दर्ज किया गया जो अब तक की सबसे ऊंची कीमत थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पर भी बिकवाली का असर पड़ा। सोमवार को यह 12,800 रुपये, या 7.73 प्रतिशत गिरकर 1,52,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया।

# कश्मीर में भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल 4.6 रहा

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में सोमवार तड़के 4.7 तीव्रता का भूकंप आया जिससे बारामूला जिले के पट्टन व आसपास के इलाकों में लोगों में दहशत फैल गई। किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप तड़के पांच बजकर 35 मिनट पर 10 किमी की गहराई में आया व इसका केंद्र पट्टन क्षेत्र में था, जो पर्यटक स्थल गुलमर्ग से 10 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है।

भूकंप के झटके करीब 20 सेकंड तक महसूस किए गए। कश्मीर घाटी एक अत्यंत सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा पिछले साल नवंबर में जारी राष्ट्रीय भूकंपीय जोखिम मानचित्र में कश्मीर समेत पूरे हिमालयी क्षेत्र को भूकंपीय जोन छह में रखा गया है।

**सुझाव** जाति दर्ज करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश

# जनगणना के प्रश्न सार्वजनिक करने पर विचार करे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने 2027 की सामान्य जनगणना में नागरिकों की जाति संबंधी आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से सोमवार को इन्कार कर दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र और भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय को जनहित याचिका में इस मुद्दे पर दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है।

शिक्षाविद् आकाश गोयल की ओर से दायर याचिका पर पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने कहा कि नागरिकों के जाति संबंधी विवरण को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले एक पारदर्शी प्रश्नपत्र को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि जाति संबंधी आंकड़ों की पहचान के लिए पहले से तय कोई आंकड़ा नहीं है। जनगणना की प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बनाए गए 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है जो प्रतिवादी प्राधिकारियों को जनगणना करने के विवरण और तौर-तरीके तय करने का अधिकार देते हैं।

सीजेआई ने कहा, हमारे पास इस बात पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है कि याचिकाकर्ता और ऐसे ही विचार रखने वाले कई और लोगों की ओर से जताई गई आशंका के मद्देनजर प्रतिवादी प्राधिकारी किसी भी तरह की गलती से बचने के लिए विशेषज्ञों की सहायता से मजबूत व्यवस्था विकसित कर चुके होंगे। हमें लगता है कि याचिकाकर्ता ने महापंजीयक को दिए गए प्रतिवेदन के जरिए कुछ प्रासंगिक मुद्दे भी उठाए हैं। पीठ ने कहा कि प्राधिकारी याचिका में उठाए गए सुझावों पर विचार कर सकते हैं।



### धर्मांतरण रोधी कानूनों के खिलाफ दाखिल याचिका पर केंद्र और 12 राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण रोधी कानूनों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली नेशनल काउंसिल ऑफ चर्चेज इन इंडिया (एनसीसीआई) की नई याचिका पर सोमवार को केंद्र के साथ राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश सहित 12 राज्यों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। एनसीसीआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा के जरिए दाखिल इस याचिका में धर्मांतरण रोधी कानूनों के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एनसीसीआई की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए नई जनहित याचिका को इसी मामले में दाखिल अन्य याचिकाओं के साथ संबद्ध करने का निर्देश देते हुए कहा कि तीन न्यायाधीशों की पीठ इन सभी पर एक साथ सुनवाई करेगी।

अमृत विचार

मुरादाबाद , मंगलवार,3 फरवरी 2026

मुरादाबाद मंडल

न्यूज ब्रीफ

## पशु वध करते दो गिरफ्तार, मांस व उपकरण बरामद



**टांडा, अमृत विचार :** टांडा पुलिस ने सोमवार को पशु का वध करते दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 1.42 क्विंटल मांस, जीवित पशु, वध के उपकरण और तीन मोटरसाइकिल बरामद की हैं। तीन अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। टांडा पुलिस ने गशत के दौरान सोमवार तड़के करीब 3 बजे मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर अवैध पशु वध करते हुए दो युवक मोहम्मद फैजान और अरशद को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन अन्य आरोपी फारुख, इरशाद और हाजी बाबू अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने मौके से लगभग 1 क्विंटल 42 किलोग्राम भैंस वंशीय मांस, एक जीवित पुश और वध करने उपकरण और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और मौके से 3 मोटरसाइकिल भी बरामद की।

## थिंक फास्ट, स्पीक स्मार्ट में बिना तैयारी के रखे विचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में 2 फरवरी को स्पॉन्टेनियस ओरशन प्रतियोगिता कराई गई। इसका उद्देश्य छात्रों में त्वरित निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास, तार्किक सोच एवं प्रभावी वक्तृत्व कौशल का विकास करना था। प्रतियोगिता की थीम थिंक फास्ट, स्पीक स्मार्ट रही, जिसके अंतर्गत प्रतिभागियों को बिना पूर्व तैयारी के विषय दिए गए। प्रतियोगिता में बीबीए छठें सेमेस्टर के छात्रों ने सीमित समय में अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समन्वयन शिक्षकों ने किया। टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अपने संवाद एवं अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

# घर में घुसकर दंपती को नशीला पदार्थ सुंघाकर 10 लाख की लूट

संवाददाता, स्वार

- भाई की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में नशीला पदार्थ सुंघाकर दंपती को बेहोश कर 10 लाख रुपये लूटने का मामला सामने आया है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव समोदिया निवासी नक्शे अली बैंक ऑफ बड़ौदा के बीसी प्वाइंट का संचालन करते हैं। 31 जनवरी को उनके घर में 10 लाख रुपये से भरा बैग रखा था। इसी दौरान गांव की ही रुबी पत्नी रजा अली पहुंची। उस समय नक्शे अली की पत्नी शायरा परवीन घरेलू कामकाज कर रही थीं। आरोप है कि रुबी ने दंपती को नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे दोनों बेहोश हो गए। इसके बाद वह घर में रखा 10 लाख रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गई। काफी देर तक फोन न उठने पर नक्शे अली के भाई हिब्जे अली घर पहुंचे। जहां दोनों को बेहोशी की हालत में पाया। उन्होंने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। होश में आने पर नक्शे अली ने घटना बताई। हिब्जे अली ने थाना अजीमनगर क्षेत्र के गांव खेमपुर निवासी रुबी के भाई राशिद, आसिफ, आरिफ पुत्र मोहम्मद अली सहित चार लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### रामपुर के इतिहासकार नफीस सिद्दीकी का निधन, रविवार देर रात ली आखिरी सांस

# नवाबों या खुशहाली की बातें जब भी सुनाते... वक्त को लग जाते पंख

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



नफीस सिद्दीकी।

**अमृत विचार :** रामपुर के वरिष्ठ इतिहासकार नफीस सिद्दीकी को रविवार देर रात दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वो 82 साल के थे, वह कई साल से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर सुनकर रामपुर शहर में शोक की लहर दौड़ गई।

लोगो ने बताया कि नवाबों की दास्तां हो या फिर इस शहर की खुशहाली की बातें। वह जब भी सुनाते वक्त पंख लगाकर उड़ जाता था। उन्होंने आकाशवाणी के लिए कई नाटक लिखे। इसके अलावा रामपुर का दरबार का संगीत एवं नवाबी रस्में, तारीख ए रूहेला

- रामपुर दरबार का संगीत, नवाबी रस्में और तारीखे रूहेला जैसी किताबें लिखीं

लिखी। इतिहासकार नफीस सिद्दीकी का जन्म 10 अक्टूबर 1944 को रामपुर में हुआ। पिछले करीब कई साल से बीमार थे, तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उन्होंने रविवार की देर रात आखिरी सांस ली। सोमवार को उन्हें आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। इससे पहले हुई नमाजे जनाजा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज रुहेलखंड चैप्टर के सह संयोजक काशिफ खां ने बताया कि नफीस सिद्दीकी को इतिहास के बारे में काफी जानकारी थी। इतिहास और संगीत पर पुस्तकों के अतिरिक्त उनके द्वारा लिखे गए ड्रामों के संग्रह 'खुसरो, 'दर्द के रिश्ते भी प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने कई धारावाहिक भी लिखे, जिनमें आवाज, एक और कहानी, खामोशी की आवाज, कभी धूप कभी छांव और यह तंग जमीन प्रमुख हैं। उन्होंने आकाशवाणी के लिए सर जमीने रुहेलखंड, मेरा पैगाम मोहब्बत है, वादी ए कदीशा और कहानी खंडहरों की शामिल है।

### नफीस सिद्दीकी के यह नाटक हुए बहुत लोकप्रिय

नेहर छूटा जाए, दो बूंद अमृत की, आखिरी शब के हमसफर, अजीजन, आस के सुर, जमीर की आवाज, लाजवंती, शीश महल और देवता। स्टेज प्ले और ओपेरा में भी उनका काफी दखल था। रजा लाइब्रेरी के निदेशक रहे डॉ. वकारुल हसन सिद्दीकी और आकाशवाणी की केंद्र निदेशक रहीं मंदीप कौर ने उनसे रामपुर के इतिहास और संस्कृति पर काफी काम कराया था। मंदीप कौर ने बताया कि उन्हें चीजों को बारीकी से समझने में महारत हासिल थी। रामपुर के जिलाधिकारी रहे और वर्तमान में मंडलायुक्त मुरादाबाद आन्जनेय कुमार सिंह ने रामपुर महोत्सव का आयोजन किया था। तब भी वह काफी सक्रिय रहे और नफीस सिद्दीकी को कई सम्मान से नवाजा गया।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें राजनीतिक दल

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में ली बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

- 6 मार्च को किया जाएगा निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वह विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करें। प्रारूप 6, प्रारूप 7 और प्रारूप 8 भरवाने को लिए उन्होंने विस्तार में जानकारी दी। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आपत्तियों की सुनवाई एवं नोटिस जारी करने सहित विभिन्न प्रक्रियाओं में सभी गंभीरता से निभाएं। उन्होंने बताया कि बिलारी, ठाकुरद्वारा, कुंदरकी और कांठ विधानसभा क्षेत्र में प्रारूप 6 भरवाने में तेजी लाएं। इसमें राजनीतिक दलों का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बीएलओ को अपने कार्यों में गंभीरता दिखानी है। बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 27 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण का कार्य चलेगा। 6 मार्च को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह। • अमृत विचार

## जिले में पांच वर्ष में घटे 155 तालाब, 700 तालाबों के पट्टे किए

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मत्स्य विभाग द्वारा जनपद में मछुआ जाति सहित अन्य लोगों के नाम 700 तालाबों के पट्टे किए गए हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में वर्तमान में 850 तालाब आंकड़ों में दर्ज हैं। हालांकि पिछले पांच वर्षों में 155 तालाब कम हो गए हैं। पांच वर्ष पूर्व जिले में कुल 1005 तालाब विभाग के रिकॉर्ड में थे।

सोमवार को जिला मत्स्य अधिकारी गणेश मिश्र ने बताया कि दो वर्ष पूर्व सरकार द्वारा मछली पालन को प्रोत्साहन देने के लिए प्रोत्साहन राशि बढ़ी है। इसके बाद इस क्षेत्र में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। इसका प्रभाव यह रहा कि इस वर्ष मछली पालन का कारोबार करने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है और पहले की तुलना में तालाबों के पट्टे कराने वालों की संख्या भी बढ़ी है। मत्स्य विभाग का मानना है कि सरकारी योजनाओं और आर्थिक सहायता से मछली पालन व्यवसाय को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

# सुप्रीम आदेश के 21 साल बाद भी नहीं हो रहा पालन

आबादी में भट्ठियां

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- आवासीय क्षेत्रों में भट्ठियों को बंद करने का 2004 में दिया था आदेश

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आवासीय क्षेत्रों के बीच संचालित औद्योगिक इकाइयों एवं पीतल गलाने वाली भट्ठियों को बंद कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के पूर्व के निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

सोमवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डी के गुप्ता ने बताया कि प्रदेश भर में महानगर के आवासीय इलाकों में स्थापित औद्योगिक इकाइयों एवं पीतल गलाने वाली भट्ठियों को बंद कराने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश हैं। 2004 में प्रदूषण की शिकायतों के बाद तत्कालीन मुख्य सचिव ने प्राधिकरण, नगर निगम एवं नगर पालिकाओं को ऐसी इकाइयों को बंद कराने के निर्देश दिए थे। न्यायालय के आदेशों के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को स्वयं सीधे की बजाय संबंधित निकायों को कार्रवाई को निर्देशित करने की व्यवस्था की गई थी। इसके बावजूद महानगर में चल रही पीतल गलाने वाली भट्ठियों को बंद कराने के लिए बोर्ड द्वारा पत्र लिखने के बाद भी प्राधिकरण, निगम और पालिका स्तर पर अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है।

### प्रशासनिक सहयोग मिलने पर ही कार्रवाई संभव

क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में किसी भी शिकायत पर पहले प्रदूषण फैलाने वाली इकाई की मौके पर फोटो ली जाती है, इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को प्रशासनिक व पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजा जाता है। प्रशासनिक सहयोग मिलने पर ही कार्रवाई संभव हो पाती है। पकड़ी गई अवैध इकाइयों एवं भट्ठियों को सील करने या ध्वस्त करने की कार्रवाई मजिस्ट्रेट स्तर से की जाती है।

# उत्तराखंड को मिला रिकॉर्ड 26 गुना अधिक रेल बजट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- उत्तराखंड में रेलवे के 39,491 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर
- मंडल रेल प्रबंधक ने पत्रकारों को दी बजट के बारे में जानकारी

**अमृत विचार :** रेल मंत्री ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से 1 फरवरी को संसद में पेश किए गए बजट के बारे में बताया। उनके बाद स्थानीय स्तर पर मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने पत्रकारों को बजट 2026-27 में रेलवे से संबंधित आवंटन व कार्यों के बारे में जानकारी दी।

मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनीता श्रीवास्तव ने मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बजट पर चर्चा कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में रेलवे के कुल 39,491 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर हैं। रेलबजट में उत्तराखंड को रिकॉर्ड (26 गुना अधिक रेल बजट) 4 हजार 769 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं। इस निवेश से पूरे राज्य में ट्रैकनिर्माण, स्टेशन पुनर्विकास और सुरक्षा सुधार के कार्य कराए जाएंगे। अमृत स्टेशन योजना में उत्तराखंड में 11 स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए चिह्नित किया गया है। वंदे भारत एक्सप्रेस की वर्तमान में 3 जोड़ी सेवाएं संचालित हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस की वर्तमान में 1 जोड़ी सेवाएं चल रही हैं। उत्तराखंड में रेलवे नेटवर्क में तेजी से विस्तार किया जा रहा है। 2014 से अब तक लगभग 76 किलोमीटर ट्रैक का निर्माण किया जा चुका है। राज्य ने 100% विद्युतीकरण हासिल कर लिया है, 2014 से अब तक 334 किलोमीटर रेल लाइनों का विद्युतीकरण हो चुका है। 106 फ्लाईओवर और अंडरपास का निर्माण किया गया है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर बहुत तेजी से काम चल रहा है।

## अटल आवासीय विद्यालय में 15 तक करें आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तहसील बिलारी में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में 140 सीट और कक्षा 9 में कुल 140 सीट हैं। इन पर प्रवेश की पहले अंतिम तारीख 31 जनवरी थी जिसे बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया गया है।

सहायक श्रमायुक्त अजीत कुमार ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी, सत्यापन 25, प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 26 से 28 की गई है। प्रवेश परीक्षा 8 मार्च को होगी और परिणाम 18 मार्च को घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग एवं ऑनबोर्डिंग 20 मार्च से 29 मार्च के मध्य होगी। सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल से होगी।

# वाहन की टक्कर से सड़क किनारे खड़े किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- लगन समारोह से लौटने के दौरान हुई सड़क दुर्घटना

**अमृत विचार :** थाना शाहबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भोरकी जदीद निवासी एक किसान की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब किसान लगन समारोह से वापस लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक मनोज।

ग्राम भोरकी जदीद निवासी मनोज कुमार (35 वर्ष) किसान थे। रविवार रात वह एक लगन समारोह में शामिल होने रामपुर आए थे। रात लगभग 10 बजे वह अन्य लोगों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर वापस गांव लौट रहे थे।रेवड़ी गांव के पास मनोज ने लघुशंका के लिए ट्रॉली रुकवाई। वह सड़क किनारे खड़े होकर पेशाव कर रहे थे, तभी अचानक पीछे से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनोज की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। साथ चल रहे लोगों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। अज्ञात वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो बेटे हैं, सबसे बड़ा 10 साल का है। पत्नी और परिवार के लोगों के आंखों से आंसू नहीं थम नहीं रहे हैं।

# जल जीवन मिशन में घोटाले का आरोप, आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (असली अराजनैतिक) संगठन ने जल शक्ति–जल जीवन मिशन योजना में मुरादाबाद मंडल में घर-घर जल आपूर्ति के कार्य में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. हरपाल सिंह ने मंडलायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर योजना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

किसान यूनियन का कहना है कि ठेकेदार कंपनी एमएसएनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा सरकार को दी गई रिपोर्ट में 91 से 98 प्रतिशत घरों में जलापूर्ति का दावा किया गया है जबकि हकीकत अलग है। यूनियन के अनुसार सैकड़ों गांवों में अभी तक पानी की टंकी का निर्माण शुरू नहीं हुआ है,



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। • अमृत विचार

- भाकियू अराजनैतिक असली ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंडलायुक्त कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

कई स्थानों पर टंकी अधूरी पड़ी हैं और वर्ष 2022 के बाद से कार्य रुका हुआ है।आरोप लगाया कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान गांवों की सड़कें तोड़ दी गईं, जिनकी मरम्मत अब तक नहीं कराई गई। कई गांवों में केवल पाइप लाइन डाली गई है, लेकिन पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मुरादाबाद मंडल में जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी कंपनियों व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 17 फरवरी तक जांच शुरू नहीं हुई, तो 18 फरवरी से मंडल स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं में एआई लागू करने की तैयारी, कम होगा डॉक्टरों पर बोझ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बीते माह लखनऊ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हुई कान्फ्रेंस के बाद स्वास्थ्य विभाग आधुनिक तकनीक के उपयोग की दिशा में आगे बढ़ने की तैयारी में है। चिकित्साधिकारियों के अनुसार कान्फ्रेंस में चिकित्सकीय सहायता प्रणाली, मरीजों की प्राथमिकता तय करने की व्यवस्था, रोग जांच की आधुनिक पद्धतियों व बोलकर कर लिखे विवरण तैयार करने वाली तकनीक पर से चर्चा हुई थी। इन तकनीकों के प्रयोग से चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्यभार कम करने पर जोर दिया गया।

डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि एआई आधारित चिकित्सकीय सहायता प्रणाली से डॉक्टरों को रोग की पहचान, उपचार संबंधी सुझाव और दवाओं की जानकारी तुरंत हो सकेगी। इससे इलाज प्रक्रिया अधिक सटीक होगी और मरीजों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। मरीजों की प्राथमिकता तय करने की प्रणाली के माध्यम से गंभीर रोगियों की पहचान जल्द की जा सकेगी, जिससे उन्हें तुरंत उपचार मिल सकेगा। इससे सरकारी अस्पतालों में बढ़ती अव्यवस्था को नियंत्रित करने में भी सहायता मिलेगी। एआई के माध्यम से एक्स-रे, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड व प्रयोगशाला जांच रिपोर्टों का विश्लेषण भी तेजी से किया जा सकेगा। इससे जांच में लगने वाला समय कम होगा और प्रारंभिक स्तर पर ही रोग की पहचान संभव हो सकेगी।

- एआई क्लीनिकल सपोर्ट सिस्टम से डॉक्टर बीमारी की पहचान के बाद तुरंत कर सकेंगे इलाज

### लिखित विवरण तैयार करने वाली तकनीक भी बनेगी उपयोगी

आवाज के माध्यम से लिखित विवरण तैयार करने वाली तकनीक को भी उपयोगी बताया गया। इससे चिकित्सक जांच के दौरान ही मरीज से संबंधित विवरण दर्ज कर सकेंगे। इससे कागजी कार्यवाही में समय की बचत होगी और डॉक्टर उपचार पर अधिक ध्यान दे पाएंगे। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों को लागू करने के लिए विभागीय स्तर पर चरणबद्ध योजना तैयार की जा रही है। प्रारंभिक स्तर पर चयनित सरकारी अस्पतालों पर इसका प्रयोग किया जाएगा। परिणामों के आधार पर पूरे जिले में इसे लागू करने की योजना है।

## उत्तराखंड की महिला प्रेमी के घर पहुंची, हंगामा

**बिलासपुर, अमृत विचार:** बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवक की 45 वर्षीय महिला से मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से बातचीत शुरू हुई। मामला प्रेम प्रसंग तक पहुंच गया। महिला का दावा है कि युवक ने उससे शादी का वादा किया था लेकिन अब वह मुकर गया। इसी से गुस्साई महिला युवक के घर पहुंच गई। युवक के परिजन के होश उड़ गए।

परिजनों ने विवाह से इंकार कर दिया। नाराज महिला ने युवक के घर जमकर हंगामा किया। पड़ोसियों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने किसी तरह महिला को शांत कराया। महिला अविवाहित है। देर शाम तक दोनों पक्षों में वार्ता का दौर जारी रहा। फिलहाल ग्रामीणों ने महिला को शांत कर उसे उत्तराखंड रवाना कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि उक्त घटना मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर कोई तहरीर प्राप्त होती है, तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सर्राफा बाजार

### भाव में नरमी आते ही बाजार में ऑर्डर की बुकिंग शुरू, कारोबारी खुश

# सोना-चांदी के भाव गिरने से बढ़ी बिक्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तीन दिनों में चांदी 1.40 लाख रुपये प्रति किलो गिरी, सहालग के लिए आभूषण की खरीदारी में तेजी

**अमृत विचार :** सोना और चांदी के दामों में आई तेज गिरावट से सराफा बाजार ने राहत की सांस ली है। भाव में नरमी आते ही बाजार में ऑर्डर की बुकिंग भी शुरू हो गई है। कारोबारियों को अब कीमतों में स्थिरता आने की उम्मीद जगी है, जिसका सीधा असर खरीदारी पर दिखने लगा है। सहालग के चलते शादी वाले घरों के लिए यह गिरावट बड़ी राहत साबित हो रही है।

पिछले तीन दिनों में चांदी के भाव में करीब 1.40 लाख रुपये प्रति किलो तक की गिरावट दर्ज की गई है। बीते शुक्रवार को एमसीएक्स पर चांदी का भाव 4.15 लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया था, जो रविवार को घटकर 2.65 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गया। इसी तरह सोने के भाव भी नीचे आए हैं। हाल ही में सोना 1.90 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया था, जो अब घटकर करीब 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है।

भाव में आई इस गिरावट का असर शहर के प्रमुख सराफा बाजार गंज, गुरहट्टी, मंडी चौक समेत अन्य बाजार में नजर आ रहा है। बीते कुछ दिनों से ऊंचे दामों के कारण बाजार में सन्नाटा था, लेकिन अब ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। खासकर चांदी के आभूषणों और बर्तनों की पूछ बढ़ी है, क्योंकि ऊंचे दामों से मध्यम वर्गीय परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे थे। सहालग के चलते सोना-चांदी की खरीदारी में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। कीमतें नीचे आने के बाद शादी वाले घरों में जरूरी आभूषणों की खरीद फिर से शुरू हो गई है। ग्राहक अब ऑर्डर देकर डिजाइन पसंद कर रहे हैं, जिससे कारीगरों के काम में भी तेजी आई है।



सर्राफा की एक दुकान में कंगन। • अमृत विचार

> भाव में आई गिरावट से बाजार को कुछ राहत मिली है। बीते कुछ समय से ऊंचे दामों के कारण ग्राहक खरीदारी टाल रहे थे, लेकिन अब फिर से ऑर्डर आने लगे हैं। अगर भाव इसी तरह स्थिर रहे तो सहालग में कारोबार अच्छा रहने की उम्मीद है।
>
> – नीरज अग्रवाल, अध्यक्ष, बाजार गंज सराफा कमेटी

> चांदी के दाम बहुत ज्यादा बढ़ने से मध्यम वर्ग की खरीदारी लगभग ठप हो गई थी। अब कीमतें कम हुई हैं तो ग्राहक दुकानों पर पहुंचने लगे हैं। खासकर शादी-विवाह से जुड़े आभूषणों की पूछताछ के लिए आ रहे हैं। हालांकि, जरूरी है कि ग्राहक सूझबूझकर निवेश करें।
>
> **–दीपांशु अग्रवाल,** सराफा कारोबारी

## शहर में आज

- बेसिक शिक्षा विभाग की नगर क्षेत्र की क्रीड़ा प्रतियोगिता जूनियर हाईस्कूल मऊ में सुबह 10 :00 बजे
- श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति की ओर से कथा एवरग्रीन कंपाउंड में शाम 4 :00 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### आईएफटीएम में 4000 से अधिक कंबल वितरित

**मुरादाबाद, अमृत विचार** :आईएफटीएम विवि में ठंड को देखते हुए कर्मचारियों एवं आसपास के ग्रामों के जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलाधिपति राजीव कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने 4000 से अधिक कंबलों का वितरण किया। कुलाधिपति ने कहा कि सभी कर्मचारी परिवार के सदस्य हैं और उनके सुख-दु:ख में साथ खड़ा रहना संस्थान का दायित्व है। इस दौरान कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, प्रतिकुलपति (एक्सटर्नल अफेयर्स) डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति (एकेडमिक्स एवं एडमिनिस्ट्रेशन) डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति (रिसर्च एवं डेवलपमेंट) डॉ. नवनीत वर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्र सहित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### जन औषधि केंद्रों पर दवाओं की कमी

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत संचालित जन औषधि केंद्रों पर इन दिनों दवाओं की कमी है। कई आवश्यक दवाएं उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को बाहर से महंगी दवाएं खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। केंद्रों पर पहुंचने वाले मरीज खाली हाथ लौट रहे हैं। संचालकों का कहना है कि समय पर आपूर्ति नहीं हो पा रही है। दवाओं की कमी से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर बढ़ता दबाव

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : तेज रफ्तार जिंदगी, बेरोजगारी और पारिवारिक तनाव के कारण लोगों में मानसिक दबाव बढ़ता जा रहा है। खासकर युवा और कामकाजी वर्ग तनाव, अनिद्रा और अवसाद की समस्या से जूझ रहा है। डॉक्टर का कहना है कि समय पर परामर्श न मिलने से स्थिति गंभीर हो सकती है। ऐसे में परिवार में इस तरह की लक्षण दिखने पर तुरंत परिजन जांच कराएं। लोगों का मानना है कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और जागरुकता अभियानों को मजबूत करने की जरूरत है।

### हिंदू सम्मेलन आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : लाजपत नगर स्थित रामलीला मैदान में मंगलवार को हिंदू सम्मेलन समिति की ओर से विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को बैठक कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर विचार करना है। विभिन्न संत-महात्मा, समाजसेवी एवं वक्ता विचार रखेंगे। बड़ी संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की गई है। वहीं, सुरक्षा व यातायात को लेकर प्रशासन से समन्वय किया गया।

### दिन में जल रहीं लाइट

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : शहर के कई इलाकों में दिन के समय भी स्ट्रीट लाइट जलती रहती हैं। इससे बिजली की अनावश्यक खपत हो रही है और सरकारी धन की बर्बादी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सेंसर और निगरानी के अभाव में यह स्थिति बनी हुई है। शिकायतों के बावजूद समय पर सुधार नहीं हो पा रहा है। लोगों ने नगर निगम से व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

# भाकियू (शंकर) की चेतावनी, 9 को कलेक्ट्रेट पर करेंगे आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **परम सिंह फौजी मंडल उपाध्यक्ष सुरेश बिश्नोई बने जिला उपाध्यक्ष**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) की समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष राहुल कुमार के कैंप कार्यालय में हुई। अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान 8 फरवरी तक नहीं किया गया, तो 9 को कलेक्ट्रेट पर किसान क्रांति आंदोलन किया जाएगा। आरोप लगाया कि चकबंदी विभाग में लूट हो रही है। गांवों में पशुओं के आतंक से किसान खेतों में पहरा देने को मजबूर हैं। तेंदुए से जान-माल दोनों खतरे में हैं। बजट में घोषणा के बावजूद केसीसी खातों में 5 लाख रुपये की लिमिट लागू नहीं की गई है और बैंक मनमानी कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को उपज का उचित मूल्य न मिलने, बिजली विभाग की मनमानी पर नाराजगी जताई। परम सिंह फौजी को मंडल उपाध्यक्ष तथा सुरेश बिश्नोई को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। निर्णय लिया गया कि संगठन के मुख्य पदाधिकारी 12 फरवरी को जम्मू रवाना होंगे, जहां तीन दिवसीय चिंतन शिविर होगा।

बैठक में तेजपाल सिंह, सत्यवीर सिंह, अंकित चौधरी, कैप्टन वीर सिंह चौहान, राजपाल सैनी, चौधरी धर्मवीर सिंह, चौधरी नेमपाल सिंह, चौधरी प्रताप मौर्य, नरेंद्र नाथ, राहुल यादव, डॉ. गौतम मान, रवि पप्पू, रामनिवास, नरेश खारी आदि मौजूद रहे।

## शेयर बाजार को झटका, कई निर्यातकों ने जताई बजट को लेकर मायूसी

# खर्च कम, आय बढ़ाने पर जोर...स्वागत तो कहीं छाई निराशा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **बजट में महंगाई नियंत्रण के ठोस उपाय न होने से मध्यम व गरीब वर्ग निराश**
- **आयकर विशेषज्ञ बोले, जब महंगाई पर नियंत्रण नहीं होगा तो खर्च कैसे कम होगा**

**अमृत विचार :** केंद्रीय बजट में कई प्रावधानों का जहां लोगों ने स्वागत किया है। वहीं महंगाई पर नियंत्रण के लिए कोई उपाय न होने से मध्यम व गरीब वर्ग को निराशा हाथ लगी है।

सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा न होने और आयकर के स्लैब में आठवें वेतन को देखते हुए बढ़ोत्तरी न करने पर नाराजगी जताई है।


वहीं आयकर विशेषज्ञों का कहना है कि बजट में खर्च कम और आय बढ़ाने पर जोर दिया गया है। लेकिन जब महंगाई पर नियंत्रण नहीं होगा तो खर्च कैसे कम होगा इस पर भी सरकार को विचार करना चाहिए था। हस्तशिल्प उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए ठोस कदम न उठाने से मुरादाबाद के निर्यातकों के चेहरे पर उदासी है। उद्यमियों ने बजट को औसत बताया है। बजट के बाद किसान भी निराश दिखे।



इस बार का बजट औसत है। इसमें टेक्सटाइल के लिए तो कुछ दिया गया है लेकिन हैंडीक्राफ्ट, ब्रास के क्षेत्र में शुरुआत में खास उपाय नहीं दिख रहे हैं। बजट के प्रावधानों का विस्तृत अध्ययन करने के बाद ही सभी बातें स्पष्ट होंगी। हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र के निर्यातकों के लिए स्पष्ट रूप से विशेष नहीं दिया गया है। – विशाल अग्रवाल, नेशनल चेयरमैन यस



ग्रामीण भारत के लिए अब तक का सबसे व्यापक, संतुलित और दूरदर्शी बजट है। 53 लाख करोड़ के कुल केंद्रीय बजट में से 15 लाख करोड़ से अधिक राशि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण विकास, कृषि, किसान, मजदूर और ग्रामीण महिलाओं के कल्याण पर खर्च की जा रही है, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है– रचित गुप्ता



बजट कर्मचारी हित में निराशाजनक है। पुरानी पेंशन की घोषणा नहीं की गई। कर्मचारी 7वें वेतन आयोग की रिपोर्ट के अनुरूप 50% महंगाई भत्ते को मूल वेतन में विलय की घोषणा का भी इंतजार कर रहे थे लेकिन इंतजार खत्म नहीं हुआ। संविदा प्रथा और ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने के स्थान पर बढ़ावा दिया जा रहा है, स्थाई रोजगार सृजन ना होने से तकनीकी योग्यता धारक लोगों को अल्प वेतन और भविष्य की असुरक्षा के बीच कार्य करना पड़ रहा है जो कष्टदायक है। देश को वैश्विक बायोफॉर्मा निर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए बायोफॉर्मा शक्ति बनाया जाने की घोषणा स्वागत योग्य है। – हेमंत चौधरी, मंडलीय सचिव, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन



सरकार ने बजट में अपने खर्च कम करने तथा आय बढ़ाने पर अधिक ध्यान दिया है शेयर बाजार के ट्रेडर्स के लिए बजट में झटका लगा है। सरकार ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस पर सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स बढ़ा दिया है बजट में विदेश यात्रा के पैकेज पर लगने वाले टीसीएस की दरों में कटौती हुई है। अभी तक विदेश यात्रा के पैकेज पर 5% और 20% की ऊंची दरों से टीसीएस देना पड़ता था, जिसे अब घटाकर सिर्फ 2% कर दिया गया है। –गौरव गुप्ता, टैक्स मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता

# नियम तोड़ने पर गिरी गाज: 29,600 का चालान, वसूले 13 लाख 77 हजार

## यातायात माह में संभागीय परिवहन विभाग ने 2638 वाहनों का किया चालान

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- **ओवर स्पीड और ओवरलोड में 150 छोटे-बड़े वाहन सीज**

**अमृत विचार :** यातायात माह के दौरान संभागीय परिवहन विभाग की ओर 2638 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं यातायात पुलिस ने 29,600 छोटे बड़े वाहनों का चालान काटकर 13 लाख 77 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला है।

सोमवार को एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि यातायात माह में एक जनवरी से 31 जनवरी तक जिले में 70 प्वाइंट पर 29,600 वाहनों का चालान किया गया। उन्होंने बताया कि चालान भुगतान के रूप में 13,77,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। वहीं संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन संदीप पंकज ने बताया कि यातायात माह में एआरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल और पीटीओ नरेंद्र सिंह छावड़ा की टीम ने 2638 वाहनों के चालान काटे हैं। ओवर स्पीड और ओवरलोड 150 छोटे बड़े वाहनों को सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वह यातायात नियमों का पालन करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

### 1 से 31 जनवरी तक की गई कार्रवाई

| | |
|---|---|
| बिना हेलमेट के चालान | 934 |
| बिना सीट बेल्ट के चालान | 443 |
| मोबाइल फोन पर बात करने में चालान | 260 |
| शराब पीकर गाड़ी चलाने में | 13 |
| रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने पर चालान | 147 |
| नो पार्किंग में | 72 |
| ओवरलोडिंग में-955 वाहनों के चालान काटे गए। | |

### ट्रैफिक पुलिस द्वारा काटे गए 29, 600 चालान

| | |
|---|---|
| बस | 276 |
| ई रिक्शा | 970 |
| ट्रक और डंपर | 1286 |
| बाइक और स्कूटी | 2157 |
| कार | 1790 |
| ऑटो रिक्शा | 2167 |

### यातायात पुलिस को दिया गया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार** :पुलिस अधीक्षक (यातायात) के निर्देशन में शनिवार को थाना सिविल लाइंस, मझोला, मूंढापांडे, बिलारी एवं ठाकुरद्वारा के क्रिटिकल कॉरिडोर प्रभारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नामित चिकित्सकीय टीम के डॉ आरके सिंह एवं सचिन (फार्मासिस्ट) ने हादसे में घायल व्यक्ति को प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान क्रिटिकल कॉरिडोर प्रभारियों को शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार कार्य करने और फर्स्ट एड किट के माध्यम से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कार्यशाला का उद्देश्य दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित राहत, यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बना रहा। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि अभी फिलहाल पांच थानों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके सभी थानों में सड़क दुर्घटना नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे। जिसमें एक दरोगा चार सिपाही रहेंगे।

## जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने को गोष्ठी, 13 तक चलेगा खोजी अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त करने के उद्देश्य से 30 जनवरी से कुष्ठ रोग खोजी एवं जागरुकता अभियान की शुरुआत की गई है, जो 13 फरवरी तक चलेगा

अभियान के नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस जागरुकता पखवाड़े के दौरान गोष्ठियां और जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव और इलाज की जानकारी दी जा रही है। बताया कि कुष्ठ रोग कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है और समय रहते पहचान व उपचार होने पर इससे पूरी तरह बचाव संभव है। अभियान के दौरान लक्षण दिखने पर निःशुल्क जांच कराई जाएगी। भ्रांतियों के कारण लोग अक्सर इलाज में देर कर देते हैं, जिससे दिव्यांगता का खतरा बढ़ जाता है। समय से इलाज शुरू होने पर रोग पूरी तरह ठीक हो जाता है और व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। वर्तमान में जिले में 140 कुष्ठ रोगियों का इलाज चल रहा है।

**कुष्ठ रोग के लक्षण:** त्वचा पर सफेद या तांबे रंग दाग-धब्बे होना, इसके आसपास सुन्नपन महसूस होना, हाथ पैर में संवेदनहीनता, कमजोरी या नसें मोटी होना, चेहरे या कान पर उभरी गांठ

# नीदरलैंड में एक्सपो बाजार के नये शोरूम का उद्घाटन



नीदरलैंड में मौजूद डॉ. नीरज खन्ना, अवधेश अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **भारत ईयू एफटीए समझौते के बाद बड़ी उपलब्धि**

**अमृत विचार:** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) एक्सपो बाजार ने सोमवार को टीआईसीए वेनलो नीदरलैंड में अपना पहला एक्सपो बाजार शुरू किया। वेनलो में स्थित यूरोप के प्रमुख बी2बी लाइफस्टाइल एवं इंटीरियर परचेजिंग सेंटर में से एक है। मदर आफ डील्स भारत ईयू एफटीए समझौते के बाद यह बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

इस दौरान ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना, ईपीसीएच के मुख्य संरक्षक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, टीआईसीए पीडब्ल्यू मार्केट के मालिक मार्टिन क्लिट्यूर, राबर्ट सेगर्स, ईपीसीएच के मुख्य संयोजक अवधेश अग्रवाल, ईपीसीएच के प्रशासनिक समिति के सदस्य रवि के. पासी, कार्यकारी निदेशक राजेश रावत आदि मौजूद रहे। डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि एक्सपो बाजार शोरूम भारत ईयू हस्तशिल्प व्यापार के लिए एक नये अध्याय की शुरुआत है।

अवधेश अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक अब ऐसे अनोखे हस्तनिर्मित उत्पादों की तलाश कर रहे हैं जो न केवल जगह को बेहतर बनाएंगे, बल्कि कला कौशल व सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करेंगे।

# 27 को निकलेगी रंग एकादशी शोभायात्रा आठ झांकियां बनेंगी आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- **बैठक में शोभायात्रा का मार्ग व स्वरूप तय, बैंड बढ़ाएंगे शोभा**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पर्व होली समिति (रंग एकादशी शोभायात्रा) की बैठक सोमवार को टीडीआई सिटी स्थित संरक्षक आजाद कुमार टंडन के आवास पर हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 88वीं रंग एकादशी शोभायात्रा 27 फरवरी को निकाली जाएगी।

समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार टंडन ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा को और भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इसमें आठ आकर्षक झांकियां, छह ढोल, दो बैंड और चार घोड़ों पर सवार पारंपरिक स्वरूप शामिल होंगे, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। शोभायात्रा की शुरुआत बाजीगरान स्थित खत्री धर्मशाला से दोपहर दो बजे होगी। शोभायात्रा मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखा पुल, गंज गुरहट्टी चौराहा, ताड़ीखाना चौराहा होते हुए बुध बाजार पुलिस चौकी पर संपन्न होगी। बैठक में व्यवस्थाओं, सुरक्षा, स्वच्छता व जनसहयोग पर भी चर्चा की गई। समिति ने नगर प्रशासन व पुलिस विभाग से आवश्यक सहयोग की अपेक्षा जताई, ताकि शोभायात्रा शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। संचालन महामंत्री रवि मेहरोत्रा ने किया। बैठक में विजय कुमार टंडन, मुकेश टंडन, संजीव टंडन, कृष्ण मुरारी त्रिपाठी, गोपाल टंडन, राजेंद्र कुमार टंडन, हर्षित अरोड़ा, शिवम टंडन, दिनेश कपूर, जगदंबा प्रसाद शर्मा, राजीव टंडन, सुधीर पाठक समेत कई लोग मौजूद रहे।



राष्ट्रीय पर्व होली समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन से भय, रोग से मिलती है मुक्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **पीतांबरा बगलामुखी देवी महायज्ञ में महाकाल महामृत्युंजय यज्ञ में शामिल हुए श्रद्धालु**

**अमृत विचार :** पीतांबरा बगलामुखी देवी महायज्ञ और श्री शिव कथा महोत्सव के चौथे दिन सोमवार सुबह के सत्र में महाकाल महामृत्युंजय यज्ञ का हुआ। आचार्य उत्तम पांडे, यश पांडे और तेजनारायण मिश्र ने अनुष्ठान कराया। वैदिक मंत्रोच्चार से परिसर शिवमय हो उठा। इसमें मुख्य यजमान राजेश सक्सेना, ममता सक्सेना, केके गुप्ता, प्रभा गुप्ता, अमित अग्रवाल, अशोक यादव, शैलेंद्र गुप्ता, अरुण त्यागी एवं करणवीर सिंह रहे।

शाम के सत्र में शुक्रतीर्थ से आए कथावाचक आशीष माधव ने द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, काशी विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, बैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वरम और घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंगों के दर्शन से भक्तों को भय, रोग, दोष और पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा के बाद गायत्री ट्रस्ट द्वारा दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित किए। फूलों की होली में भक्त भक्ति और उल्लास में झूम उठे। प्रसाद व्यवस्था शोभित सक्सेना, मुकेश त्यागी व अंशुल सिंघल ने संभाली। इस मौके पर प्रिया अग्रवाल, सुधीर श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल मल्लू, दिनेश अग्रवाल, वरुण, नरेश सक्सेना, विकास ममगाईं, मुकेश कौशिक, विपिन अग्रवाल, अनिता श्रीवास्तव व सुमन सक्सेना आदि रहे।



एवरग्रीन कंपाउंड में यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



शिव कथा में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# कुष्ठ रोग के खात्मे के लिए जागरुकता व जानकारी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **फल मंडी में कुष्ठ रोग को लेकर लोगों को दी गई जानकारी**

**अमृत विचार:** स्पर्श कुष्ठ जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ पखवाड़े के क्रम में सोमवार को फल मंडी मझोला में फल मंडी एसोसिएशन के सहयोग से कुष्ठ जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

फल मंडी अध्यक्ष हाजी मो. जिकरान ने कहा कि रोग के खात्मे के लिए जागरुकता व जानकारी बहुत आवश्यक है। अगर लोग रोग के प्रति जागरूक हो जाए तो सही समय पर रोगियों को खोज कर उनका इलाज कराया जा सकेगा और उन्हें विकलांगता से बचा पाएंगे। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने कहा कि कुष्ठ रोगी को देखकर उससे एवं उसके परिवार से दूर भागने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि जरूरत है कि आगे आकर ऐसे रोगी का समय रहते इलाज कराया जाए। इलाज में देरी के कारण शरीर में विकृतियां आती हैं जिससे समाज में उसके प्रति भेदभाव उत्पन्न होता है। अगर किसी को कुष्ठ की वजह से विकलांगता हो गई है तो ऐसे व्यक्ति का निःशुल्क ऑपरेशन सरकार की तरफ से होता है। मंडी में उपस्थित फल विक्रेताओं, पल्लेदारों एवं अन्य उपस्थित जनता ने जिला कुष्ठ परामर्शदाता से रोग के संबंध में प्रश्न पूछे, जिसका उत्तर उन्हें विभिन्न चित्रों और उदाहरणों के माध्यम से दिया गया। इस अवसर पर 50 लोगों की जांच की गई, जिसमें से एक व्यक्ति में रोग की पुष्टि हुई। इस अवसर पर पीएमडब्ल्यू रवि भारती समेत फल मंडी के विक्रेता आदि उपस्थित रहे।

अनदेखी

## सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं, चंद महीनों में ही गड्ढे में तब्दील हो रही सड़कें

# छह महीने में टूटा पैच, गड्ढों में हिचकोले खा रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **महानगर के अंदरूनी सड़कों के अलावा मुख्य मार्ग भी कई जगह टूटी है**

**अमृत विचार:** महानगर में गड्ढामुक्त सड़क अब कागजी रह गया है। कई सड़कों के गड्ढे भरने के लिए पैच कराया गया। जो छह महीने में ही उखड़ जाने से सड़क पुराने रंग में आ गई। इन सड़कों के गड्ढों में हिचकोले खाते हुए वाहन चल रहे हैं। इससे हादसे की आशंका बढ़ गई है।

मुख्य मार्गों के अलावा महानगर की कई पॉश कॉलोनियों की सड़कें पैच कार्य के छह महीने बाद ही गड्ढों में तब्दील हो गए हैं। आशियाना फेज 1 व 2 के अलावा रामगंगा विहार, बुद्धि विहार व कई अन्य कॉलोनियों में भी सड़कों में गड्ढे हो गए हैं। तीन दिन पूर्व हुई बारिश का पानी गड्ढों में भरने से कई वाहन असंतुलित हो गए। स्कूली वाहन भी फंसे। बच्चों के साथ हादसा होने से किसी तरह बच गया। आशियाना कॉलोनी की सड़कों की पैच मरम्मत छह महीने पहले की कराए गए थे लेकिन सामग्री की गुणवत्ता नही थी। जबकि इस मुख्य मार्ग पर कई निजी क्लीनिक व नर्सिंग होम, शिक्षण संस्था व बैंक्वेट हाल भी हैं। जिसके चलते प्रतिदिन कई हजार लोगों की आवाजाही के साथ ही मरीजों को लेकर एंबुलेंस भी आते जाते हैं। सड़क टूटने से मरीजों का दर्द और बढ़ रहा है। इसके अलावा एमडीए की कई अन्य कॉलोनियों में भी सड़कें खस्ताहाल है। परेशान नागरिक व्यवस्था से खिन्न हैं।



टूटी सड़क से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

### मुरादाबाद-हरिद्वार हाईवे भी कई जगह धंसा

मुरादाबाद-हरिद्वार हाईवे भी कई जगह धंस गया है। जिससे वाहन असंतुलित हो रहे हैं। विकास भवन के समीप मुख्य मार्ग कई जगह धंसने से इस रोड से उत्तराखंड के हरिद्वार देहरादून तक जाने वाले वाहन हिचकोले खाकर गुजर रहे हैं। वहीं सिविल लाइंस स्थित अटल पथ की सड़क भी कई जगह धंस गई है। वाहन इन गड्ढों में लहरा रहे हैं।

# छह वितरण खंडों से 50 करोड़ 33 लाख बकाया जमा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **राहत बिल योजना में 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक एकत्र हुई राशि**

**अमृत विचार:** बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही राहत बिल योजना अभियान के दौरान 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक शहर और देहात के छह वितरण खंडों के एक लाख 5 हजार उपभोक्ताओं में से 53,600 उपभोक्ताओं ने 50 करोड़ 33 रुपये का बकाया जमा कराया। सोमवार से द्वितीय चरण में मिलने वाली छूट की दरें कम कर दी गई।

मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि अभियान के तहत जनपद में बिजली विभाग के 650 विद्युत केंद्रों एवं उप-केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए गए थे। शिविरों में शहरी क्षेत्र तीनों वितरण खंडों पर 1044 उपभोक्ताओं एक करोड़ 55 लाख बकाया था। जिसमें 627 उपभोक्ताओं ने 33 लाख की बकाया बिल की धनराशि जमा कराई है। वही देहात के तीन वितरण खंडों पर एक लाख चार हजार 458 उपभोक्ताओं पर एक सौ 33 करोड़ पांच लाख का बकाया था। जिसमें 53 हजार 90 उपभोक्ताओं ने 50 करोड़ रुपये का बकाया जमा कराया है। उन्होंने बताया कि शिविरों में मौजूद एसडीओ द्वारा उपभोक्ताओं की अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं का भी समाधान किया गया। जेई एवं एसएसओ बकायेदार उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर उनसे बकाया राशि जमा करने की अपील करेंगे। अधीक्षण अभियंता को अधिशासी अभियंता द्वारा जमा राशि के आंकड़े और शिकायतों के समाधान का विवरण भी दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षकों के लिए कैशलेस योजना का स्वागत

**कांठ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट प्राथमिक संवर्ग मुरादाबाद के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव ने शिक्षकों को कैशलेस



चिकित्सा की सौगात देने का स्वागत किया है। गौरव यादव ने कहा कि सरकार का यह कदम सराहनीय है। पूर्व में भी इस योजना के लिए आदेश आए थे लेकिन वह शिक्षक हित में नहीं था। कैशलेस इलाज के दायरे में शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों को भी रखा गया है जो बेहतर कदम है।

### पिंजरे के आसपास भी नहीं आया तेंदुआ

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में घूम रहे थे तेंदुए ने 3 दिन पूर्व एक बछड़े को निवाला बना लिया था। डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्ला गांव में पिंजरा लगाया गया था लेकिन तेंदुआ दोबारा दिखाई नहीं दिया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को ग्राम पैगंबरपुर से ग्राम वासियों की सूचना प्राप्त हुई है कि कई दिन से तेंदुआ चक्कर काट रहा है और कई बार कुत्तों पर भी हमला कर चुका है। यदि आवश्यकता पड़ी तो पिंजरा शुक्ला गांव से हटाकर पैगंबरपुर में लगाया जाएगा।

# समस्याओं के समाधान को एसडीएम से मिले किसान

## ज्ञापन दिया: गन्ना, बिजली, सफाई समेत कई समस्याएं उठाईं

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े किसानों ने अपनी ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक 14 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम कांठ को दिया। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं को अविलंब समाधान करने की मांग की गई है।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह की अगुवाई में किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम से मिला और 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जमीन की संरचना के अनुसार गन्ना बीज बोने, मिलों द्वारा स्वीकृत गन्नान प्रजाति को बोने से न रोकने, दो और तोल मोड जोड़े जाने, गन्ना किसान को अगैती बीज समय से उपलब्ध कराये जाने, कांठ में बच्चों के स्कूल आने-जाने के समय गन्ना ट्रकों का संचालन बंद करने, कांवड़ पथ पर सड़क के दोनों और शिवरात्र पर कूड़ा डालने से रोकने, विद्युत आपूर्ति शेड्यूल के अनुसार दिए जाने, स्मार्ट मीटर लगाने में उपभोक्ताओं पर दबाव नहीं बनाने, विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार रोके जाने, कांठ हरिद्वार मार्ग पर अधर में लटका सड़क चौड़ीकरण तुरंत कराए जाने, आदि मांगें की गईं।



एसडीएम से चर्चा करते भाकियू कार्यकर्ता। • अमृत विचार

- सभी समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की
- एसडीएम ने दिया निराकरण का आश्वासन

भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने प्रत्येक बिंदु पर गंभीरता से विचार करते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की। एसडीएम ने भारतीय किसान यूनियन को उनकी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरदीप सिंह बिश्नोई, अरविंद बिश्नोई, महिपाल सिंह, बलराज सिंह, भविष्य बिश्नोई, पंकज कुमार, नंदकिशोर सिंह, पवन सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 10 लाख रुपये व बोलेरो के लिए विवाहिता का उत्पीड़न

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** 10 लाख रुपए व एक बोलेरो कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट और गला घोंटकर हत्या के प्रयास का आरोप ससुरालियों पर लगाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र की पुलिस चौकी सूरजन नगर क्षेत्र के ग्राम टाण्डा अफजल निवासी आकांक्षा रानी पुत्री हरपाल सिंह ने तहरीर में बताया कि उसका विवाह 4 जुलाई 2025 को ग्राम दूल्हापुर अमानताबाद निवासी दीपक कुमार पुत्र शिवपाल सिंह के साथ हुआ था। पति दीपक कुमार व अन्य ससुराली एक बोलेरो कार व 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया तथा कई बार मारपीट भी की गई।

इस मामले की थाने में शिकायत भी की, जिससे ससुराल पक्ष रंजिश रखने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। 15 जनवरी 2026 को ससुरालियों ने मारपीट की और उसका गला घोंट कर हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# तहसीलदार के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन जारी



प्रदर्शन करते अधिवक्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसीलदार के खिलाफ चल रहा वकीलों का प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। उन्होंने तहसील में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और अपनी मांग को दोबारा से दोहराया।

अधिवक्ता पिछले कई दिनों से तहसीलदार कोर्ट के न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किए हुए हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसीलदार का व्यवहार उनके प्रति ठीक नहीं है। जब तक उनका स्थानांतरण नहीं होगा, तब तक कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर नारेबाजी और प्रदर्शन के दौरान तहसील

- तहसील में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव दीपक विश्नोई, पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व महासचिव चौधरी चरन सिंह ढाका, भूप्रकाश सिंह, हरपाल सिंह, सलमान खान, बृजपाल सिंह, कमल विश्नोई, कपिल विश्नोई, वैभव विश्नोई, शुभम विश्नोई, नन्हें खां, नाजिम सैफी, चरन सिंह, मोहम्मद वकील अहमद, शहजाद रफी, दीप बिश्नोई, डॉ. विनीत नैन, लक्ष्मण सिंह, संजीव कुमार विश्नोई, पुष्पेंद्र धामा, यशवीर सिंह, प्रदीप कुमार, जीनत परवीन, चरन सिंह देशवाल आदि अधिवक्ता रहे।

## रोडवेज परिचालक ने फौजी से की मारपीट, केस दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा से रोडवेज बस से मुरादाबाद जा रहे भारत तिब्बत सीमा पुलिस के जवान महेंद्र सिंह के साथ रोडवेज के परिचालक ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान यात्रियों के साथ भी दुर्व्यवहार किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

थाना ठाकुरद्वारा के गांव मुड़िया खेड़ा निवासी महेन्द्र सिंह भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में हैं। सोमवार को रोडवेज बस से मुरादाबाद जा रहे थे। फौजी का कहना है कि रोडवेज बस के परिचालक उत्तराखंड के गांव संडासीबाला निवासी अजय राजपूत ने भोजपुर थाने से पहले गांव धारक नगला के निकट दुर्व्यवहार किया। विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान परिचालक ने अन्य यात्रियों के साथ भी बदसलूकी और गाली गलौज की। यात्री भी फौजी के साथ थाने पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर परिचालक अजय राजपूत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भवसागर को पार करने के लिए धर्म को बनाएं अपना सारथी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सत्संग में बाबा फुलसन्दे वाले ने कहा यह मनुष्य का शरीर पाप और पुण्य का रथ है जिस पर ज्योति स्वरूप यह आत्मा सवार है। जिस मनुष्य ने धर्म को अपना सारथी बनाया वो ही भवसागर से पार हुआ। वह सीएनएस एकेडमी कुचावली में आयोजित सत्संग में बोल रहे थे।

बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि शुभ कर्मों को पुण्य कर्मों को जिस व्यक्ति ने अपना हमसफर बनाया वही परमात्मा के द्वार पर पहुंचे हैं। जो सतगुरु की सीख को मानते हैं उनको कभी दुखों की प्राप्ति नहीं होती। जो मनुष्य निराकार परमात्मा के नाम को जपता रहता है उसकी आत्मा का चांदना और प्रकाश बढ़ता चला जाता है। हे प्रभु जिसने तेरे नाम को सुमरा है और प्रभु जिसने तेरे नाम को जपा है



बाबा को सम्मानित करते चेयरमैन व प्रधानाचार्या। • अमृत विचार

- सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों ने किया सत्संग

उसके दिल में उजियारा हो गया है। पूरा पंडाल एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र से मंत्रमुग्ध हो गया आगे बाबा फुलसन्दे वालो ने कहा इस संसार में जो कुछ भी हमें मिलता है सुख-दुःख, मान-अपमान, जन्म-मरण, रिश्ते, परिस्थितियां सब कर्मों के आधार पर चल रहा है। जैसे खेल में हर चाल के नियम होते हैं, वैसे ही जीवन में हर कर्म का नियम है।

स्कूल के चेयरमेन सुन्दर सिंह ने बाबा जी को शाल पहना कर स्वागत किया, प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह ने आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़ी संख्या में अनुयाई मौजूद रहे।

## मदरसा जामिया रजविया दरगाह ए-मुहम्मदी में की दस्तारबंदी

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मदरसा धोबियान में दस्तारबंदी का सालाना और यादगार समारोह अदब व एहतराम के साथ संपन्न हुआ। उन दस छात्रों की दस्तारबंदी की गई जिन्होंने कुरआन-ए-करीम को हिफ़्ज़, किरात और दीनी तालीम को सफलता पूर्वक पूरा किया। 10 वर्षीय हाफ़िज बच्चे मौहम्मद बख़्तियार निवासी लखनपुर मुरादाबाद ने एक बैठक में पूरा क़ुरान पढ़कर सुनाया। मदरसे के प्रिंसिपल मुफ़्ती मौहम्मद अज़ीम रज़वी मंज़री व अन्य ने मुबारकबाद पेश की। खानदान ए आला हज़रत बरेली शरीफ से मुफ़्ती अहसन रज़ा नूरी के अलावा तमाम उलमा व अराकीन ए कमेटी मौजूद रहे।

उलेमा-ए-किराम ने कहा कि दस्तार इल्म, तकवा और जिम्मेदारी की निशानी है। समाज की कुरीतियों पर चर्चा की गई नशे व जुए के



बच्चे की दस्तारबंदी।

ख़िलाफ लोगो को काम करने और दुनियावी दीनी तालीम हासिल करने व दीन के रास्ते पर अच्छे अख़लाक़ और किरदार वाले मोमिन बनने पर ज़ोर दिया गयाहै। दस्तारबंदी के बाद छात्रों को दुआओं और नसीहतों से नवाजा गया।

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर किया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर सोमवार को फैजुल्लागंज वेटलैंड में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वन विभाग एवं डब्लूडब्लूएफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को आर्द्रभूमियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा जलीय जीव-जंतुओं एवं पक्षियों की पहचान संबंधी जानकारी देना रहा।

मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी अविनाश पांडेय ने शहरी क्षेत्रों में आर्द्रभूमियों के लगातार घटते अस्तित्व पर चिंता जताते हुए इनके संरक्षण पर बल दिया। कहा कि आर्द्रभूमियां जलीय जीव-जंतुओं व स्थानीय तथा प्रवासी पक्षियों का सुरक्षित आश्रय हैं, जिनके संरक्षण में स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है।



गांव फैजुल्लागंज स्थित वेटलैंड पर संबोधित करते प्रभागीय वनाधिकारी।

कार्यक्रम के दौरान नजीबाबाद से आईं बर्ड वॉचर वृंदा बजाज ने विद्यार्थियों को विभिन्न पक्षी प्रजातियों और उनकी पहचान के तरीकों की जानकारी दी। हिंदू कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रोफेसर अनामिका त्रिपाठी ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। डब्लूडब्लूएफ इंडिया के कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहम्मद आलम ने आर्द्रभूमियों के प्रकारों और उनके

- फैजुल्लागंज वेटलैंड पर कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वेटलैंड्स जैव विविधता संरक्षण, भूजल पुनर्भरण, बाढ़ नियंत्रण तथा स्थानीय लोगों की आजीविका के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, सरोज अकादमी ऑफ इंटेलिजेंस, शिव सेंट जोसफ इंटर कॉलेज तथा एसपीएसएम इंटर कॉलेज के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इसके अलावा वन विभाग के अधिकारी, 'परिवर्तन दी चेंज' संस्था के कपिल कुमार, स्थानीय किसान व ग्रामीण समुदाय, डब्लूडब्लूएफ इंडिया, जिला गंगा समिति के सदस्य, रामगंगा मित्र एवं ग्राम प्रधान छाया रानी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज ठाकुरद्वारा द्वारा इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। कार्य वाहक प्रधानाचार्य अनुज कुमार गुप्ता ने बताया गया कि भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 4 फरवरी को प्रातः 9 बजे से आयोजित होगी। वहीं, भौतिक विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 5 फरवरी को प्रातः 9 बजे से विद्यालय परिसर में संपन्न कराई जाएगी।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें**

**मो. 7906815587**


### सूचना

मेरा नाम पासपोर्ट संख्या E8435 338 Vidhan Kumar Bishwas अंकित है, जो कि गलत है, मेरा सही नाम Vidhan Biswas पुत्र Vishnupad Biswas नि. ग्राम अशोक नगर, मानपुर ओझा तह. बिलासपुर रामपुर जो कि आधार कार्ड संख्या 7317 8244 7278 पर अंकित है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

### सूचना

मैंने अपना नाम ANWAR NABAB S/0 SABIR HUSSAIN से बदल कर ANWAR NAWAB S/0 SABIR HUSAIN निवासी मोहल्ला फतेहउल्ला गंज वार्ड न. 22 ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद रख लिया है। मुझे भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय।


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# यूजीसी बिल के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, मूंढापांडे

**अमृत विचार :** करणी सेना एवं क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार को यूजीसी बिल के खिलाफ मनकरा मोड़ पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। मूंढापांडे क्राइम इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में मांग कि केन्द्र सरकार इस कानून को वापस नहीं लेती है तो समस्त स्वर्ण समाज खुलकर इस कानून का विरोध करेगा। करणी सेना के जिलाध्यक्ष अविनाश चौहान ने बताया कि यह लड़ाई प्रदेश की भाजपा सरकार से नहीं है। हमारी लड़ाई केन्द्र सरकार द्वारा स्वर्ण समाज पर थोपे गए इस काले कानून के खिलाफ है। क्षत्रिय महासभा के युवा जिलाध्यक्ष अनित ठाकुर, जिला



प्रदर्शन के दौरान एकत्रित संगठन के लोग। • अमृत विचार

- क्षत्रिय सभा ने बिल वापस लेने की मांग की

उपाध्यक्ष एडवोकेट सचिन ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष मूंढापांडे राजीव चौहान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रंजीत सिंह, रंजीत चौहान, चौहान,ग्राम प्रधान मिलक विशाट उदय पाल सिंह,रिंकू ठाकुर,पवन सेरिया, सोमिल ठाकुर, रवि ठाकुर, अखिल चौहान, सत्यभान सिंह, कृष्णापाल सिंह, संजीव राजपूत, ऋषभ ठाकुर, डॉ श्रीपाल सिंह, यशपाल पहलवान, मनोज ठाकुर, सौरभ ठाकुर, कुंवरपाल सिंह सहित अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में दलित परिवार के लोगों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भगिया वाला निवासी स्वाति पुत्री सोमपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि शिवम परिवार उनसे पुरानी रंजिश रखता चल रहा है। सोमवार को वह अपनी मां ममता देवी के साथ जा रही थी। इसी दौरान शिवम और उसके परिजनों ने गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने विरोध किया तो उन्हें लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। उसके पिता भाई विकास उन्हें बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की। बाल पड़कर काफी दूरी तक घसीटा। पिता व भाई को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# गीता के निष्काम कर्म के सिद्धांत को करें आत्मसात

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस) की ओर से उद्देश्य, अवसर और व्यावसायिक जीवनः श्रीमद्भगवद्गीता से सीख पर टिमिट के सभागार में 12वीं राष्ट्रीय कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता भगवदाचार्य और ज्योतिषाचार्य डॉ. जगदीश कोठारी ने श्रीमद्भगवद्गीता के जरिए जीवन के उद्देश्य, आत्मज्ञान और निष्काम कर्म का महत्व बताया।

कहा कि हमें निष्काम कर्म के सिद्धांत को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इससे न केवल व्यावसायिक सफलता प्राप्त की जा सकती है, बल्कि आंतरिक संतोष और मानसिक शांति भी



12वीं राष्ट्रीय कॉन्क्लेव के उद्घाटन के दौरान मौजूद मुख्य वक्ता व अन्य।

मिलती है।

ज्योतिषाचार्य डॉ. जगदीश कोठारी, आई स्पेशलिस्ट डॉ. उपमा अवस्थी, यूथ मेंटर अरविंदाक्ष माधव दास, इस्कॉन के प्रतिनिधि अरुणोदय कीर्तन दास आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कॉन्क्लेव का आरंभ किया। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने यूनिवर्सिटी की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने जीवन, करियर, नेतृत्व और मूल्य-आधारित शिक्षा से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान पाया। आई स्पेशलिस्ट डॉ. उपमा अवस्थी ने मानसिक

- टीएमयू के आईकेएस सेंटर की ओर से श्रीमद्भगवद्गीता से सीख पर 12वीं राष्ट्रीय कॉन्क्लेव

स्वास्थ्य, संतुलित जीवनशैली और आंतरिक शांति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। यूथ मेंटर अरविंदाक्ष माधव दास ने कहा कि जुनून और स्पष्ट उद्देश्य के बिना सफलता अधूरी रहती है। इस्कॉन के प्रतिनिधि अरुणोदय कीर्तन दास ने कहा कि जब व्यावसायिक जीवन में आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का समावेश होता है तो व्यक्ति सफलता पाकर समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनता है। इस दौरान कोऑर्डिनेटर डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. चंचल चावला, डॉ. विभोर जैन, डॉ. विवेक पाठक, डॉ. अमीषा सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### हिंदुओं से एकजुटता का आह्वान

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम मुख्तियारपुर नवादा में सम्मेलन में हिंदू समाज को एकजुट करने के लिए आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि अमित आजाद ने सभी को संगठित रहने के लिए प्रेरित किया। पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू, सिंचाई जल संसाधन विभाग के उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई, संजय सिंह अरविंद गुरुजी, मुकेश माहेश्वरी, जिला संघ चालक कृष्ण गोपाल ने जागरूक किया। सूर्य, मंतव्य बिश्नोई, सेंट पॉल अध्यात्म शिव तांडव आशुतोष शशांक शेखर ने भजन गाया। कार्यक्रम अध्यक्ष विजय आनंद, महाराज महंत झाड़ मंदिर नवादा, संकल्प देव महाराज, सानिध्य अनुज,कुमार भुवनेश ,नीरज बिश्रोई, आदर्श बिश्नोई, अनुज बिश्नोई, सुनील चौहान, राजपाल सिंह प्रजापति, अभिषेक कुमार, दिनेश बिश्नोई, राजेंद्र, सचिन कुमार, जिला अध्यक्ष विहिप सुभाष, जिला प्रचार प्रमुख अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।




### डबल मुकाबले के फाइनल में शांतम और अनिल जीते

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में अंतर्विभागीय रेलवे बैडमिंटन प्रतियोगिता सीज़न एक में फाइनल मुकाबले खेले गए। परिचालन विभाग के शांतम और अनिल की जोड़ी ने पहले डबल मुकाबले में विद्युत (परिचालन) के अनुभव व अभिषेक की जोड़ी को 2–0 से हराया। सिंगल मुकाबले में शांतम ने अभिषेक को 2–0 से हरा कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। विद्युत परिचालन उपविजेता और विद्युत सामान्य विभाग तीसरे स्थान पर रहा। फाइनल मैच के दौरान मौजूद मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक परितोष गौतम, मण्डल क्रीडा अधिकारी सचिन कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन और संचालन मण्डल क्रीड़ा सचिव राजेंद्र शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ किया।

### पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना भगतपुर पुलिस ने समरसेबल चोरी की घटनाओं का खुलासा कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए चोरों की पहचान बाबू उर्फ मोहम्मद आलम निवासी खाईखेड़ा, थाना मूंढापांडे, भूरा पुत्र नन्नू निवासी मुढियापुरा, थाना टांडा और मोहम्मद रफी निवासी झुरक झुंडी, थाना टांडाके रूप में हुई है। अभियुक्तों के पास से तीन तमंचे, कारतूस, चार ट्यूबवेल स्टार्टर, 2700 रुपये और बिना कागजात की दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। अभियुक्तों ने संगठित गिरोह बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, तीनों अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास है और उनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम शरीफ नगर निवासी रश्मि कुमारी पुत्री बलवीर सिंह ने तहरीर में कहा कि उसकी शादी 5 मार्च 2025 को पुलिस चौकी सुरजन नगर क्षेत्र के गांव रामपुर घोघर निवासी लव कुश पुत्र कृपाल सिंह के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले एक लाख रुपये की मांग करने लगे, जिसमें से 50 हजार रुपये पहले ही दिए जा चुके थे। उसका पति आए दिन शराब पीकर गाली–गलौज व मारपीट करता है। करीब पांच दिन पूर्व पति ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसके हाथ में चोट आ गई। इसके बाद ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया और उसके कपड़े व सामान भी नहीं लेने दिया। आरोप है। कि 1 फरवरी 2026 को उसके भाई और माता उससे मिलने ससुराल पहुंचे तो वहां पति, ससुर और अन्य परिजनों ने उनके साथ भी मारपीट की।

### बच्चे को उठा कर जमीन पर पटका, मुकदमा दर्ज

**कांठ ,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में 10 वर्षीय बालक को उठाकर जमीन पर पटका और मारपीट की जिससे बालक बेहोश हो गया। उसे उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम चंगेरी निवासी अफजल सैफी का 10 वर्षीय पुत्र हैदर अली 1 फरवरी की शाम को बच्चों के साथ खेल रहा था। गांव के ही रहने वाले राहत जान ने किसी बात पर हैदर अली के थप्पड़ मार दिए और उसे उठाकर दो बार जमीन पर पटक दिया, जिससे बच्चा बेहोश हो गया। आरोपी ने उसके पिता को भी जान से मारने की धमकी दी और गाली गलौज की। पुलिस ने उपचार के लिए उसे अस्पताल भिजवाया और आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### जबरन शादी का बनाया दबाव, संगठन का हंगामा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** एक विवाहिता ने दूसरे समुदाय के एक कारपेंटर पर जबरन शादी का दबाव बनाने और धर्म बदलने के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के तमाम कार्यकर्ता जिला सहमंत्री विजय कोहली और नगराध्यक्ष प्रमोद दिवाकर के साथ कोतवाली पहुंचे और हंगामा किया। नवागत प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह को पीड़िता ने तहरीर सौंपी। जिसमें कहा कि उसके पति का जनरल स्टोर है। उन्होंने एक वर्ष पूर्व एक दूसरे समुदाय के कारपेंटर से घर का फर्नीचर बनवाया था, जिसका भुगतान किया जा चुका है। कार्य के दौरान बच्चे और वह घर पर अकेली होती थी ओर उक्त कारपेंटर उस पर गलत नियत रखता था। कार्य पूरा होने के बाद भी उक्त व्यक्ति बच्चों से मिलने के बहाने उसके पति की गैर-मौजूदगी में आने जाने लगा। विरोध किया तो आरोपी ने उसका परिवार बर्बाद करने की धमकी दी। इस डर से वह प्रताड़ित होती रही। अब जबरन शादी और धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा जिससे वह परेशान हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है, प्रथम दृष्टया लव-जिहाद नहीं है, जांच की जा रही है। जांच के उपरांत ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### स्पेयर पार्ट्स की दुकान में चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** चोरों ने स्पेयर पार्ट्स की दुकान में नकब लगाकर होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी हैं। गुरुवार की रात नगर के मोहल्ला शीरी मियां निवासी मोहम्मद फईम नैनीताल हाईवे स्थित स्पेयर पार्ट्स की दुकान में चोरों ने दीवार में नकब लगाकर अंदर घुस गए थे। बाद में चोरों ने गल्ले में रखे लगभग पंद्रह हजार की नगदी, मोटर समेत दो लाख रुपये का माल चुराकर फरार हो गए थे। साथ ही दुकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। इस पर उपनिरीक्षक केशू शर्मा ने बताया कि दुकान स्वामी की तहरीर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस गश्त लगाती रही, चोर ले गए माल

**मिलक, अमृत विचार :** पुलिस रात में गश्त लगाती रही और चोर थाने से कुछ दूरी पर गांव नवादिया के पंचायत घर में रखे इनवर्टर, बैटरी, प्रिंटर, कैमरे चोरी कर ले गए। इसके बाद पास में ही सरकारी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र के ताले तोड़कर इनवर्टर, बैटरी गैस सिलेंडर, खाना बनाने के बर्तन, 55 किलो दलिया, 82 पैकेट रिफाइंड, 35 किलो दाल, स्पोर्ट किट, सहित तीन लाख रुपये का सामान चुरा ले गए। सुबह पता चलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। ग्राम प्रधान रामवती ने कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। वहीं कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह गंगवार ने बताया कि सीसीटीवी चेक किए जा रहे है।

### छात्रा से छेड़छाड़ व अपहरण का प्रयास

**टांडा, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ला निवासी छात्रा के पिता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 23 जनवरी की सुबह करीब 8 :30 बजे बेटी घर से स्कूल पैदल जा रही थी। रास्ते में बरगद नहर के पास दो युवकों ने उसे रोक लिया और जबरदस्ती जंगल की ओर ले जाने की कोशिश करने लगे। बेटी के विरोध करने पर एक आरोपी ने मारपीट व अश्लील हरकतें कीं। शोर पर राहगीरों को आता देख आरोपी धमकी देकर गए कि किसी को बताया तो बलात्कार कर जान से मार देंगे। आरोपी ने घटना का वीडियो बना वायरल कर दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है। वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है।

## प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह बने अपराध शाखा के प्रभारी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली में तैनात प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का तबादला हो गया है। एसपी ने उन्हें अपराध शाखा का निरीक्षक बनाया है। चर्चा है कि जीप के बोनट पर घुमाने वाली चर्चित घटना की वजह से उन्हें जाना पड़ा है।

कोतवाली के पूर्व प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने वर्ष-2024 की 5 जनवरी को कार्यभार संभाला था। उनके स्थान पर पुलिस लाइन से भेजे गए जीत सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है। 29 जनवरी को नगर में एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ और नेशनल मीडिया पर दिखाया जाने लगा। जिसमें जीप चालक मनप्रीत सिंह घायल ई-रिक्शा चालक शब्बू को जीप के बोनट पर डालकर उसे नगर में घुमाता दिखाई दे रहा था। पहले तो पुलिस ने खानापूर्ति करते हुए आरोपी जीप चालक का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। लेकिन मामला चर्चा में आने के बाद पुलिस ने आरोपी को दोबारा गिरफ्तार किया था। इस घटना के बाद लोगों ने पुलिस कार्रवाई को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। वहीं, सीओ हर्षिता सिंह ने कहा कि स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है। प्रभारी निरीक्षक के अलावा अपराध निरीक्षक मनीराम सिंह और दो उप निरीक्षकों ओमकार सिंह व महेश चंद्र के भी तबादले हुए हैं। इनके स्थान पर अभी नए अधिकारी नियुक्त नहीं किए गए हैं।

### 11 फरवरी को पेश होने वाले प्रदेश सरकार के बजट के 'चुनावी' होने की उम्मीद

## केंद्र के बाद उद्यमियों को प्रदेश सरकार के बजट से उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार का बजट आम जनता को ज्यादा प्रभावित करने वाला नहीं रहा, ऐसा विशेषज्ञ मान रहे हैं। लेकिन 11 फरवरी को अब उप्र सरकार का बजट पेश होगा। 2027 में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, ऐसे में प्रदेश सरकार का बजट एक चुनावी बजट होने की उम्मीद है। जनता और उद्यमियों को प्रदेश सरकार से बजट से बहुत कुछ मिलने की उम्मीद है। उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से जुड़े व्यापारियों ने बताया कि केंद्र के बजट में सात हाई स्पीड ट्रेन, सड़क, पुल व ई-बस संचालन के लिए विशेष पैकेज दिया गया।

उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि बजट में चिकित्सा के लिए अधिक धन की व्यवस्था रखी गई, लेकिन व्यापार मंडल की मांग थी कि पंजीकृत व्यापारियों को चिकित्सा बीमा मिले, लेकिन केंद्र के बजट ने निराश किया। उन्हें अब उत्तर प्रदेश के आगामी बजट में उद्यमियों की मांग पूरी होने की उम्मीद है। व्यापारियों का कहना है कि 2027 विधानसभा चुनाव आ गए हैं, ऐसे में सरकार को जनता को खुश करने वाला बजट जारी करना चाहिए। इसमें युवाओं को नौकरी से लेकर उद्यमी, छोटे-बड़े कारोबारी सभी वर्गों पर ध्यान देना चाहिए।

- लोग बोले, नौकरी से लेकर उद्यमी, छोटे-बड़े कारोबारी सभी वर्गों पर देना चाहिए ध्यान



केंद्र का बजट दूरदर्शिता वाला बजट जरूर है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार को बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखना चाहिए। खासकर छोटे-बडे.व्यापारियों का विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए। - **अनिल अग्रवाल**, जिलाध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल



सालों से व्यापारियों के स्वास्थ बीमा कराने की मांग चल रही है, ऐसे में केंद्र ने ना सही, प्रदेश सरकार को व्यापारियों की इस मांग का ख्याल रखना चाहिए। - **विपुल गुप्ता**, युवा जिलाध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल



2027 विधानसभा चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में उप्र सरकार का बजट आएगा तो उसमें अच्छा होने की उम्मीद है। युवाओं को नौकरी मिले और कारोबार को संजीवनी मिलने की उम्मीद है। - **नवीन भाटिया**, युवा नगराध्यक्ष



केंद्र सरकार ने कर के भय से आजादी दिलाई है, उप्र सरकार को उद्यमियों को सस्ती जमीन की सौगात देनी चाहिए। जिससे उप्र कारोबार में आगे बढ़े और युवाओं को रोजगार के समान अवसर मिले। - **छोटे लाल रस्तौगी**, नगर अध्यक्ष

## मरीजों व घायलों को कैसे मिले राहत क्रिटिकल सेंटर का निर्माण अधूरा

### 18.30 करोड़ से पहाड़ी गेट के पास तैयार हो रहा 50 बेड का विशेष अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पहाड़ी गेट के निकट 50 बेड के क्रिटिकल केयर सेंटर का निर्माण तय समय सीमा में पूरा नहीं हुआ है। हालांकि, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की सख्ती के बाद क्रिटिकल सेंटर के निर्माण में तेजी आई है। क्रिटिकल केयर सेंटर बनने के बाद दिल के मरीजों और घायलों को इलाज में काफी राहत मिलेगी। पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ मिशन के तहत 1830.25 लाख रुपये की लागत से सेंटर तैयार कराया जा रहा है।

शहर हाईवे किनारे स्थित है और रोजाना सड़क हादसे होना आम बात है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जाता है लेकिन, जिला अस्पताल में सर्जन नहीं है इसके अलावा दवाओं का भी टोटा रहता है। मरीजों को इमरजेंसी से ही दिल्ली, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली के लिए रेफर कर दिया जाता है। गंभीर रूप से घायल मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। यही स्थिति दिल के मरीजों के साथ होती है क्योंकि जिला अस्पताल में कोई दिल का डॉक्टर भी नहीं है। जिसके चलते दिल का दौरा पड़ने पर जिला अस्पताल पहुंचे मरीजों को भी रेफर कर दिया जाता है। लंबे समय से रामपुर में ट्रामा सेंटर बनवाए जाने की मांग की जा रही थी।



पहाड़ी गेट के निकट केमरी रोड पर निर्माणाधीन क्रिटिकल सेंटर। ● अमृत विचार

- जिला अस्पताल से मरीजों को दिल्ली, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली किया जाता है रेफर

### 12 मार्च 2024 में शुरू हुआ था निर्माण

12 मार्च 2024 में क्रिटिकल केयर सेंटर का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। निर्माण कार्य 12 सितंबर 2025 थी लेकिन, तय समय सीमा में क्रिटिकल सेंटर का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि कार्यदायी संस्था ने बजट नहीं होने की बात की थी लेकिन, जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था पर सख्ती बरतने पर कार्य पटरी पर आ गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस वर्ष क्रिटिकल केयर सेंटर शुरू हो जाएगा।

### क्रिटिकल सेंटर में मरीजों को यह मिलेंगी सुविधाएं

आईसीयू वार्ड, आइसोलेशन वार्ड, ऑक्सीजन वार्ड, वेंटिलेटर, डिजिटल एक्स रे आदि।

## जंगल को अग्नि के प्रकोप से बचाने को जागरुकता जरूरी

**स्वार, अमृत विचारः** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर में विश्व आर्द्रभूमि दिवस व अग्नि सुरक्षा सप्ताह गया मनाया। प्रातः काल वंदना के बाद प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने इसका महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि वन्य जीव जंतुओं की सुरक्षा के लिए जंगल को अग्नि प्रकोप से बचाने के लिए समाज में जागरुकता जरूरी है। जलती हुई आग जंगल में फैलती चली जाती है। वहां आग को नियंत्रित करना एवं बुझाना बहुत ही टेढ़ी खीर होता है। काफी दिनों तक वह अग्नि जलती रहती है। जिसे बुझाने के लिए वन विभाग पुलिस विभाग एवं अग्नि सामान विभाग के अनेक दमकल वाहन तथा हेलीकॉप्टर की मदद से पानी का छिड़काव करके बुझाया जाता है। प्रधानाचार्य ने पर्यावरण प्रमुख बहनों को शपथ दिलाते हुए निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता से जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान कुमकुम राजपूत, गुंजन, काजल, रितिका, मोहिनी, खुशी, पर्यावरण प्रमुख सुनीता रानी मौर्य, नरोत्तम सिंह, ब्रजकिशोर, उमेश कुमार, गौरव सिंह, नीरज सिंह, दिलीप कुमार, संजय सिंह, विजेंद्र सिंह, कलावती, पूजा टैगोर आदि मौजूद रहे।

## वैश्विक मंदी के दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था सशक्त



संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता में बोलते मुख्तार अब्बास नकवी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- प्रेसवार्ता में बोले पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी

**अमृत विचार :** दो दिवसीय रामपुर दौरे के दौरान सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सर्किट हाउस में मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंदी में भी अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाए रखा है।

उन्होंने केंद्रीय बजट 2026 को लेकर कहा कि आत्मनिर्भर भारत की गूंज और विकसित भारत की गर्जना का गजट है। कांग्रेस, सपा और कुछ सियासी दलों द्वारा बजट की आलोचना पर कहा कि कुछ लोगों को तर्कों की कंगाली ने कुतर्कों का मवाली बना दिया है, इसलिए हिट एंड रन के हुड़दंगी हवा-हवाई होते जा रहे हैं। कहा कि कांग्रेस आज ऐसी बेनामी संपत्ति है, जिसका अंदर कोई मोल नहीं बाहर कोई भाव नहीं है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, राकेश मिश्रा, भारत भूषण गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह, महा सिंह राजपूत, जागेश्वर दयाल दीक्षित, कृष्ण अवतार लोधी, प्रभात अग्रवाल, महेंद्र लोधी, कपिल आर्य, लक्ष्मी सैनी, चंद्र प्रकाश शर्मा, बशीर अहमद मोलाई, सतनाम सिंह, डॉ चंद्रपाल, अजय सैनी, राकेश फुलेरिया, योगेंद्र गंगवार, संजय चंद्रा, महेश चंद्रवंशी, ओमप्रकाश, भूकन लोधी, शाहीन अंसारी, वीरपाल, विकास आदि मौजूद रहे।

## दीन के साथ दुनियावी तालीम भी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को राहे मुर्तजा स्थित शहनाई मंडप में मदरसा जामिया उलूम फुरकानिया खारी कुआं की महिला शाखा फुरकानिया जामिअतुल बनात का 17वीं वार्षिक जलसा ए दस्तारबंदी कार्यक्रम हुआ। मुख्यातिथि पालिकाध्यक्ष सना मामून ने कहा कि दीन के साथ दुनियावी तालीम भी जरूरी है।

9 छात्राओं की दस्तारबंदी की गई और प्रमाण पत्र दिए गए। आगाज दारुल हदीस की छात्रा शगुफ्ता खदीजा ने तिलावते कुरआन मजीद से की। इसके बाद गुल फजा यूसुफ ने नाते पाक पेश की। संरक्षक डॉ. शायरुल्लाह खां ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। बताया कि 2009 से संस्था में दीनी शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा, कंप्यूटर तथा सिलाई-कढ़ाई का भी प्रबंध किया जा रहा है। प्रबंधक मोहम्मद जुल्फिकार अली सिद्दीकी ने शारिकुल्लाह खान वजीही को सम्मान-पत्र प्रदान किया। शहर के इमाम व मदरसा फुरकानिया के वाइस प्रिंसिपल मौलाना मो. नासिर खां कादरी की दुआ के साथ समापन हुआ। अध्यक्षता फुरकानिया गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्य हेरा आरिफ व संचालन आनसा खदीजा हनीफ ने किया।



दस्तारबंदी के बाद प्रमाण पत्रों के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

### दहेज समाज की एक गंभीर बुराई

दारुल हदीस प्रथम वर्ष की छात्रा सदरा मोहम्मद वसीम ने जामिअतुल बनात के संस्थापक हजरत मौलाना मुफ्ती महबूब अली साहब कादरी वजीही के व्यक्तित्व से रूबरू कराया। हदीस की प्रसिद्ध पुस्तक मिश्कातुल मसाबीह की आठ जिल्दों में उर्दू व्याख्या मीजा-उल-मसाबीह लिखी। दारुल हदीस से स्नातक छात्रा उमराह याकूब ने दहेज पर अंग्रेजी में दिए भाषण में कहा कि दहेज समाज की एक गंभीर बुराई बन चुका है। इस भाषण का उर्दू अनुवाद बुशरा ने किया।

## गुरुद्वारे में शबद-कीर्तन से संगत निहाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सोमवार को विशेष दीवान सजा और हरकीरत सिंह ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद भाई पिंदरपाल सिंह ने कथा में कहा कि हर सिख का फर्ज बनता है कि वह अमृत पान करे। अमृत पान किए बिना सिख अधूरा है। कथा के बाद संगत को गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में भाई पिंदरपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में संगत ने गुरुद्वारा साहब पहुंचकर माथा टेका और आशीर्वाद लिया। भाई पिंदरपाल सिंह ने कहा कि हर सिख का फर्ज बनता है कि वह दीन दुखियों की सेवा करे।

उन्होंने गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। भाई पिंदरपाल सिंह को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर अरदास ग्रंथि सुरजीत सिंह ने की।

निर्मल सिंह ने बताया कि वीर खालसा सेवा समिति की ओर से 22 फरवरी को पगड़ी प्रतियोगिता होगी, जिसमें बच्चों को इनाम दिए जाएंगे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सरदार निर्मल सिंह, सचिव सरदार मनमीत सिंह, वीर खालसा समिति के जिलाध्यक्ष सरदार अवतार सिंह, अमरजोत सिंह कपूर, जसपाल सिंह, जगमोहन सिंह, निरवैर सिंह, गुलशन अरोड़ा, भवनीत सिंह, सनी कपूर, हरपाल सिंह, हरभजन सिंह, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



तलवार भेंट करते गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रबंधक निर्मल सिंह। ● अमृत विचार

- गुरुद्वारा सिंह सभा में सजा विशेष दीवान, लोगों ने छका लंगर

## सीएचसी में गंदगी मिलने पर सीएमओ ने जताई नाराजगी

**स्वार, अमृत विचारः** सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी दीपा सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने औषधि भंडार, वार्ड, जननी सुरक्षा योजना से संबंधित व्यवस्थाओं के साथ सफाई का बारीकी से जायजा लिया। सीएमओ ने परिसर में गंदगी को लेकर नाराजगी जताई। अस्पताल परिसर में आड़े तिरछे खड़े वाहनों को देखकर भी असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सीएचसी प्रभारी डॉ. राजीव कुमार चंदेल को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों और तीमारदारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। हालांकि निरीक्षण के दौरान अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। आवश्यक दिशा निर्देश देने के बाद सीएमओ वहां से रवाना हो गईं। उनके जाने के बाद सीएचसी स्टाफ ने राहत की सांस ली।



अमृत विचार

मुरादाबाद, मंगलवार, 3 फरवरी 2026

रामपुर

न्यूज ब्रीफ

## कैशलेस सुविधा अच्छा कदम, अब बढ़े मानदेय

**रामपुर, अमृत विचार :** शिक्षामित्र, शिक्षकों, अनुदेशकों व रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिए जाने के लिए उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के शिक्षामित्रों ने फैसले का स्वागत किया है। जिला अध्यक्ष नरेश कुमार मीणा ने कहा कि 11 फरवरी को प्रदेश सरकार के बजट में शिक्षामित्र को सम्मानजनक वेतन देने पर कैबिनेट की मोहर लगेगी। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ कुमार शर्मा ने बताया कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा का यह तोहफा शिक्षामित्र एवं उनके परिवार के स्वास्थ्य की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। जिला महामंत्री रमेश राजपूत ने कहा कि देर से ही सही व्यवस्था ने यह स्वीकार किया कि शिक्षामित्र केवल दायित्व निभाने वाली इकाई नहीं, बल्कि अधिकार रखने वाला नागरिक भी है। संगठन मंत्री किरण पाल सिंह ने कहा कि शिक्षामित्र समाज लंबे समय से ऐसी सुविधा व मानदेय वृद्धि की अपेक्षा कर रहा था जो कि जल्द पूरा होने जा रही है। कोषाध्यक्ष रमेश सैनी ने फैसले का स्वागत किया। महिला प्रभारी हेमलता शर्मा ने कहा कि 5 सितंबर को मुख्यमंत्री उप्र मानदेय वृद्धि भी जल्द करेंगे। जिला उपाध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा फरवरी में ही मानदेय वृद्धि व सम्मानजनक वेतन देने की घोषणा की जाएगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षामित्र संगठित रहे, बहुत जल्द प्रदेश सरकार का भव्य स्वागत समारोह किया जाएगा।

## मिशन शक्ति केंद्र ने परिवार टूटने से बचाया

**रामपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति केंद्र थाना खजुरिया द्वारा महिला संबंधी विवाद में प्रभावी हस्तक्षेप कर पारिवारिक मतभेद सुलझाए, परिवार टूटने से बचाया। थाना खजुरिया तहत ग्राम बेगमाबाद निवासी पीड़िता द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें आरोप लगाया कि उसका पति आए दिन गाली-गलौज एवं मारपीट कर उसे प्रताड़ित करता है, जिससे पारिवारिक जीवन प्रभावित हो रहा है। मिशन शक्ति केंद्र थाना खजुरिया पर तैनात उप निरीक्षक अबरार खान एवं महिला हेड कांस्टेबल दीपू सिंह द्वारा ने दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केंद्र थाने बुलाया गया। जहां दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। आपसी संवाद के माध्यम से उनके मतभेदों का सौहार्दपूर्ण समाधान कराया गया। काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी के मध्य आपसी समझौता कराया। जिससे पीड़ित महिला का परिवार टूटने से बच गया।

# शोभायात्रा की तैयारियों पर चर्चा



मानव सत्संग मंडल की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मानव सत्संग मंडल की बैठक सोमवार को शगुन वेंकट हॉल में संपन्न हुई। हिंदू नव वर्ष पर होने वाले कवि सम्मेलन एवं श्री राम नवमी पर श्री राम शोभायात्रा भव्य रूप से निकाले जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। सदस्यों द्वारा झांकियों व अन्य विषयों पर विभिन्न सुझाव रखे गए।

मंडल के संरक्षक धनंजय पाठक ने सुझाव रखा कि संस्था में समाज के समर्पित एवं ऊर्जावान व्यक्तियों को संस्था से जोड़ा जाए। मंडल के अध्यक्ष महेश जुनेजा एवं अन्य सभी सदस्यों ने एक मत से एक सुझाव को स्वीकार करते हुए निर्णय किया। मानव सत्संग मंडल संस्था द्वारा 54 वर्ष से श्री राम शोभा यात्रा निकाली जाती है। बैठक में संरक्षक धनंजय पाठक, वीरेन्द्र गर्ग, मनोज गर्ग, राजीव मांगलिक, राकेश सिंघल, ज्ञान गुप्ता, नरेश रस्तोगी, अशोक कुमार, अमित मलिक, राकेश कुमार शर्मा, रवि शंकर, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, गंगा सरन, अनंत अग्रवाल, रविंद्र कुमार गुप्ता, चंदन लाल, नितिन शर्मा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता महेश जुनेजा ने जबकि, संचालन कोषाध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने किया।

### मस्जिदों और कब्रिस्तानों की हो रही साफ-सफाई, की जा रही सजावट

# शब-ए-बरात आज: कब्रिस्तानों में कब्रों पर होगा चरागां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शब-ए-बरात पर्व पर कब्रिस्तान में कराई गई साफ-सफाई। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आज शब-ए-बरात पर्व के मद्देनजर कब्रिस्तान और मस्जिदों को सजाया गया है। शाम को लोग कब्रिस्तानों में पहुंचकर अपने बुजुर्गों की कबरों पर फूल चढ़ाकर मोमबत्ती और अगरबत्तियां जलाते हैं। इसके अलावा घरों में हलवे पर बुजुर्गों की फातेहा दिलाई जाती है। गरीबों में हलवा और रोटी बांटा जाता है।

मस्जिदों में उलमा शब-ए-बरात की अहमियत से रूबरू कराते हैं। इसके अलावा पूरी रात लोग कुरआन मजीद की तिलावत करते हैं। सोमवार को मस्जिदों और कब्रिस्तानों की साफ-सफाई व सजावट के काम को अंतिम रूप दिया गया। लोगों ने फातेहा के लिए सोमवार को बाजारों में खूब खरीदारी की। चने की दाल, रवा, नारियल, बादाम, छुआरों और चिरौंजी की खूब बिक्री हुई। दुकानदार मोहम्मद अहमद ने बताया कि महंगाई बहुत बढ़ गई है। बादाम 1000 रुपये किलो, छुआरे 250 रुपये किलो, चिरौंजी 1200 रुपये किलो, चीनी 45 रुपये किलो हो गई है। जिसके कारण लोगों ने जरूरत के मुताबिक मेवा की खरीदारी की। इसके अलावा रवा 38 रुपये किलो और चने की दाल 80 रुपये किलो बिकी। शहर की जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेटरी मुकर्रम रजा इनायती ने बताया कि शब-ए-बरात मंगलवार को है।

शहर की जामा मस्जिद समेत तमाम मस्जिदों में उलमा शब-ए-बरात की अहमियत बताएंगे।

### पूरी रात होगी इबादत

कब्रिस्तानों में चरागां करने के बाद फातेहा का सिलसिला शुरू हो जाएगा। लोग इस रात के लिए नफिल नमाज, कुरान मजीद की तिलावत और दुआएं पढ़ेंगे। क्योंकि यह इबादत की अहम रात मानी जाती है। अधिकांश लोग शाबान में रोजे भी रखते हैं इन रोजों का अल्लाह बहुत सवाब देता है।

शाबान का चांद 21 जनवरी को नजर आया था। जिसके चलते 3 फरवरी मंगलवार को शब-ए-बारात होगी। **- सैयद खुशनूद मियां**, काजी ए शहर

# सड़क का पता नहीं...मिलेंगे कंकड़ व गड्ढे

### पान दरीबा से सर्राफा बाजार तक सड़क जर्जर, व्यापारी बोले, उखड़वा दी थी इंटरलॉकिंग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शहर के बर्तन बाजार में उखड़ी हुई बदहाल सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पान दरीबा से जामा मस्जिद तक बदहाल सड़क से लोग परेशान हैं। सर्राफा बाजार, बर्तन बाजार, पानी दरीबा और सर्राफा तक लोग इस सड़क से होकर गुजरते हैं और उन्हें मिलते हैं केवल कंकड़, गिट्टी और गड्ढे। पालिका अधिकारियों ने करीब 6 माह पूर्व इंटरलॉकिंग से बनी सड़क को उखड़वा दिया था। अधिकारियों ने दुकानदारों को आश्वासन दिया था कि सड़क का निर्माण नवंबर-दिसंबर 2025 तक करा दिया जाएगा। लेकिन सड़क निर्माण नहीं होने से दुकानदारों में रोष है।

सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष अंशुल रस्तोगी के नेतृत्व में सर्राफा कारोबारियों ने पिछले दिनों प्रदर्शन कर सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की थी। दुकानदारों का कहना था कि पालिका अधिकारियों ने कहा कि इंटरलॉकिंग हटवाकर सड़क का निर्माण डामर से कराया जाएगा। दुकानदारों ने कहा कि मामूली बारिश होने पर उखड़ी हुई सड़क पर जलभराव हो जाता है और इस कारज ग्राहक बाजार में आना नहीं चाहता है। बदहाल सड़क होने के कारण उनके कारोबार पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। दुकानदारों ने कहा कि यह सड़क शहर की प्रसिद्ध जामा मस्जिद को भी जोड़ती है। सड़क बदहाल होने के कारण नमाजियों को जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने जाने में दिक्कत होती है। कई बार पालिका अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की जा चुकी है लेकिन, स्थिति जस की तस है।

- पालिका अधिकारियों ने नवंबर-दिसंबर तक निर्माण का दिया था आश्वासन
- अब निर्माण की बाट जोह रहे कारोबारी मिली मायूसी



बाजार के दुकानदारों को आश्वासन दिया था कि नवंबर- दिसंबर तक डामर से सड़क का निर्माण कराया जाएगा। लेकिन, सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। जिसके कारण बाजार में आने वाले ग्राहकों को परेशानी हो रही है।
- शिवराज सरन अग्रवाल



बदहाल सड़क होने के कारण ग्राहक बाजार में आने से बचता है। जिसका असर दुकानदारी पर भी पड़ रहा है। इस सड़क पर बर्तन बाजार, बक्सा बाजार के अलावा सर्राफा बाजार और शहर की प्रसिद्ध जामा मस्जिद है।
- विनीत अग्रवाल



पालिका अधिकारियों ने पान दरीबा से जामा मस्जिद तक इंटरलॉकिंग सड़क को उखाड़ते समय आश्वासन दिया था कि डामर की सड़क बनवाई जाएगी। लेकिन, सड़क को उखड़े हुए छह-सात माह का समय गुजर चुका है।
- विशाल रस्तोगी



पालिका अधिकारियों ने पान दरीबा से जामा मस्जिद तक इंटरलॉकिंग से बनी सड़क को उखड़वा दिया है। उन्होंने इसे डॉमर से बनवाए जाने का आश्वासन दिया था। लेकिन, छह-सात माह गुजरने के बावजूद सड़क का निर्माण नहीं हुआ है।
- **अंशुल रस्तोगी**, अध्यक्ष सर्राफा कमेटी



टूटी सड़क पर दिल के मरीजों को आते-जाते जान पर बन आती है। पालिका अधिकारियों ने इंटरलॉकिंग सड़क उखड़वाते समय दुकानदारों को आश्वासन दिया था कि डामर से सड़क बनवाई जाएगी लेकिन, सड़क नहीं बनी है।
- सुनील रस्तोगी

# मुख्यधारा में आने को शिक्षा जरूरी

संवाददाता, बिलासपुर



हाफिज का स्वागत करते उलमा।

- दस्तारबंदी में उलेमाओं ने इल्म की महत्ता पर डाला प्रकाश

**अमृत विचार :** नगर में आयोजित एक दस्तारबंदी कार्यक्रम के दौरान उलेमाओं ने इल्म की महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने ज्यादा से ज्यादा इल्म हासिल करने की अपील की।

रविवार की देर रात नगर के मोहल्ला खजूरों वाली मस्जिद स्थित मदरसा फैजुल उलूम में जलसे के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जलसे को संबोधित करते हुए शहर इमाम मौलाना नासिर ने कहा कि इल्म वह रोशनी है, जो न केवल एक इंसान का बल्कि पूरे समाज का अंधेरा दूर करती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इल्म ही इंसान की तरक्की का असल रास्ता खोलता है और बिना शिक्षा के कोई भी समाज मुख्यधारा में शामिल नहीं हो सकता।

मौलवी गुल मुहम्मद ने युवाओं और अभिभावकों को आधुनिक और दीनी तालीम के संगम के लिए प्रेरित किया। हाफिज अहमद नबी ने कहा कि वर्तमान दौर में उच्च शिक्षा हासिल करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। मौलाना फरहत सुल्तान खां ने कहा कि तालीम हासिल करने का मकसद सिर्फ नौकरी पाना नहीं, बल्कि एक बेहतर इंसान बनकर समाज की सेवा करना होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मदरसे के छात्रों की दस्तारबंदी कर बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर मौलवी फैजान खां, सभासद फैजान खां, मोहसिन खां, बाबू खां, समीर हुसैन खां, यूसुफ खां, फुरकान खां, रईस मियां, अथर अली खां आदि उपस्थित रहे।

# फैक्ट्रियों में टायर जलाने का विरोध, ज्ञापन दिया



ज्ञापन देते हुए आरपीआई के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के पदाधिकारियों ने रोशन बाग व अहमद नगर जागीर (लोहा मिल) में संचालित फैक्ट्रियों में टायर जलाने का आरोप लगाया है। कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिया।

बताया कि एक मस्जिद और दरगाह के पास फैक्ट्री में टायर जलाकर जहरीला धूआं वातावरण को दूषित कर रहा है। आरोप लगाया कि धुएं से गांव अहमद नगर जागीर, अली नगर, अजीतपुर, पनवड़ीया, फैजुल्लानगर आदि गांवों में लोग बीमार हो रहे हैं। दमा, खांसी, टीवी एवं जानलेवा घातक बीमारियां हो रही हैं। उन्होंने इस पर टायर जलाने पर तत्काल रोक की मांग की है। इस दौरान आरपीआई अठावले के जिलाध्यक्ष तारिक रशीद, मो. आलिम, जुबैर अहमद सैफी, जावेद मियां, नसरीन खान, नसरीन, सायमा, परवीन, जिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# हाथ उठाकर कहते हैं हम हो गए राधा रानी के

कार्यालय संवाददाता, रामपुर




मिस्टनगंज स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर में भव्य संकीर्तन में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से संकीर्तन कार्यक्रम

**अमृत विचार :** श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से मिस्टनगंज स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर में भव्य संकीर्तन का आयोजन हुआ। यह संकीर्तन मंडल की रामपुर शाखा की संस्थापक स्वर्गीय पूज्य पूनम अरोड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में भक्तिरस से ओत-प्रोत भजनों की सुंदर प्रस्तुति हुई। प्रमुख भजनों में कैसे जियूं राधे तुम्हारे बिना, हम हाथ उठाकर कहते हैं हम हो गए राधा रानी के, पवनसुत बिनती बारंबार, जय वृंदावन एवं बरसाना की याद आती है, शामिल रहे। वातावरण पूरी तरह भक्ति और भाव से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के अंत में हनुमान चालीसा एवं आरती का पाठ किया गया। संस्थापक वीरेंद्र कुमार अरोड़ा ने कहा कि रामपुर शाखा द्वारा संकीर्तन की यह रसधारा निरंतर आगे भी प्रवाहित होती रहेगी। मंडल के वरिष्ठ सदस्य नवीन गुप्ता ने राधा नाम की महिमा का वर्णन करते हुए भावपूर्ण पद प्रस्तुत किए। आदित्य वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्व. पूनम अरोड़ा ने रामपुर में सूफी एवं अष्टछाप कवियों के गायन की अलख जगाई। जिसके लिए हम सभी उनके सदैव आभारी रहेंगे। दिनेश कुमार अग्रवाल चुन्ना भैया ने कहा कि पूनम अरोड़ा जी वैकुंठ धाम से हम सभी पर अपनी कृपा बरसाती रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में मंडल के अध्यक्ष आशीष जिंदल ने सभी श्रद्धालुओंए कलाकारों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डिक्की आनंद, रामनाथ गुप्ता, पुष्पेंद्र अग्रवाल, अमिता अग्रवाल, अश्वनी पहवा, पंकज अग्रवाल, अतुल गुप्ता, अनुपम गर्ग, पिया वर्मा, संगीता अग्रवाल, राधा गुप्ता, मोहिनी पहवा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भारतीय कुर्मी महासभा की कार्यकारिणी गठित, शपथ ग्रहण में सौंपे नियुक्ति पत्र



बैठक में शामिल भारतीय कुर्मी महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलासपुर

- नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया

**अमृत विचार :** भारतीय कुर्मी महासभा के पदाधिकारियों ने जिले एवं दो ब्लॉकों की कार्यकारिणियां गठित की गईं। इसके बाद में नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

गांव रास डंडिया स्थित पैलेस में पदाधिकारी एकत्रित हुए। राष्ट्रीय सचिव उमेश चंद्र पटेल मुख्य अतिथि रहे। राष्ट्रीय सचिव ने जिलाध्यक्ष नागेंद्र गंगवार की सहमति पर बृजलाल गंगवार, सुमित पटेल, देवेंद्र बाबू, महेश गंगवार एवं एलपी गंगवार को जिला संरक्षक, बांदूराम, मनीष गंगवार व खंदारी लाल को जिला उपाध्यक्ष, सुशील गंगवार को जिला महासचिव, जीवेंद्र गंगवार, राकेश गंगवार व गंगाराम गंगवार को जिला सचिव, सरनाम को जिला संयुक्त सचिव, अविनाश गंगवार को जिला संगठन सचिव, अमरपाल को विधिक सलाहकार तथा कमल पटेल को लेखाकार नियुक्त किया। इसके अलावा बिलासपुर ब्लॉक के लिए राजेंद्र गंगवार व भूपेंद्र गंगवार तथा मिलक ब्लॉक के लिए मोर सिंह पटेल को अध्यक्ष व धर्मेंद्र गंगवार को महासचिव मनोनीत किया। जिलाध्यक्ष ने सभी को शपथ ग्रहण कराई और नियुक्ति पत्र सौंपे। बैठक में उदयवीर, महिपाल गंगवार, राजेश गंगवार, संजीव गंगवार, सचिन गंगवार, राजवीर, अजय कुमार, मनोज गंगवार, सर्वेश गंगवार, पुष्पेंद्र गंगवार, अंकित गंगवार, अरविंद गंगवार आदि शामिल रहे।

# वीआर सेट से हार्ट का कार्य देख चकित रह गईं छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पीएमश्री जीजीआईसी की छात्राओं ने किया एनआईए जयपुर का भ्रमण

**अमृत विचार:** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किला की छात्राओं ने एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (एनआईए) जयपुर का पांच दिवसीय भ्रमण किया।

छात्राओं ने जब वर्चुअल रियलिटी डिवाइस के माध्यम से डिजिटल रूप से खुद को हार्ट के भीतर पाया और संचालन देखा तो वे चकित रह गईं। एनआईए के विभिन्न विभागों में मानव शरीर की संरचना, उसके महत्वपूर्ण अंग ह्रदय, फेफड़े आदि के कार्य डिजिटल देखे। लैब में संरक्षित किये गये अंगों को भी देखा। प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने आयुर्वेदिक दवाओं के बनने की प्रक्रिया बताई। डॉ भंवर चौधरी ने दवा बनने से पहले शोध पर जानकारी दी। डॉ रघु कृष्णनन, डॉ बलराम जाट, डॉ अनिता चौधरी आदि ने शरीर की विभिन्न जांचों का डेमो दिया। प्रधानाचार्य डॉ. गीता सैनी ने बताया कि विभाग की ओर से पीएमश्री विद्यालयों के बच्चों को प्रदेश के बाहर शैक्षिक भ्रमण के निर्देश दिए गए हैं, जिसके अनुपालन में छात्राओं को एनआईए जयपुर ले जाया गया था।



एनआईए जयपुर में भ्रमण के दौरान छात्राएं। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### महाकुंभ में ड्यूटी करने वाले नौ होमगार्ड सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ-भव्य महाकुंभ मेले में ड्यूटी करने वाले नौ होमगार्ड स्वयंसेवकों (सिपाहियों) को उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। विशिष्ट योगदान के लिए उन्हें महाकुंभ सेवा मेडल से सम्मानित किया है। सोमवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट में सभी को सेवा मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले होमगार्डों में राकेश कुमार, मौ. शाहिद, रामवीर सिंह, अजय पाल सिंह, बहादुर सिंह, जगत नारायण, मौ. तौफिक, देवेंद्र कुमार, राम सिंह शामिल रहे। जिला कमांडेंट होमगार्ड कमलेश चौहान ने सभी होमगार्ड को इसके लिए बधाई दी।



### एसपी ने थाना स्वार का आकस्मिक निरीक्षण किया

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्या सागर मिश्र ने अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ सोमवार रात थाना स्वार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया। साथ ही थाना परिसर स्थित कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र एवं साइबर सेल की साफ-सफाई का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी स्वार भी मौजूद रहे। मुख्य मार्गों व बाज़ार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया।

### एसआईआर के तहत भेजे गए नोटिसों की सुनवाई जारी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत भेजे गए नोटिसों की सुनवाई जारी है। वहीं दूसरी तरफ नए वोट बनवाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। भाजपाई वोटों की संख्या बढ़ाने में लगे हुए हैं। बीते दिनों राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने भी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया था कि कोई भी पात्र मताधिकार से वंचित रहने न पाए। इसी मुहिम के तहत सोमवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वोट बनाने के लिए विशेष कैंप लगाया गया। यहां बड़ी संख्या में नए वोट बनाने का काम किया गया। यहां लेखपाल यशपाल चौधरी सहित दस बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई थी। इन बीएलओ में हरजीत सिंह, कमलेश भट्ट, अरविंद रस्तोगी, दीपक राज, ओमवीर सिंह, महेंद्र पाल सिंह, नैंसी बंसल, नेहा आले, मंजरी गंगवार व आसाराम शामिल थे। भाजपा की ओर से नगर मंत्री रीता गौतम, विद्यार्थी परिषद के जिला सह संयोजक वंश कुमार व तहसील संयोजक सौरभ गंगवार भी वहां मौजूद मिले। वहीं, दूसरी तरफ तहसील में भी नोटिसों की सुनवाई व दस्तावेजों की जांच जारी रही। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व नायब तहसीलदार अंकुर अंतल ने बताया कि अब तक लगभग पांच हजार नोटिसों का निपटारा हो चुका है।



### सेमीफाइनल में पहुंचा हुसैन क्लब

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के मानपुर उत्तरी में वॉलीबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी कई टीमें जबरदस्त भिड़ंत के बाद सेमीफाइनल में पहुंची। फाइनल आज होगा। सोमवार को च्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में टूर्नामेंट का उद्घाटन नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने फीता काटकर किया इसके बाद बिजार खाता ए और मानपुर उत्तरी ए के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें मानपुर उत्तरी की टीम विजय रही। इसके बाद देसी क्लब और टांडा दभोरा की टीम खेलने के लिए उतरी। संघर्ष के बाद देसी क्लब विजई हुआ। देसी क्लब और स्वार क्लब के बीच टूर्नामेंट हुआ जिसमें स्वार क्लब को हार का सामना करना पड़ा। देसी क्लब और हुसैन क्लब के बीच देर शाम तक मुकाबला चला रहा जिसमें कड़े संघर्ष के बाद हुसैन क्लब ने देसी क्लब को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोमवार की देर शाम तक फाइनल नहीं हो सका जिसकी वजह से आयोजकों ने बताया कि फाइनल मंगलवार को होगा।

### आमजन को दी ध्यान के महत्व की जानकारी



**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित श्री रामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस केंद्र में सोमवार को पूज्य आदि गुरु लाला जी महाराज के जन्मोत्सव पर एक दिवसीय ध्यान एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें गुरु जी को नमन करते हुए विशेषज्ञों ने ध्यान का महत्व बताया। हार्टफुलनेस के वरिष्ठ प्रशिक्षक एसके जौहरी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिए। इसके बाद ध्यान का महत्व, गुरु की भूमिका, ध्यान सत्र के समय किन बातों का अवश्य ध्यान दे और प्रार्थना विषय आदि पर साधकों के साथ चर्चा हुई। इससे पहले चिकित्सीय केंद्र का उद्घाटन डॉ. अनूप सिंह ने किया। चिकित्सीय केंद्र को डॉ. ओमकार द्वारा संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में एसके जौहरी, जगदीश शरण, देवातोष श्रीवास्तव, रेनू श्रीवास्तव, कपिल देव ने ध्यान के समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इस बाबत विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन वीर सिंह ने किया। केंद्र समन्वयक पंकज सक्सेना ने आभार जताया।

ब्रीफ न्यूज

## स्कूल की बस में डंपर ने मारी टक्कर, चार बच्चे घायल, एक गंभीर

**बिजनौर, अमृत विचार :** नूरपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल बस की चांदपुर रोड पर डंपर से भिड़ंत हो गई। हादसे में चार छात्र घायल हो गए। रूट्स स्कूल की बस रतनगढ़ और लिंडरपुर गांवों से बच्चों को लेकर स्कूल की ओर जा रही थी। सामने से आ रहे डंपर ने ओवरटेक करते समय बस में टक्कर मार दी, जिससे बस में बैठे बच्चों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और चार घायल बच्चों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें दक्ष के पैर में फ्रैक्चर होने पर उसे बिजनौर रेफर किया गया है।

## वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की टक्कर से फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर की मौत हो गई। हादसा रविवार रात हुआ। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार संभल जिले के मोहल्ला सरायतरीन निवासी 40 वर्षीय प्रमोद गजरौला की एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वह सोमवार देर रात ड्यूटी खत्म कर नाईपुरा स्थित अपने किराए के कमरे पर जा रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन ने प्रमोद को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहां से गुजरने वाले लोगों से सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी की। प्रमोद की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बछरायूं में पुलिस ने की पैदल गश्त

**मंडी धनौरा , अमृत विचार :** कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के उद्देश्य से बछरायूं थाना अध्यक्ष कुलदीप तोमर ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त की। पैदल गश्त के दौरान उन्होंने कस्बे के मुख्य मार्गों पर रोड पर अतिक्रमण कर रहे लोगों को समझाया गया कि वे सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कें सार्वजनिक उपयोग के लिए हैं और उन पर अतिक्रमण से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वही उनके द्वारा भारी वाहनों के कस्बे के अंदर प्रवेश पर भी रोक लगाई गई, जिससे जाम की स्थिति न बने और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# पुलिस पिकेट के पास डॉक्टर के घर से लाखों की चोरी

### 45 हजार रुपए, लैपटॉप, टीवी, सोने की दो चेन, कुंडल, हार, दो जोड़ी पायल व अन्य सामान चोरी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि पुलिस पिकेट से चंद कदमों की दूरी पर बंद मकान से चोरों ने नगदी सहित लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

अमरोहा मार्ग स्थित बंधन बैंक के सामने डॉक्टर समरपाल किराए के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। नीचे उनका क्लीनिक है और दूसरी मंजिल पर उनका परिवार रहता है। उनका एक क्लिनिक दिल्ली में भी है। रविवार को पत्नी नेहा अपने मायके रुखालू चली गई थी और वह दिल्ली से रविवार की देर रात लौट रहे थे। पत्नी को भी फोन कर बुला लिया। सोमवार की सुबह डॉ. समरपाल व उनकी पत्नी नेहा घर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। मेन गेट का ताला कटा हुआ था और ऊपर कमरे में सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी और पुलिस ने सूचना मिलते ही मौका मुआयना किया।

डॉक्टर समरपाल ने बताया चोरों के द्वारा घर में रखी 45 हजार रुपए की नगदी, एक लैपटॉप, एक टीवी, सोने की दो चेन, एक कंठी, एक जोड़ी कुंडल, एक सोने का हार एवं दो जोड़ी चांदी की पाजेब चोरी गए हैं। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने नगदी व आभूषणों सहित लगभग 5 लाख रुपए की चोरी की है। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल ने बताया कि घटना की जानकारी है पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जल्द घटना का अनावरण किया जाएगा।



बैटरी चोरी का खुलासा करती पुलिस। ● अमृत विचार



चोरी की जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

## पुलिस ने अभियान चला कर 10 वारंटी पकड़े

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दस वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, ये सभी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे, जिसके कारण उनके विरुद्ध वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी और सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद, आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सभी अभियुक्तों को संबंधित न्यायालयों में पेश किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बैटरी चोर गिरोह का खुलासा, 1.20 लाख की 6 बैटरियां बरामद

- दो बाल अपचारियों समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** पुलिस ने चेकिंग अभियान के तहत बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी भागसिंह पुत्र मदनसिंह निवासी ग्राम शेरपुर, थाना मंडी धनौरा एवं दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 6 चोरी की बैटरियां बरामद की गईं। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने ये बैटरियां ग्राम शेरपुर, बसी मुस्तकम, चान्द्रा फार्म तथा रानी बस्तौरा के जंगलों में कृषि उपकरणों एवं अन्य स्थानों से चोरी की थीं। आरोपी सुनसान स्थानों को चिन्हित कर रात के समय वारदात को अंजाम देते थे। बरामद बैटरियों में विभिन्न नामी कंपनियों की बैटरियां शामिल हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बैटरी चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जबकि किशोर अपचारियों के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार, एसआई दारा सिंह, नवीन भाटी, कांस्टेबल अनुज कुमार, राहुल कुमार, आशीष पंवार, राजकुमार मौजूद रहे।

## मकान बेचने के नाम पर 13 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति से मकान बेचने के नाम पर 13 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने सगे रिश्तेदारों पर रकम हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

नगर के मोहल्ला होली वाला निवासी पीड़ित नईम का आरोप है कि संभल के मोहल्ला हातिम सराय निवासी आरोपियों ने नगर स्थित अपना एक मकान तेरह लाख रुपये में बेचने का सौदा किया था। विश्वास में आकर पीड़ित और उसके विकलांग भाई ने आठ लाख नगद और पांच लाख रुपये चेक के माध्यम से आरोपियों को दे दिए। पूरी रकम प्राप्त करने के बाद आरोपियों ने मकान का बैनामा करने में टालमटोल शुरू कर दी। हैरानी की बात यह है कि पुलिस की मौजूदगी में हुए समझौते के बाद भी आरोपियों ने न तो पैसे वापिस किए और न ही बैनामा किया।

अब आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और मकान को किसी तीसरे पक्ष को बेचने की फिराक में हैं। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र सौंपकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

## गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली गंगा तट बांध पर पलटी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गंगा तट बांध पर गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे ट्रैक्टर चालक घायल हो गया।

सोमवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बाई खेड़ा निवासी जबर सिंह अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली में गन्ना लादकर गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बिजौरा के निकट स्थित एक प्राइवेट गन्ना मील में गन्ना डालने जा रहा था। जैसे ही उसकी गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली कोतवाली क्षेत्र के गांव सतैडा के निकट गंगा तटबांध पर पहुंची तो गंगा तटबांध पर गहरे गड्ढे होने के कारण गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। जिससे चालक जबर सिंह घायल हो गया। घायल को ग्रामीणों ने निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। बाद में चालक के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने गन्ना दूसरी ट्रैक्टर ट्राली में लाद कर भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि 15 दिन में गंगा तटबंध पर यह तीसरा हादसा हुआ है। गंगा तट बंद पर जगह-जगह काफी गहरे गड्ढे हैं।



सड़क पर पलटी गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली।

## मां की डांट से नाराज युवती पहुंच गई होने वाली ससुराल

**हसनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव में मां की डांट से नाराज युवती होने वाली ससुराल पहुंच गई। पुलिस के हस्तक्षेप से युवती अपने घर लौटी।

एक गांव की युवती का निकाह ईद पर होना तय हुआ था। रविवार रात मां से हुई कहासुनी के बाद युवती ने अपने मंगेतर को फोन कर बुलाया और उसके साथ ससुराल पहुंच गई। परेशान पिता ने डायल 112 को सूचना दी। सोमवार सुबह मामला कोतवाली पहुंचा, जहां दोनों पक्षों के बीच घंटों पंचायत चली। युवती की जिद और सामाजिक लोक-लाज को देखते हुए परिजनों ने तय किया कि ईद का इंतजार किए बिना सोमवार को ही दोनों का निकाह करा दिया जाएगा। इसके बाद युवती के परिजन युवती को अपने घर ले गए।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट कार्यालयों का किया निरीक्षण

- पत्रावलियों का बेहतर रख-रखाव करने के निर्देश दिए
- लम्बित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को कहा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कलेक्ट्रेट कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने सभी कार्यालयों में पहुंचकर पत्रावलियों को चेक किया। निर्देश दिए कि सभी पत्रावलियों को बेहतर तरीके से रखें। कार्यालयों को साफ सुथरा व स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। साथ ही लम्बित प्रकरणों की जानकारी कर निर्धारित समय से उचित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

सोमवार को डीएम निधि गुप्ता ने कलैक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय, शस्त्र अनुभाग, औषधि निरीक्षक कार्यालय, रिकार्ड रूम, राज्य कर अधिकारी, आपदा कार्यालय, जेए कार्यालय, ईआरके, सीआरए, नजारत, खनन कार्यालय आदि सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होनें सभी कार्यालयों में पटलवार लम्बित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर उनके निर्धारित समयावधि में उचित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होनें ईआरके कार्यालय में निरीक्षण के समय लम्बित मुख्यमंत्री सन्दर्भ पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों के स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये।

कार्यालय में अनुपयोगी सामान मिलने पर निर्देशित किया कि निष्प्रयोज्य सामान की नीलामी कराएं। अगर उपयोग में लाया जा सकता है तो मरम्मत कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यालयों का रख रखाव इस तरह रखें जिस तरह अपने घर का रखते हैं। डीएम ने कलेक्ट्रेट के निरीक्षण करने पर नाजिर सदर को निर्देश दिये कि शौचालयों की साफ-सफाई, पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिये। महत्वपूर्ण कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे, कलेक्ट्रेट में अग्निशमन यन्त्र, अभिलेखों और पत्रावलियों का रख-रखाव, रजिस्टर मेन्टेन, आवश्यक जगह पर कूड़ादान, लटकते तार, अलमारी के ऊपर समान न रखना, नियमित साफ-सफाई आदि बिन्दुओं पर सम्बन्धित अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कार्मिको की सर्विस बुक और जीपीएफ सम्बन्धित रजिस्टर अद्यतन रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी गरिमा सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।



कलेक्ट्रेट कार्यालयों का निरीक्षण करतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स। ● अमृत विचार

# यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज ने भरी हुंकार

- लोगों ने कलेक्ट्रेट में की यूजीसी रोल बैक की मांग, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** यूजीसी कानून के खिलाफ स्वर्ण समाज के लोगों जिसमें भारतीय किसान यूनियन (हिंद), किसान यूनियन (मातृभूमि), वीर सेना, सवर्ण समाज समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट में जमकर नारेबाजी की। केंद्र सरकार से इस कानून को तुरंत वापस लेने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि कानून वापस नहीं लिया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

सोमवार को सवर्ण समाज के जुड़े विभिन्न संगठनों के लोग सैंकड़ों की तादात में कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान लोगों ने कहा कि सरकार ने यूजीसी में बदलाव कर उच्च शिक्षा में समानता को बढ़ावा देने के लिए एक बिल पारित किया है। उनका आरोप है कि यह बिल समाज में जातिगत द्वेष और जहर फैला रहा है, जिससे सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने भविष्य में भी सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका जताई। संगठनों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए इस बिल को वापस लेने की मांग की। कहा कि आरक्षण जातिगत आधार पर नहीं, बल्कि आर्थिक आधार पर होना चाहिए।

प्रदर्शनकारियों के अनुसार, गरीबी रेखा से नीचे के परिवार सभी वर्गों में आते हैं, चाहे वे सामान्य, पिछड़ा, अन्य पिछड़ा या अनुसूचित वर्ग के हों। संगठनों ने सरकार से इस कानून को वापस लेने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर सर्व समाज के साथ मिलकर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान शिवम राजपूत, सोमपाल सिंह, विकास कुमार सहित अन्य सैंकड़ो की तादात में लोग मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन करते सवर्ण समाज के लोग। ● अमृत विचार

## ठेकेदार के पिता ने की विवेचक बदलने की मांग

**गजरौला, अमृत विचार:** सिंचाई विभाग के ठेकेदार व उसके कार के चालक की मौत के मामले में सोमवार को ठेकेदार के पिता ने विवेचक बदलने की मांग की । इस संबंध मृतक ठेकेदार के पिता एसपी से मिल चुके हैं।

शहर के मोहल्ला शुक्लपुरी निवासी 42 वर्षीय दीपक उर्फ देवऋषि गौतम सिंचाई विभाग में ठेकेदार थे। शहर के मोहल्ला अवंतिका नगर में दीपक ने कार्यालय बना रखा था। चौबारा गांव निवासी 40 वर्षीय इंद्रपाल पुत्र जबर सिंह दीपक की कार का चालक था। कार्यालय में 29 मई को दोनों के शव मिले। दीपक के पिता अतरपाल सिंह ने दीपक की पत्नी व उसके रिश्तेदारों पर हत्या करने का आरोप लगाया। सोमवार को अतरपाल सिंह ने प्रेस वार्ता कर कहा कि कुछ दिनों पहले उनकी विवेचक क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल से कहासुनी हो गई थी।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चे सम्मानित



समापन कार्यक्रम में सम्मानित किए गए बच्चे। ● अमृत विचार

- माघ महोत्सव के समापन पर भव्य शोभायात्रा के बाद हुआ सम्मान समारोह
- प्रभातफेरी में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन कर श्री राम के चित्र दिए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** श्री रामायण संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित 69वें माघ महोत्सव का समापन कार्यक्रम श्रीराम की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

शहर के बड़ा बाजार स्थित खत्री धर्मशाला में श्री रामायण संकीर्तन मंडल द्वारा महोत्सव का समापन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि महेश सिंह ठेकेदार ने प्रभातफेरी में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें श्रीराम के चित्र भेंट कर सम्मानित किया। महामंत्री अतुल पंडित ने बताया कि एक माह से शहर में प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही थी। इसके साथ ही बाबा गंगानाथ मंदिर में सुबह-शाम रामायण का अखंड पाठ भी चल रहा था। अध्यक्ष चौनसुख गोले ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संदीप रस्तौगी, प्रतुल शर्मा, कमल किशोर, अमित रस्तौगी, प्रदीप भटनागर, आलोक शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## बीईओ ने स्कूलों में देखी एसआईआर की प्रगति

- चोहड़पुर वगद व ढयोटी के स्कूलों में सुनीं मतदाताओं की समस्याएं

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द ने विद्यालयों में मतदाताओं की सुनवाई की। गांव चोहड़पुर वगद एवं ढयोटी के स्कूलों में मतदाता सूची से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया तथा उपस्थित मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच की।

उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने, नाम हटाने एवं त्रुटि सुधार से संबंधित प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से सुना। उन्होंने बीएलओ द्वारा प्रस्तुत किए गए आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द ने निर्देश दिए कि एसआईआर कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए और अपात्र नामों को नियमानुसार हटाया जाए, ताकि आगामी चुनावों में एक शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। उन्होंने विद्यालय परिसरों में बनाए गए एसआईआर केंद्रों पर मौजूद बीएलओ एवं कर्मचारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदाताओं से अपील की कि वे अपने दस्तावेजों के साथ समय पर पहुंचकर सूची में अपने नाम की जांच अवश्य कर लें, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# घोर अंधेरे में दिया जलाना बहुत बड़ी बात

संवाददाता रहरा

**अमृत विचार:** चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने 50 मिनट के अभिभाषण में तंज कसा, अतीत और भविष्य का सेतु बन सनातनी छाप छोड़ी।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैं रहरा की इस मिट्टी को नमन करता हूं क्योंकि इस मिट्टी ने स्वर्गीय प्रकाश वीर शास्त्री जैसी बेटे को जन्म दिया है। मैं चौधरी बिहारी सिंह त्यागी से नहीं मिला लेकिन, जैसे फसल को देखकर किसान की कल्पना की जा सकती है। शिष्य से मिलकर गुरु की काबिलियत का अंदाजा लगाया जा सकता है। 15 वर्ष पहले ब्रह्मदत त्यागी ने घोर अंधेरे में एक दीपक जलाया । बोले जब सूरज चमक रहा हो 1000 वोल्ट का बल्ब भी लगाया जा सकता है, लेकिन जब घोर अंधेरा हो तो दिया जलाना बहुत बड़ी बात होती है। कहा कि कल्कि धाम भगवान विष्णु का दसवां अवतार है जिसकी नींव प्रधानमंत्री रख चुके हैं। कहा कि अच्छी बात तो बड़ा आदमी भी बोल देता है लेकिन सच्ची बात हमेशा सच्चा आदमी ही बोलता है।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जिक्र करते हो हुए उन्होंने कहा कि निर्मल मन जन सो मोहि पावा... अर्थात जिसका मन निर्मल है वही मुझे प्राप्त कर सकता है। अंत में उन्होंने कहा सनातन टूटेगा तो भारत टूटेगा और भारत टूटेगा तो सनातन टूटेगा। इस दौरान शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों, क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खडगवंशी, कवि विकास त्यागी, विद्यालय के डायरेक्टर ब्रह्मदत्त त्यागी, अमोद कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार, भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण गिरी, आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर के प्रबंधक रामचंद्र सिंह गुर्जर, अनुपम त्यागी आदि रहे।



कार्यक्रम में मौजूद श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य। ● अमृत विचार

- श्री बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज रहरा का स्थापना दिवस बोले आचार्य प्रमोद कृष्णम

## छात्रा को बहला फुसलाकर ले गया रिश्ते का जीजा

- तीन बच्चों का पिता है छात्रा को ले जाने का आरोपी
- छात्रा के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** थाना अमरोहा देहात क्षेत्र में 20 वर्षीय छात्रा घर से लापता हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि छात्रा को उसका रिश्ते का जीजा बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना अमरोहा देहात के एक गांव के रहने वाले एक किसान की 20 वर्षीय बेटी शहर के एक डिग्री कॉलेज में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा है। छात्रा शनिवार को कॉलेज पढ़ने गई थी, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तलाश के दौरान परिजनों को जानकारी मिली कि छात्रा को बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला युवक बहलाकर ले गया है। जिसके बाद छात्रा ने परिजनों को फोन करके बताया कि वह रिश्ते के जीजा के साथ है। परिजनों के अनुसार, युवक पहले से शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है। पीड़ित किसान पुलिस से मामले की शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने मामले रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक शौकेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

## डंपर-बाइक की टक्कर भाई की मौत, बहन गंभीर

**बिजनौर, अमृत विचार :** एक डंपर और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान शेरकोट थाना क्षेत्र के नगरपुर खड़क सेन निवासी रोहित (25) पुत्र रंजीत के रूप में हुई है। वहीं घायल युवती उसकी बहन सोनी है। रोहित अपनी बहन सोनी को दवाई दिलाने के लिए ले जा रहा था, तभी यह दुर्घटना हुई।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महबूब द्वारा संस्था ख्वाजा मस्जिद समिति, निकट मजार नौ गजे पीर हिमगिरि कालोनी हरथला थाना सिविल लाइन्स, तह. व जिला मुरादाबाद का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. महबूब-अध्यक्ष 2. मौ मोबीन- उपाध्यक्ष 3. सरफराज हुसैन- कोषाध्यक्ष 4. मौ. इरफान 5. अब्दुल अजीज 6. सलामत अली 7. मौ. शमीम- सदस्य दर्शाये गये है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि. एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

(आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक

## सिटी ब्रीफ

### विश्व वेटलैंड दिवस पर पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

**चंदौसी, अमृत विचार :** विश्व वेटलैंड दिवस वेटलैंड और पारंपरिक ज्ञान : सांस्कृतिक विरासत का उत्सव की थीम पर मनाया गया। शिक्षाविद् व पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. डीके अग्निहोत्री ने बताया कि वैटलैंड मृदा संरक्षण, बाढ़ नियंत्रण और जैव विविधता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। 1971 में इनके संरक्षण का प्रस्ताव आया था, लेकिन वर्तमान में आधे से अधिक वैटलैंड नष्ट हो चुके हैं। भारत में पहला वेटलैंड दिवस 02 फरवरी, 1982 को मनाया गया और वेटलैंड को रामसर साइट घोषित किया गया। इनकी मिट्टी में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और सल्फर की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है और इसमें रहने वाले जीव-जंतु व वनस्पतियां भोजन अवधि पर निर्भर करती हैं।

### मई गांव में मिस्त्री की दुकान में चोरी

**चंदौसी, अमृत विचार :** पथरा मोड़ के पास मई गांव में भट्टे के समीप स्थित एक मिस्त्री की दुकान में अज्ञात चोरों ने रात में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह करीब 9 बजे दुकान खोलने पहुंचे मालिक राजेश कुमार को चोरी का पता चला। राजेश कुमार ने बताया कि उनकी कार रिपेयरिंग की दुकान है और वह रात को दुकान बंद करके घर चले गए थे। चोरों ने दुकान के पीछे से कूमल लगाकर प्रवेश किया और वैक्यूम क्लीनर, एक अल्टीनेटर, दो वर्मा मोटर और लगभग 40 फीट कॉपर वायर समेत करीब 50 हजार रुपये का सामान ले गए।

### स्कूल में पेड़ काटने की सूचना पर पहुंचे वनकर्मी

**चंदौसी, अमृत विचार :** गांव नगला पूर्वा स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में सहजन के पेड़ काटे जाने की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी पहुंचे और जांच की। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि पेड़ जड़ से नहीं काटे गए हैं, बल्कि तीन सहजन के पेड़ों की केवल डालियां काटी गई हैं। प्रधानाध्यापिका पुष्पा रानी ने अधिकारियों को बताया कि सहजन के पेड़ों की टहनियां विद्यालय की रसोई की छत पर फैल गई थीं। बरसात के समय छत पर पानी जमा हो जाता था, जो टपक कर नीचे रसोई में गिरता था। इससे बच्चों के भोजन के बर्तनों में कचरा और पत्तियां गिरने की समस्या बनी रहती थी। इसके अलावा पेड़ों पर आने वाले बंदरों से भी परेशानी हो रही थी। इन्हीं कारणों से ग्राम प्रधान की अनुमति लेकर केवल टहनियां कटवाई गई थीं। बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा भी मौके पर पहुंचीं और विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया।

### दिखे अब्बाजान और भाईजान के चेहरे: 1978 के साम्प्रदायिक दंगे और 24 नवंबर 2024 की हिंसा पर है फिल्म

# संभल दंगों पर बन रही फिल्म 'कल्कि संभल' का पहला पोस्टर जारी

- महेश मांजरेकर, विजय राज जैसे अभिनेता करेंगे प्रमुख भूमिकाएं

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

**अमृत विचार:** संभल के चर्चित 1978 के बड़े साम्प्रदायिक दंगे और 24 नवंबर 2024 की हिंसा पर आधारित फिल्म कल्कि संभल का पहला पोस्टर जारी कर दिया गया है। निर्माता अमित जानी द्वारा बनाई जा रही इस फिल्म के पहले पोस्टर में अब्बाजान और भाईजान के चेहरे नजर आ रहे हैं। फिल्म आने से पहले पोस्टर को लेकर भी विवाद खड़ा होने की आशंका जाहिर की जा रही है।

सोमवार शाम करीब सात बजे फिल्म निर्माता अमित जानी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से फिल्म 'कल्कि संभल' का पहला पोस्टर जारी किया। कहा गया कि यह पोस्टर फिलहाल फिल्म के प्रमुख किरदारों को सामने लाने के उद्देश्य से जारी किया गया है। बताया गया है कि फिल्म की कहानी 1978 के संभल दंगों और 2024 की हिंसा की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में दो मुख्य नकारात्मक किरदार दिखाए गए हैं। पहला किरदार 'अब्बाजान' का है, जिन पर वर्ष 1978 में राजनीतिक लाभ के लिए दंगे भड़काने के आरोपों को दर्शाया गया है। दूसरा किरदार 'भाईजान' का है, जिन पर वर्ष 2024 में संभल में हिंसा फैलाने का आरोप फिल्म में दिखाने की बात कही जा रही है। अब्बाजान की भूमिका अभिनेता महेश मांजरेकर निभा रहे हैं, जबकि भाईजान के किरदार में अभिनेता विजय राज नजर आएंगे।

संभल कल्कि फिल्म में संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के किरदार को भी दिखाया गया है। एसपी विश्नोई की भूमिका निभाने वाले अभिनेता के नाम को अभी गोपनीय रखा गया है और इसका खुलासा अगले पोस्टर के माध्यम से किए जाने की बात कही गई है। फिल्म का निर्देशन भरत एस श्रीनेत कर रहे हैं। अमित जानी ने 21 सितंबर 2025 को संभल में एक कार्यक्रम के दौरान 1978 और 24 नवंबर 2024 की घटनाओं पर 'संभल फाइल्स' नाम से फिल्म बनाने की घोषणा की थी। अब फिल्म का शीर्षक बदलकर 'कल्कि संभल' रखा गया है। अमित जानी का कहना है कि वह एक जनवरी को भी संभल आए थे और फिल्म से जुड़े स्थलों व घटनाक्रम को लेकर जानकारी जुटाई थी। अब फिल्म का पहला पोस्टर जारी होने के बाद राजनीतिक हलकों से लेकर आम लोगों तक की प्रतिक्रियाओं पर सभी की निगाहें टिकी हैं। आने वाले दिनों में इस फिल्म को लेकर चर्चा और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।



कल्कि संभल फिल्म का पोस्टर।

## परीक्षा देकर लौट रहे छात्र से मारपीट, दी तहरीर

**चंदौसी, अमृत विचार:** मोहल्ला लक्ष्मणगढ़ निवासी समीर पुत्र शफीक ने कोतवाली में तहरीर nh कि सोमवार दोपहर करीब एक बजे वह एफआर इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर घर लौट रहा था। मोहल्ले के ही मुनाजिर पुत्र शाहिद अली तथा बिलाल ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर उसे बचाया। समीर ने बताया कि पहले भी उक्त दोनों लोग उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रमजान के दिनों में जामा मस्जिद में लाउडस्पीकर की मांगी अनुमति

### जामा मस्जिद कमेटी सदर ने डीएम को भेजा पत्र, कोर्ट में है जामा मस्जिद- हरिहर मंदिर मामला

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

**अमृत विचार:** संभल कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित विवादित धार्मिक स्थल शाही जामा मस्जिद में रमजान माह के दौरान एक लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति मांगी है। इस बाबत मस्जिद कमेटी सदर जफर अली एडवोकेट ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। ज्ञापन में सरकारी ध्वनि मानकों के अनुरूप सीमित आवाज में लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति देने की मांग की गई है।

शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामला अदालत में है। अदालत के ही आदेश पर 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद परिसर में सर्वे की कार्रवाई के दौरान हिंसा की घटना के बाद से माहौल संवेदनशील बना हुआ है। इसी प्रकरण से जुड़े मामलों में हिंसा के मुकदमों से लेकर मंदिर बनाम मस्जिद सहित कई मुकदमों को लेकर अदालत में सुनवाई चल रही है। बीते साल ईद से पहले जामा मस्जिद में रंगाई पुताई का मामला उठा था। उस समय मामला हाईकोर्ट में पहुंचा था और अदालत के आदेश पर पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने विवादित स्थल पर रंगाई-पुताई और साफ-सफाई से संबंधित


जफर अली एडवोकेट।

कार्य कराया था। इस साल ईद से पहले जामा मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाने की मांग उठी है।

मस्जिद सदर जफर अली द्वारा जिलाधिकारी को भेजे गये आवेदन में कहा गया है कि पवित्र रमजान माह 18 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। इस दौरान रोजाना पांच वक्त की नमाज के साथ-साथ जुमे की नमाज तथा अलविदा जुमे की विशेष नमाज अदा की जाती है। इमाम की आवाज सभी नमाजियों तक स्पष्ट रूप से पहुंच सके, इसके लिए लाउडस्पीकर लगाया जाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लाउडस्पीकर का प्रयोग पूरी तरह से सरकारी दिशा-निर्देशों और ध्वनि मानकों के अंतर्गत ही किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार का भ्रम या विवाद उत्पन्न न हो। प्रशासनिक स्तर पर पूरे प्रकरण को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। जामा मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाने की इजाजत दी जायेगी या नहीं इसे लेकर प्रशासन ने अपना रुख साफ नहीं किया है।


जामा मस्जिद संभल। ● अमृत विचार

### हाईकोर्ट पहुंचा नेजा मेला का मामला, 9 फरवरी को होगी सुनवाई

**संभल, अमृत विचार :** नेजा मेला के आयोजन को लेकर एक साल पहले उठा विवाद अब इलाहाबाद उच्च न्यायालय तक पहुंच गया है। मेला आयोजन की अनुमति के लिए कमेटी की ओर से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की गई है। इस मामले की अगली सुनवाई 9 फरवरी को निर्धारित की गई है। पिछले वर्ष संभल में प्रशासन ने मेला आयोजित करने की अनुमति नहीं दी थी। उस समय तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र ने कहा था कि किसी आक्रांता या लुटेरे के नाम पर मेला आयोजित नहीं होने दिया जाएगा। इस वर्ष नेजा मेला आयोजन के लिए कमेटी की ओर से 22 जनवरी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में रिट याचिका दाखिल की गई। इस याचिका पर 29 जनवरी को पहली सुनवाई हो चुकी है। सुनवाई के दौरान संभल प्रशासन की ओर से हाईकोर्ट को अवगत कराया गया कि इस मामले से संबंधित एक वाद पहले से संभल की सिविल जज अदालत में विचाराधीन है। इसके बाद हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 फरवरी की तिथि निर्धारित कर दी। नेजा मेला कमेटी की ओर से अधिवक्ता सैयद हाजी जमाल पैरवी कर रहे हैं। याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ-साथ जिलाधिकारी संभल और नगर पालिका को भी पक्षकार बनाया गया है। अब सभी की निगाहें 9 फरवरी को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं।

## बहन की शादी में नहीं बने कपड़े, इसलिए किशोर ने दे दी जान

**संभल,अमृत विचार:** बहन की शादी के दिन 16 साल के भाई द्वारा फंदे पर लटककर जान देने के मामले में आत्महत्या की वजह सामने आ गई है। बहन की शादी पर पिता ने नये कपड़े लाने के लिए तीन हजार रुपये नहीं दिये थे। इसी से आहत होकर किशोर ने जान दी थी। शादी वाले घर में मातम पसरा हुआ है।

संभल के थाना रायसत्ती क्षेत्र में मोहल्ला जगत में रविवार को मुकीम खान की बेटी शाजिया का निकाह था। निकाह के बाद शाजिया की विदाई होने लगी तो हमजा ने अपनी मां शकीला से घर की चाबी ली और घर चला गया। परिजन घर पहुंचे तो हमजा पंखे पर फंदे से लटका था। ये देख कोहराम मच गया। परिजन शव को दफन करने की तैयारी कर रहे थे लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए थे। इस मामले में अब तक की जांच में सामने आया है कि बहन की शादी में नए कपड़ों के लिए हमजा ने अपने पिता से 3000 रुपये मांगे थे। पिता ने पैसे नहीं दिये तो वह आहत हो गया था। शादी के दौरान भी उसके चेहरे पर उदासी थी। हमजा पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। रायसत्ती थाना प्रभारी निशांत कुमार राठी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पैसे न मिलने से नाराज होकर किशोर ने आत्मघाती कदम उठाया।

# शिक्षा, सुरक्षा और पोषण पर विशेष ध्यान दे रही सरकार


असमोली में संपूर्णता अभियान 2.0 आरंभ करते डॉ. हरि सिंह ढिल्लों। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता,संभल/मनोटा**

- असमोली में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ, 14 अप्रैल तक चलेगा राष्ट्रव्यापी अभियान

**अमृत विचार:** विकासखंड असमोली परिसर में तीन माह तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी संपूर्णता अभियान 2.0 का भव्य कार्यक्रम के बीच शुभारंभ किया गया। यह अभियान 14 अप्रैल तक संचालित होगा। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मेहनत से भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जायेगा।

डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को संपूर्णता अभियान 2.0 की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, सुरक्षा और पोषण पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 का समापन 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर होगा।एमओआईसी डॉ. हेमंत कुमार ने सर्वाइकल कैंसर, डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन जैसी बीमारियों की रोकथाम व जागरुकता के संबंध में जानकारी दी। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रत्नेश कुमार ने नीति आयोग के अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी दी। जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने छह प्रमुख संकेतांकों की जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने बताया कि इसमें नए लक्ष्य निर्धारण, निरंतरता, संस्थागतकरण, अभिसरण और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर कार्य कर रही है। खंड विकास अधिकारी असमोली प्रेमपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सीडीपीओ रचना यादव, ब्लॉक प्रमुख असमोली संतोष देवी , भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र त्यागी, खंड शिक्षा अधिकारी असमोली अंशुल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सावधान रहे हिंदू समाज ,विभाजित करने के हो रहे षडयंत्र

- बबराला में हिंदू सकल समाज सम्मेलन में एकजुटता और सामाजिक चेतना पर दिया जोर

**संवाददाता, बबराला**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को अग्रवाल धर्मशाला के सामने हिंदू सकल समाज सम्मेलन में प्रांत प्रचारक प्रमुख सुरेंद्र सुरेंद्र ने कहा कि हिंदू समाज विभिन्न आधारों पर बंटता जा रहा है। कभी राज्यों के नाम पर, कभी जातियों के नाम पर और कभी देवी-देवताओं के नाम पर समाज को विभाजित करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में हिंदू समाज को एक मंच पर लाने और आपसी एकता को मजबूत करने के लिए इस प्रकार के सम्मेलनों की आवश्यकता है।

मुख्य अतिथि साध्वी प्राची दीदी ने हिंदू समाज को संगठित और जागरूक रहने का आह्वान किया। कहा कि देशभर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक चेतना जागृत करने का प्रयास है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बेटियों की सुरक्षा और संस्कारों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में माता-पिता को बच्चों की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने की आवश्यकता है। माताओं से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को अच्छे संस्कार दें और उनके साथ संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों को दिए गए मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के उपयोग पर भी निगरानी जरूरी है, ताकि वे किसी गलत संगति या प्रभाव में न आएं। उन्होंने कहा कि संस्कारों से ही समाज मजबूत होता है और परिवार सुरक्षित रहता है। साध्वी प्राची दीदी ने कहा कि जब माताएं संस्कारी होंगी, तभी बेटियां सुरक्षित और सशक्त बनेंगी।सम्मेलन में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।


मंच पर महिलाओं के बीच म्यान से तलवार खींचतीं साध्वी प्राची। ● अमृत विचार

### साध्वी प्राची बोलीं, बेटी को सलीम से ज्यादा खतरा सलमा से

**बबराला, अमृत विचार :** साध्वी प्राची दीदी ने महिलाओं को बेटियों की सुरक्षा को लेकर चेताया। कहा कि बच्चियां जिहादियों के जाल में फंस रही हैं। अब सलीम से ही नहीं बल्कि सलमा से भी सावधान रहने की जरूरत है। कहा कि जिहादी हाथ में कलावा, तिलक और भगवा गमछा डाल कर के और नई, दो-ढाई लाख की चमचमाती मोटरसाइकिल लेकर स्कूलों के बाहर, आपकी बेटियों के कोचिंग के बाहर खड़े होते हैं। हमारी बच्ची बड़ी भोली-भाली मासूम होती है, दो-चार चक्कर लगाएगा दो दिन, चार दिन, छह दिन और फिर उस गुड़िया को डब्बू, पप्पू नाम बताएगा। कहा कि नाम कासिम नहीं बताएगा, अशरफ नहीं बताएगा। मोबाइल फोन के खतरों को लेकर कहा कि बेटी को फोन दे रखा है और वह उसमें लॉक लगाकर रखती है। मुझे माफ करना बहुत कड़वी बात कहने जा रही हूं। वो 15, 18साल की बच्ची की कौन सी प्राइवेसी है जो वह लॉक लगा रही है। कहा कि कमरे में बेटी बैठकर पढ़ रही है, तो जरा झांक लिया करो,कहीं पढ़ाई कर रही है कि वीडियो कॉल पर बात कर रही है। रील बनाने वाली लड़कियों को लेकर कहा कि रील बनाओ, मैं मना नहीं कर रही। लेकिन छोटे-छोटे कपड़े पहनकर अपने पिता की पगड़ी को मत उछालना।

# शबे बरात पर व्यवस्थाओं की मांग, दिया ज्ञापन

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

**अमृत विचार:** शबेबरात के पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए मुस्लिम समाज और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने प्रशासन से आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित कराने की मांग उठाई है।उपजिलाधिकारी रामानुज को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में शबे बरात के दौरान साफ-सफाई, सुरक्षा, बिजली और पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता देने की मांग की गई। कब्रिस्तानों, इमामबाड़ों और प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास नियमित साफ-सफाई कराने की बात कही गई। सपा जिला सचिव सईद अख्तर इस्राइली ने कहा कि शबे बरात की रात बड़ी संख्या में लोग कब्रिस्तानों और इमामबाड़ों में जाकर इबादत करते हैं। ऐसे में गंदगी, टूटे रास्ते और अव्यवस्थाएं श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बनती हैं। पर्व से पहले विशेष सफाई अभियान चलाया जाए और आने-जाने वाले रास्तों को दुरुस्त कराया जाए। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सतर्कता बरतने की अपील की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शबे बरात की रात देर तक इबादत का सिलसिला चलता है, ऐसे में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए। सपा नेताओं ने कहा कि इबादत के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने या पेयजल की कमी से लोगों को भारी असुविधा होती है, इसलिए त्योहार के दौरान निर्बाध बिजली और पर्याप्त पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वैश्य एकता मंच समाज को करेगा एकजुट

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

**अमृत विचार:** वैश्य एकता मंच की नवगठित कार्यकारिणी ने शपथ ली। कार्यक्रम में समाज की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुटता से काम करने का संकल्प लिया गया।

मंच पर वरिष्ठ संस्थापक सदस्य नरेंद्र अग्रवाल, संरक्षक पवन रस्तोगी एडवोकेट, जयप्रकाश गुप्ता नेताजी, सजन गोयल, दिनेश चंद गुप्ता, कमल कौशल वार्ष्णेय आदि आसीन रहे। नरेंद्र अग्रवाल ने वैश्य एकता मंच के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि मंच का उद्देश्य समाज को संगठित कर सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक उत्थान की दिशा में कार्य करना है। पवन रस्तोगी एडवोकेट ने कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अवधेश वार्ष्णेय एवं जय अग्रवाल, महामंत्री अजय गुप्ता सर्राफ,


संभल में शपथ लेते वैश्य एकता मंच के पदाधिकारी ● अमृत विचार

- संभल में वैश्य एकता मंच की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

उपमहामंत्री अजय गुप्ता भट्टे वाले, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता, संगठन मंत्री संजय गुप्ता कमांडर, मंत्री आकाश अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल सहित सौरव गुप्ता, पुलकित गुप्ता, अक्षय गुप्ता, शालू गुप्ता, प्रशांत रस्तोगी, उत्कर्ष गुप्ता, राजू गुप्ता आदि शामिल रहे।

अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में संगठित प्रयासों की अत्यंत आवश्यकता है। संगठन के माध्यम से असहाय, निर्धन एवं कमजोर वैश्य बंधुओं की सहायता कर उनके विकास के लिए कार्य किया जाएगा तथा किसी भी संकट की घड़ी में समाज के लोग कंधे से कंधा मिलाकर एक-दूसरे के साथ खड़े होंगे। अशोक अग्रवाल, संजय अग्रवाल, कुलदीप ऐरन, सौरभ गुप्ता मुखिया, जयप्रकाश गुप्ता, कमल कौशल वार्ष्णेय सहित अन्य वक्ताओं ने वैश्य एकता मंच को मजबूत बनाने का आह्वान किया। संचालन अनुराग गुप्ता एवं सुधांशु ने किया।

## सिटी डायरी



### ग्राम चौपाल में किया गया समस्याओं का निस्तारण

**चंदौसी,अमृत विचार :** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव गुरगांव, रीठ और सराय ज्वालापुरी में सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव के नेतृत्व में ग्राम चौपाल एवं समस्या निराकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम गुरगांव में 60, ग्राम रीठ में 45 और ग्राम सराय ज्वालापुरी में 58 समस्याएं दर्ज की गईं। डॉ. अनामिका यादव ने सभी विभागीय और नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिन मामलों में पात्रता की आवश्यकता है, उनका स्थल पर सत्यापन कर लाभार्थियों को शीघ्र लाभ दिलाया जाए। साथ ही जिन ग्रामीणों का नाम मतदाता सूची में नहीं है, उनसे एसआईआर फॉर्म भरवाने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय और जवाबदेही मजबूत करने से हर ग्राम सशक्त, आत्मनिर्भर और विकास की मुख्यधारा से जुड़ा रहेगा।



### फरवरी में भी कोहरे का कहर लोगों की बढ़ी मुश्किलें

**संवाददाता,चंदौसीअमृत विचार :** फरवरी में भी घना कोहरा लोगों का पीछा नहीं छोड़ रहा है। जनवरी में भारी कोहरे के बाद उम्मीद थी कि ठंड कम हो जाएगी, लेकिन फरवरी में सर्द हवाओं के साथ कोहरा जनजीवन को प्रभावित कर रहा है। घने कोहरे के कारण स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं, राहगीरों तथा परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों को सुबह काफी परेशानी हुई। रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड और फुब्बारा चौक सहित कई क्षेत्र पूरी तरह कोहरे में डूबे रहे। सुबह बर्फीली बूंदों ने ठंड और बढ़ा दी। हालांकि 11 बजे तक धूप निकलने के बाद मौसम में सुधार आया और लोगों को राहत मिली।



### हल्लू सराय में श्रीमद् भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

**संभल, अमृत विचार :** चामुंडा मंदिर हल्लू सराय के निकट आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अंतर्गत चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आचार्य प्रमोद पाठक ने यज्ञ कराया जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कीं। कथावाचक अतुल कृष्ण महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, नाम-स्मरण की महिमा, भक्ति मार्ग की सरलता तथा मानव जीवन में धर्म और संस्कारों के महत्व पर भावपूर्ण प्रवचन दिया। उनकी ओजस्वी वाणी और सरल शैली ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन में लीन रहे और पंडाल जय श्रीकृष्ण व हरि बोल के जयघोष से गूंज उठा। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में संचालित श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ ट्रस्ट, मोहल्ला हल्लू सराय, संभल द्वारा कराया गया।

### मांझे में फंसे कबूतर की अस्पताल कर्मी ने बचाई जान



**संभल,अमृत विचार :** प्रतिबंधित चाइनीज मांझा न सिर्फ इंसान बल्कि जीव जंतुओं के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है। संभल जिला अस्पताल की चौथी मंजिल पर एक कबूतर की गर्दन चाइनीज मांझे में फंसी तो बेजुबान कबूतर घंटों तक फड़फड़ाता रहा। अस्पताल के कर्मचारी चेतन सिंह कैंची लेकर अस्पताल की छत पर पहुंचे। चेतन सिंह ने हवा में झूल रहे कबूतर के पास पहुंचकर उसकी गर्दन में फंसा मांझा काटा। इसके बाद चेतन सिंह दूसरी मंजिल पर पहुंचे, जहां उन्होंने कबूतर को बेहद सावधानी से पकड़ा और उसके पंखों में उलझे मांझे को काटकर अलग किया। कुछ ही पलों में कबूतर पंख फैलाकर उड़ गया। लोगों ने कर्मचारी की सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### माघ मेला में लगीं 3800 रोडवेज बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज में आयोजित माघ मेला 2026 के दौरान उप्र. परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) द्वारा श्रद्धालुओं को सुविधाजनक बस सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। 1 फरवरी तक लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों ने परिवहन निगम की बसों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचकर संगम में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। यह जानकारी परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि माघ मेले के दौरान प्रदेश भर से लगभग 3800 बसों को प्रयागराज के लिए लगाया गया। परिवहन मंत्री ने बताया कि 3 जनवरी से 1 फरवरी के बीच प्रतिदिन औसतन 1,178 बसों का संचालन किया गया और लगभग 10 लाख यात्रियों ने परिवहन निगम की सेवाओं का उपयोग किया।

### दो औद्योगिक इकाइयों को 2.70 करोड़ प्रतिपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक विकास मंत्री नंदी गोपाल गुप्ता नंदी ने निवेश एवं उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में अहम निर्णय लेते हुए दो वृहद औद्योगिक इकाइयों को प्रतिपूर्ति राशि और एक इकाई को ब्याजमुक्त ऋण देने की स्वीकृति प्रदान की है। डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड को 1,53,49,543 रुपये और कजारिया सेरामिक्स लिमिटेड को 1,17,34,221 रुपये की राशि प्रथम किस्त के रूप में देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस प्रकार दोनों कंपनियों को कुल 2,70,83,765 की प्रतिपूर्ति राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही मंत्री नंदी ने चंदौली स्थित पावरकॉन सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड को 1.48 करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त ऋण दिए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है।

### सूची से मतदाताओं के नाम काटने के आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा ने प्रदेश में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम अवैध रूप से हटाए जाने का आरोप लगाते हुए राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से दी गई शिकायत में फार्म-7 के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया गया है। सपा द्वारा दिए गए ज्ञापन में पार्टी ने आरोप लगाया कि कई जिलों में भाजपा की ओर से जिलाधिकारियों पर भी दबाव बनाया जा रहा है। ज्ञापन में लखनऊ, मिर्जापुर, सीतापुर, सोनभद्र, कानपुर देहात, बुलंदशहर, गाजीपुर, अमेठी और मथुरा सहित कई जिलों की विधानसभाओं में बड़ी संख्या में फार्म-7 जमा किए जाने का उल्लेख किया गया है। सपा ने मांग की है कि फार्म-7 जमा करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

### सिंगापुर की कंपनी से निवेश पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिंगापुर की अग्रणी एकीकृत कंटेनर लॉजिस्टिक्स कंपनी एपी मोलर माएर्स्क के प्रबंध निदेशक रीन पील पेडरसन ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश में निवेश के विस्तार और भविष्य की संभावनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। पेडरसन के साथ विवेक शर्मा, हेड बिजनेस डेवलपमेंट एवं रेगुलेटरी अफेयर्स (भारत, बांग्लादेश एवं श्रीलंका क्षेत्र) भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एपी मोलर माएर्स्क को उत्तर प्रदेश में अपने निवेश का विस्तार करने का आमंत्रण देते हुए हरसंभव नीतिगत और प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया। कंपनी प्रतिनिधि विवेक शर्मा ने बताया कि एपी मोलर माएर्स्क पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से उत्तर प्रदेश में निवेश कर रही है और सरकार से लगातार सहयोग मिलता रहा है।



जनता दर्शन के दौरान बच्ची अनाबी अली से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी।

# योगी ने सराही मासूम अनाबी की कविता, लोरेटो कॉन्वेंट में एडमिशन के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को 'जनता दर्शन' के दौरान एक मासूम बालिका अनाबी अली के प्रार्थना पत्र पर शहर के लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल में एडमिशन कराने के निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने उसकी कविता हम शेर बच्चे हैं हम बड़े होकर देश की शान बढ़ाएंगे.. सुनकर मुख्यमंत्री ने प्रशंसा की। मुख्यमंत्री अपनी माताओं के साथ आए अन्य बच्चों से भी आत्मीय संवाद किया। साथ ही एक-एक कर सभी फरियादियों से मिले और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध कब्जा की शिकायतों पर दोषियों के खिलाफ निरंतर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री आवास पर अपनी मां के साथ बालिका अनाबी अली भी पहुंची। वह कान्वेंट स्कूल में एडमिशन की चाह लेकर आई थीं। इस दौरान उसने दिल को छू लेने वाली बातचीत की। उसकी बातें सुनकर योगी ने तत्काल उसका एडमिशन पक्का कराने के लिए अधिकारियों को आदेश दिया। योगी से मिलने के बाद अनाबी अली ने कहा कि ''मैं सीएम से मिली। उनसे लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल में मेरा एडमिशन करवाने की रिक्वेस्ट की है। 'जनता दर्शन' में अवैध कब्जे से जुड़े कई प्रकरण सामने आए, जिन पर मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आम नागरिक को न्याय के लिए भटकना न पड़े।

जनता दर्शन में एक महिला अपने बच्चे के साथ पहुंचीं, जिनके बच्चे का इलाज केजीएमयू में चल रहा है। महिला ने आर्थिक सहायता की मांग की। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा कि 25 करोड़ प्रदेशवासी मेरा परिवार हैं। धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जरूरतमंदों को उपचार के लिए हरसंभव सहायता दी जाएगी।

# अंत: फसली खेती को मिशन मोड में करें लागू

## मुख्यमंत्री योगी ने समीक्षा बैठक में गन्ना के साथ तिलहन-दलहन की खेती को लेकर दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में उच्चस्तरीय बैठक के दौरान अंत : फसली खेती को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कृषि क्षेत्र को नई ऊंचाई देने का सबसे प्रभावी और व्यावहारिक रास्ता गन्ना आधारित तिलहनी-दलहनी अन्तःफसली खेती है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल किसानों की आय को केवल दोगुना नहीं, बल्कि बहु-गुणित करने की क्षमता रखता है।

मुख्यमंत्री सोमवार को इस विषय पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गन्ने के साथ सरसों, मसूर, उर्द और मूंग जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की अन्तःफसल अपनाने से किसानों को अतिरिक्त उत्पादन, कम लागत और पूरे वर्ष स्थिर नकदी प्रवाह मिलता है। इससे न केवल किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है, बल्कि एकल फसल पर निर्भरता घटने से जोखिम भी कम होता है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल अतिरिक्त फसल, अतिरिक्त लाभ और अतिरिक्त सुरक्षा, तीनों एक साथ उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषि योग्य भूमि का क्षैतिज विस्तार अब संभव नहीं है। ऐसे में इकाई क्षेत्रफल से अधिक उत्पादन ही ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ने का व्यावहारिक रास्ता है। कहा कि गन्ना आधारित अन्तःफसली खेती प्रदेश के कृषि भविष्य का नया मॉडल है।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि इस योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक मिशन मोड में लागू किया जाए। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 29.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की खेती होती है, जिसमें 14.64 लाख हेक्टेयर नया बोया गया और 14.86 लाख हेक्टेयर पेड़ी क्षेत्र शामिल है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े क्षेत्र में तिलहन-दलहन को व्यवस्थित रूप से जोड़ने से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और प्रदेश को तिलहन-दलहन में आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक बढ़त मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अन्तःफसल का चयन वैज्ञानिक और व्यावहारिक आधार पर हो तथा कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) और कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से इसे खेत-स्तर तक पहुंचाया जाए। उन्होंने अनुसंधान संस्थानों की सिफारिशों के अनुरूप रबी में सरसों-मसूर और जायद में उर्द-मूंग को प्राथमिकता देने को कहा।

# आधुनिक बीज नीति बनाएं : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 5 वर्षों में पांच 'सीड पार्क', हर क्लाइमेटिक जोन में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कृषि उत्पादन की वास्तविक शक्ति उच्च गुणवत्ता वाले, भरोसेमंद और प्रमाणित बीजों में निहित है। भूमि जोत के लगातार घटते आकार को देखते हुए अब रकबे के बजाय प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने पर फोकस करना होगा। इसी लक्ष्य के साथ उन्होंने प्रदेश के लिए एक नई, आधुनिक और भविष्य-दृष्टि वाली बीज नीति तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को आवास पर आयोजित बीज नीति को लेकर समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया कि उच्च उपज, रोग-प्रतिरोधी और जलवायु-सहिष्णु किस्मों के विकास को प्राथमिकता देते हुए ऐसी नीति बने, जो बदलती जलवायु और बाजार की चुनौतियों का समाधान दे। बीज नीति पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने अगले पांच वर्षों के लिए बीज उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और उपलब्धता को नए स्तर तक ले जाने का ठोस रोडमैप बनाने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने भरोसेमंद आपूर्ति के लिए हर बीज की एंड-टू-एंड ट्रेसेबिलिटी अनिवार्य करने के निर्देश दिए। किसानों तक पहुंचने वाला हर बीज पैकेट परीक्षणित, प्रमाणित और मानक अनुरूप होना चाहिए। इसके लिए कृषि विश्वविद्यालयों, आईसीएआर संस्थानों, उपकार तथा निजी बीज उद्योग को एक मंच पर लाकर बीज अनुसंधान, नवाचार और किस्म-रिलीज प्रक्रिया को तेज करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने अगले पांच वर्षों में कम से कम पांच 'सीड पार्क' स्थापित करने की योजना पर तेजी से काम करने को कहा। ये पार्क उत्पादन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता परीक्षण और भंडारण की एकीकृत सुविधाओं से लैस होंगे।

# रेशम उद्योग के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'सॉइल टू सिल्क' की पूरी प्रक्रिया एक ही स्थान पर होगी प्रदर्शित

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने रेशम उद्योग के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना की है। इस सेंटर में एरी, शहतूती और टसर रेशम से संबंधित सभी आधुनिक और पारंपरिक प्रक्रियाओं को दर्शाया गया है। यहां रेशम कीट पालन, कोकून उत्पादन, धागा निर्माण और वस्त्र तैयार करने तक की पूरी श्रृंखला को जीवंत रूप में देखा जा सकेगा ।

यह बात सोमवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने इस केंद्र का उद्घाटन करने के बाद कहीं। उन्होंने बताया कि यह केंद्र रेशम उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया 'सॉइल टू सिल्क' की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें मिट्टी से लेकर रेशम धागा और वस्त्र निर्माण तक की हर अवस्था को एक ही स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा। बताया कि यह स्थल पहले अनुपयोगी स्थिति में था, जिसे अब आधुनिक स्वरूप देकर रेशम उद्योग की पहचान का केंद्र बनाया गया है।

एमएसएमई मंत्री ने एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के ग्रोथ फंड की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के लघु उद्यमियों को बड़ा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उद्यान एवं रेशम विभाग के अपर मुख्य सचिव, विशेष सचिव-निदेशक (रेशम) तथा केंद्रीय रेशम बोर्ड के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 48 हजार कर्मचारियों का वेतन रोकने का आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण न भरने पर सख्ती
- डीडीओ की जवाबदेही तय, नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल के आदेश पर मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण अपलोड नहीं करने वाले लगभग 48,000 राज्य कर्मचारियों का जनवरी 2026 का वेतन रोक दिया गया है। यह कार्रवाई राज्य सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गई है।

अमृत विचार ने पहले ही शासन की ओर से दी गई चेतावनी से कार्मिकों को अवगत कराया था कि 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण अपलोड नहीं कराने पर जनवरी माह का वेचन रुकेगा। अब मुख्य सचिव एसपी गोयल ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 के नियम-24 के अनुसार सभी राज्य कर्मचारियों के लिए अपनी चल (जैसे वाहन, बैंक बैलेंस, जेवर) और अचल (जैसे मकान, भूमि) संपत्तियों का विवरण हर वर्ष मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य है। इसके बावजूद समयसीमा के भीतर विवरण न देने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध यह सख्त कदम उठाया गया है।

मुख्य सचिव की ओर से यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि किसी ऐसे कर्मचारी का वेतन गलती से जारी हो जाता है, जिसने संपत्ति विवरण अपलोड नहीं किया है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित आहरण-वितरण अधिकारी (डीडीओ) की होगी। ऐसे मामलों में डीडीओ के खिलाफ विभागीय जांच और रिकवरी की कार्रवाई की जाएगी।

शासन स्तर पर यह भी स्पष्ट किया गया है कि कुछ समाचार माध्यमों में 68 हजार से अधिक कर्मचारियों के वेतन रोके जाने की जो बात सामने आई है, वह सही नहीं है। राष्ट्रीय सूचना केंद्र के आंकड़ों के अनुसार 31 जनवरी 2026 तक कुल 47,816 कर्मचारियों ने ही संपत्ति विवरण पोर्टल पर दर्ज नहीं किया और इन्हीं कर्मचारियों का वेतन रोका गया है। इन कर्मचारियों को वेतन तभी मिलेगा, जब मानव संपदा पोर्टल दोबारा खोलकर वे अपना विवरण अपडेट करेंगे।

गौरतलब है कि शासन ने 24 नवंबर 2025 को आदेश जारी कर 31 दिसंबर 2025 तक अर्जित संपत्तियों का विवरण 31 जनवरी 2026 तक अपलोड करने का निर्देश दिया था। इसके बाद 6 जनवरी 2026 को स्पष्ट किया गया था कि जो कर्मचारी समय पर विवरण नहीं देंगे, उन्हें फरवरी में जनवरी का वेतन नहीं दिया जाएगा। मुख्य सचिव के ताजा निर्देशों में सभी विभागों से कहा गया है कि वे ऐसे कर्मचारियों की सूची तत्काल तैयार करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी नियमों का उल्लंघन न हो। यदि किसी विभाग ने गलती से वेतन जारी कर दिया है, तो उसकी रिपोर्ट के साथ एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई विवरण शासन को भेजना होगा। साथ ही, संपत्ति विवरण न देने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



देवगढ़ स्थित वन्य जीव अभ्यारण्य में बर्ड फेस्टिवल की शुरुआत करते मंत्री जयवीर सिंह।

# नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर ललितपुर के देवगढ़ स्थित महावीर स्वामी वन्य जीव अभ्यारण्य में 'उप्र. नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल-2026' का आयोजन किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को 'वेटलैंड एंड ट्रेडिशनल नॉलेजः सेलिब्रेटिंग कल्चरल हेरिटेज' थीम पर आधारित इस फेस्टिवल का उद्घाटन किया। मंत्री जयवीर सिंह ने ललितपुर और झांसी में लगभग 24 करोड़ रुपये की पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।

# गबन सिद्ध होने पर वरिष्ठ सहायक की पदावनति

**अमृत विचार, लखनऊ :** गबन के आरोप में लखनऊ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक रेखा तोमर की पदावनति कर दी गई है। उन पर आरोप था कि उन्होंने रोगी कल्याण समिति में एकत्र सरकारी धनराशि, सरकारी खाते में जमा नहीं की थी। तत्कालीन निदेशक प्रशासन डॉ. राजागणपति द्वारा की जांच में गबन सिद्ध हो गया था, आज यह दंडात्मक कार्रवाई की गयी है।

पदावनति के बाद रेखा तोमर को अब कनिष्ठ सहायक के पद पर भेज दिया गया है। सोमवार को निदेशक प्रशासन द्वारा जारी किए गए दंडादेश में यह स्पष्ट किया गया कि यह कदम अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत उठाया गया है। पदावनति के साथ ही, यह भी कहा गया है कि यदि भविष्य में इस तरह के किसी अन्य मामले में लापरवाही या भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है, तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मी बाई संयुक्त चिकित्सालय में तैनाती के दौरान का यह मामला है।



प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में एकजुटता प्रदर्शित करते राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य नेता। अमृत विचार

# मनरेगा कानून को बचाने की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस : अविनाश पांडेय

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव-प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने कहा कि आज जब हम मनरेगा जैसे जन प्रिय कानून को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं तो एक बात स्पष्ट हो गई है कि पूरे देश में सिर्फ कांग्रेस के कार्यकर्ता ही जन भावनाओं को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा कानून को कांग्रेस ने बनवाया था, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक अहम कदम था। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वह इस जनप्रिय कानून को खत्म करने की कोशिश कर रही है। उप्र. प्रभारी, प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मनरेगा अधिनियम के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोमवार को ''संविधान संवाद एवं राज्य स्तरीय मनरेगा बचाओ संग्राम'' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन के माध्यम से आप सभी ने हमें एक बहुत बड़ी ताकत दी है और इस ताकत का सार्थक उपयोग करते हुए हम इस निरंकुश और तानाशाही सरकार को बदलने का काम करेंगे।

# अतिरिक्त बजट से उतरेगी करोड़ों की बकायेदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाखों श्रमिक परिवार और फर्मों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** बजट में खासकर मनरेगा से जुड़े परिवार और फर्मों के लिए उम्मीदों से भरा है। केंद्र ने अतिरिक्त 30 हजार करोड़ का बजट दिया है। जो राज्यों में वितरित होने पर निर्माण सामग्री और श्रमिकों का बकाया भुगतान किया जाएगा। प्रदेश में इस वर्ष की करीब 1591.29 करोड़ के आसपास बकायेदारी बनी हुई। बजट से लोगों में भ्रम भी दूर हो गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2026-27 में नई प्रक्रिया के तहत विकसित भारत-जी राम जी के कार्य शुरू होंगे। इसके लिए भी बजट का पिटारा केंद्र सरकार ने खोला है।

प्रदेश में इस वर्ष ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत कच्चे-पक्के कार्य कराए गए। निर्माण के लिए फर्मों से ईंट, मौरंग, सरिया, गिट्टी, बालू आदि खरीदी गई। जिसका भुगतान समय पर न होने से करोड़ों की बकायेदारी होती गई। बीच-बीच में पर्याप्त बजट न मिलने से बकायेदारी पूर्ण रूप से खत्म नहीं हो पाई। इसी तरह कुशल व अकुशल श्रमिकों को उनकी मजदूरी समय पर न मिलने से बकायेदारी बनी रही। जानकारों की मानें तो केंद्र ने बकायेदारी का ध्यान रखते हुए आकलन कराकर अतिरिक्त बजट निर्धारित किया है।

व्याख्यान | लविवि में अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो . अभिजीत बनर्जी ने निर्धनता के पांच स्तंभों का किया विस्तार से वर्णन

# आय बढ़ाने की जगह प्राथमिकता और व्यवहार में परिवर्तन जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लखनऊ विश्वविद्यालय में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री प्रो . अभिजीत बनर्जी का स्वागत करते कुलपति प्रो . जेपी सैनी व प्रो . अरविंद मोहन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** वर्ष 2019 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. अभिजीत बनर्जी ने कहा कि आय बढ़ाने की तुलना में प्राथमिकताओं और व्यवहार में परिवर्तन लाना अधिक प्रभावी परिणाम दे सकता है। गरीबी को प्रभावित करने वाले पांच प्रमुख स्तंभ हैं। पोषण, सूक्ष्म ऋण (माइक्रोक्रेडिट), शिक्षा, गरीबी का जाल व छोटे प्रयास। उन्होंने भूख और वैश्विक गरीबी जैसी समस्याओं के समाधान हेतु प्रयोगात्मक दृष्टिकोण के अनुप्रयोग पर चर्चा की और कहा कि मौजूदा समय में व्यापक ढांचे की जगह जमीनी स्तर पर ध्यान देने से बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान के दौरान प्रो. बनर्जी ने 147 देशों में किए गए अपने एक क्षेत्रीय अध्ययन का उल्लेख करते हुए बताया कि यह धारणा सही नहीं पाई गई कि आय में वृद्धि होने से पोषण स्तर में सुधार हो जाता है। उन्होंने तर्क दिया कि अत्यधिक महत्वाकांक्षी पाठ्यक्रम और कठोर शिक्षण पद्धतियां ऐसे विद्यालयी तंत्र के निर्माण के लिए उत्तरदायी हैं, जो प्रतिभा की पहचान नहीं कर पाता और बहुत कम वास्तविक अधिगम उत्पन्न करता है।

### कर्ज की अनुपलब्धता फंसाती गरीबी में

ऋण की अनुपलब्धता लोगों को गरीबी के दुष्चक्र में फंसा देती है। उत्पादक परिसंपत्तियों के हस्तांतरण को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ संयोजित करने वाले कार्यक्रम परिवारों को गरीबी से आत्मरोज़गार की ओर ले जाने में सहायक हो सकते हैं। सूक्ष्म वित्त के बारे में उन्होंने कहा कि पिछले 10 से 15 वर्षों में सूक्ष्म वित्त संस्थानों का तीव्र विस्तार हुआ है, फिर भी वे अब भी औसत व्यक्ति की पहुंच से बाहर हैं।

### सुशासन की नीतियां पर्याप्त नहीं

सुशासन, लोकतंत्र, विधि का शासन और व्यापार नीति अपने आप में नीति-निर्माण का मार्गदर्शन करने के लिए पर्याप्त हैं, सही नहीं है। नीति-निर्माण में जिस बात का अभाव है, वह सामाजिक नीतियों के क्रियान्वयन से संबंधित सूक्ष्म विवरणों पर स्पष्ट मार्गदर्शन है। यहीं "प्लम्बिंग" (कार्यान्वयन की बारीक प्रक्रिया) की आवश्यकता उत्पन्न होती है।

**यह रहे कार्यक्रम में मौजूद :** यूपी के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, रोहित नंदन, मनोज कुमार सिंह, पूर्व कृषि उत्पादन आयुक्त प्रदीप भटनागर, अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी, अमित घोष, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, पूर्व कुलपति जीबी पटनायक, कुलपति प्रो. जेपी सैनीव प्रो. अरविंद मोहन आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# अमृत विचार

मंगलवार, 3 फरवरी 2026




हमारी प्रत्येक कृति छेनी बनकर हमारा जीवन रूपी पत्थर गढ़ती है।

–विनोबा भावे, संत



## महत्वाकांक्षी बजट

यह बजट एक नियमित विशिष्ट वित्तीय दस्तावेज़ से कहीं अधिक व्यापक अर्थ रखता है। यह उस दीर्घकालिक राष्ट्रीय दृष्टि का हिस्सा है, जिसके केंद्र में 'विकसित भारत' का लक्ष्य है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, आपूर्ति शृंखलाओं के पुनर्संतुलन, तकनीकी बदलावों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रस्तुत यह बजट संकेत देता है कि भारत केवल परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की नहीं, बल्कि उन्हें आकार देने की तैयारी में है। इस बजट की बुनियादी विशेषता इसका संतुलित राजकोषीय दर्शन है। सरकार ने एक ओर पूंजीगत व्यय को ऐतिहासिक स्तर पर बढ़ाकर 12.20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाया है, तो दूसरी ओर राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है। यह संयोजन दर्शाता है कि विकास और अनुशासन को परस्पर पूरक तत्व के रूप में देखा जा रहा है।

एक दशक पूर्व लगभग दो लाख करोड़ रुपये के आसपास रहा पूंजीगत व्यय आज जिस स्तर पर पहुंचा है, वह अवसंरचना-आधारित विकास मॉडल के प्रति सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता का संकेत है। अवसंरचना निवेश का उद्देश्य केवल सड़कों, जलमार्गों या लॉजिस्टिक्स गलियारों का विस्तार भर नहीं है, बल्कि भारत के आर्थिक भूगोल को पुनर्परिभाषित करना है। समर्पित माल ढुलाई गलियारे, राष्ट्रीय जलमार्ग और 'पूर्वोदय' जैसी परियोजनाएं उत्पादन, वितरण और निर्यात की लागत को कम कर प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकती हैं। दीर्घकाल में यही निवेश निजी क्षेत्र के लिए गुणक प्रभाव उत्पन्न करेगा। विनिर्माण क्षेत्र में बजट का रुख स्पष्ट रूप से रणनीतिक आत्मनिर्भरता की ओर है। रक्षा विनिर्माण में आयात शुल्क में दी गई रियायतें घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ तकनीकी क्षमताओं के विकास का आधार बन सकती हैं। यह दृष्टिकोण आर्थिक नीति को सामरिक नीति से जोड़ने का संकेत देता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए प्रस्तावित त्रिपक्षीय रणनीति, विकास कोष, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नकदी प्रवाह सुगमता और छोटे शहरों में व्यावसायिक मार्गदर्शन तथा रोज़गार सृजन की रीढ़ को मजबूत कर सकती है। सरकार विकास को केवल बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रखना चाहती। सेवा और डिजिटल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में कर अवकाश, डेटा केंद्रों और क्लाउड सेवाओं को प्रोत्साहन तथा चिकित्सा पर्यटन व आयुर्वेद के आधुनिकीकरण की योजनाएं भारत को वैश्विक डिजिटल और वेलनेस हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में रणनीतिक कदम है। कृषि क्षेत्र में बजट की दृष्टि उत्पादन-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर पारिस्थितिकी-तंत्र निर्माण की ओर है। कृत्रिम मेधा आधारित पहल और उच्च मूल्य फसलों के लिए समर्पित मिशन किसानों को उद्यमी बनाने की संभावना रखते हैं।

यदि इन पहलों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, तो ग्रामीण आय और मूल्य संवर्धन दोनों में वृद्धि संभव है। हालांकि, किसी भी बजट की वास्तविक परीक्षा उसके क्रियान्वयन में निहित होती है। पूंजीगत व्यय का समयबद्ध निष्पादन, राज्यों के साथ सहकारी संघवाद और नियामकीय प्रक्रियाओं का सरलीकरण इसकी सफलता की शर्तें होंगी, इन्हें सुसंगत रूप से धरातल पर उतारना आवश्यक है।

### प्रसंगवश

## डीप फेक का निशाना बनते चर्चित लोग

डीप फेक तकनीक के बढ़ते दुरुपयोग ने डिजिटल दुनिया में एक नई और गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के ज़रिये तैयार किए जा रहे फर्जी वीडियो और ऑडियो अब इतने वास्तविक लगते हैं कि आम व्यक्ति के लिए सच और झूठ में अंतर कर पाना लगातार कठिन होता जा रहा है। हाल के दिनों में इस तकनीक का इस्तेमाल कर देश-दुनिया की कई प्रतिष्ठित हस्तियों को निशाना बनाया गया है, जिससे न केवल उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है, बल्कि आम लोगों को आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ी है।

हाल ही में राज्यसभा सांसद, प्रसिद्ध लेखिका और समाजसेवी सुधा मूर्ति भी डीप फेक का शिकार हुई हैं। उनकी आवाज़ और चेहरे का इस्तेमाल कर बनाए गए फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिनमें उन्हें विभिन्न वित्तीय योजनाओं का प्रचार करते हुए दिखाया गया। इन वीडियो ने देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों तक अपनी पहुंच बना ली, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई।



धनीश शर्मा

लेखक


इन घटनाओं के बीच सुधा मूर्ति स्वयं सामने आईं और इन वीडियो को पूरी तरह फर्जी बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इंटरनेट पर उनकी आवाज़ और चेहरे का इस्तेमाल कर बनाए जा रहे सभी वीडियो तकनीक के दुरुपयोग का परिणाम हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे किसी भी विज्ञापन या संदेश पर भरोसा न करें और सतर्क रहें। उनका कहना था कि वे कभी भी किसी निवेश योजना या पैसों से जुड़े प्रचार का हिस्सा नहीं रही हैं।

वहीं फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके नाम से दो-तीन वीडियो तेज़ी से वायरल होते रहे, जिनमें यह दावा किया गया कि यदि कोई व्यक्ति 200 डॉलर या 20,000 रुपये का निवेश करता है, तो उसे दस गुना तक रिटर्न मिलेगा। सुधा मूर्ति ने इन दावों को पूरी तरह झूठा और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के लालच भरे संदेशों का उद्देश्य केवल लोगों को ठगना है। सुधा मूर्ति इन्फ़ोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति की पत्नी हैं और इन्फ़ोसिस फ़ाउंडेशन की संस्थापिका रही हैं। कॉरपोरेट जगत के साथ-साथ उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

डीप फेक केवल किसी एक व्यक्ति या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। भारत में इससे पहले भी कई नामचीन हस्तियां इसका शिकार हो चुकी हैं। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का डीप फेक वीडियो वर्ष 2023 में वायरल हुआ था, जिसमें किसी अन्य महिला के शरीर पर उनका चेहरा जोड़ दिया गया था। वहीं क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर की आवाज़ और चेहरे का इस्तेमाल कर एक फर्जी वीडियो बनाया गया, जिसमें उन्हें ऑनलाइन गेमिंग और निवेश ऐप का प्रचार करते हुए दिखाया गया। अभिनेता आमिर खान की आवाज़ की नकल कर राजनीतिक प्रचार से जुड़ा डीप फेक ऑडियो भी सामने आ चुका है।

डीप फेक एक आधुनिक डिजिटल तकनीक है, जिसके ज़रिये किसी व्यक्ति के चेहरे, आवाज़ और हाव-भाव की हूबहू नकल की जा सकती है। सही हाथों में यह तकनीक फ़िल्म, शिक्षा और मनोरंजन के क्षेत्र में उपयोगी साबित हो सकती है, लेकिन गलत इस्तेमाल के कारण यह फर्जी समाचार फैलाने, आर्थिक ठगी करने और सामाजिक भ्रम पैदा करने का बड़ा माध्यम बनती जा रही है। सोशल मीडिया के तेज़ प्रसार के कारण ऐसा कंटेंट कुछ ही समय में लाखों लोगों तक पहुंच जाता है। अब समय आ गया है कि डीप फेक को लेकर आम लोगों को भी अधिक जागरूक होना पड़ेगा।

# बजट: कंटेंट क्रिएटर्स को प्रोत्साहन दूरदर्शी फैसला





विवेक शुक्ला

पूर्व सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

बजट में आर्थिक विकास, क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबका विकास पर जोर दिया गया है। विशेष रूप से, क्रिएटिव इंडस्ट्रीज या 'ऑरेंज इकोनॉमी' को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं, जो कंटेंट क्रिएटर्स को सीधे लाभ पहुंचाएगी। ऑरेंज इकोनॉमी का मतलब क्रिएटिव सेक्टर से है, जिसमें एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स (AVGC) और डिजिटल कंटेंट शामिल हैं। ऑरेंज इकोनॉमी वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही है। भारत में यह सेक्टर न केवल रोजगार सृजन कर रहा है, बल्कि सांस्कृतिक निर्यात को भी बढ़ावा दे रहा है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि AVGC इंडस्ट्री को 2030 तक लगभग 20 लाख प्रोफेशनल्स की आवश्यकता होगी। इसे ध्यान में रखते हुए, सरकार ने क्रिएटिव इंडस्ट्रीज को नई ऊर्जा देने का फैसला किया है। यह पहल युवाओं को डिजिटल स्किल्स से लैस करके भविष्य के लिए तैयार करने पर केंद्रित है।

दिल्ली-एनसीआर के युवा वैज्ञानिक श्रेयांस जैन कहते हैं कि वित्त मंत्री ने अपने बजट प्रस्तावों में नई रिसर्च करने वाले तमाम उत्साही युवाओं और अन्य लोगों को तोहफा दिया है। सरकारी सहयोग के अभाव में बहुत सारे लोगों के रिसर्च प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। पर अब यह नहीं होगा। श्रेयांस जैन और आईआईटी के कई सहयोगी बैलून-सहायता प्राप्त रॉकेट लॉन्च सिस्टम विकसित कर रहे हैं। इस तकनीक में एक बड़ा बैलून रॉकेट को ऊपरी वायुमंडल तक ले जाता है, जहां हवा पतली होती है और प्रतिरोध कम। वहां से रॉकेट प्रज्वलित होता है, जिससे ईंधन की बचत होती है और पेलोड क्षमता 2-3 गुना बढ़ जाती है।

> बजट में विशेष रूप से, क्रिएटिव इंडस्ट्रीज या 'ऑरेंज इकोनॉमी' को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं, जो कंटेंट क्रिएटर्स को सीधे लाभ पहुंचाएगी।

बजट में ऑरेंज इकोनॉमी को 'क्रिएटिव जॉब्स का नया इंजन' कहा गया है। यह सेक्टर सेवाओं पर आधारित विकास को बढ़ावा देगा। पहले से ही भारत के क्रिएटिव सेक्टर में स्टार्टअप्स की बाढ़ आ रही है, लेकिन स्किल गैप एक बड़ी चुनौती है। बजट इस गैप को भरने के लिए ठोस कदम उठाता है, जैसे कि एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में लैब्स स्थापित करना। इससे कंटेंट क्रिएटर्स को स्कूल और कॉलेज स्तर से ही ट्रेनिंग मिलेगी, जो उन्हें प्रोफेशनल वर्ल्ड में एंट्री के लिए तैयार करेगा।

बजट की सबसे प्रमुख घोषणा है मुंबई स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज (IICT) को सपोर्ट देकर कंटेंट क्रिएटर लैब्स स्थापित करना। वित्त मंत्री ने प्रस्ताव रखा कि 15,000 सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में ये लैब्स सेट अप किए जाएंगे। ये लैब्स छात्रों को एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स बनाने की ट्रेनिंग देंगे।

ये लैब्स क्यों महत्वपूर्ण हैं? श्रेयांस जैन कहते हैं कि आज की डिजिटल दुनिया में कंटेंट क्रिएटर्स यूट्यूब, इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लाखों कमाते हैं, लेकिन कई युवाओं को प्रोफेशनल टूल्स और ट्रेनिंग की कमी होती है। ये लैब्स वीडियो प्रोडक्शन, एडिटिंग, डिजिटल स्टोरीटेलिंग और एक्सटेंडेड रियलिटी (XR) जैसी स्किल्स सिखाएंगी। IICT के नेतृत्व में ये लैब्स ग्रास रूट स्तर पर टैलेंट को निखारेंगी, जिससे भारत का क्रिएटर वर्क फोर्स मजबूत होगा। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इससे गेम डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और स्टोरी टेलर्स की नई पीढ़ी तैयार होगी, जो इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी पर आधारित कंटेंट बनाएगी।

इसके अलावा, बजट में ईस्टर्न रीजन में एक नया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एंड डेवलपमेंट स्थापित करने का प्रस्ताव है। यह डिजाइन एजुकेशन को बढ़ावा देगा, जहां कंटेंट क्रिएटर्स विजुअल डिजाइनिंग सीख सकेंगे। एक और महत्वपूर्ण पहल है डिजिटल नॉलेज ग्रिड का निर्माण, जो भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन संपत्तियों को डिजिटली डॉक्यूमेंट करेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे हिस्टोरियंस, रिसर्चर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए नए जॉब्स बनेंगे। यह ग्रिड एक ओपन प्लेटफॉर्म होगा, जहां कंटेंट क्रिएटर्स भारतीय हेरिटेज पर आधारित वीडियोज, डॉक्यूमेंट्रीज और डिजिटल कंटेंट बना सकेंगे। यह पहल क्यों प्रोत्साहनकारी है? कंटेंट क्रिएटर्स अक्सर ऑथेंटिक सोर्स की तलाश में रहते हैं। डिजिटल नॉलेज ग्रिड उन्हें हाई-क्वालिटी डेटा प्रदान करेगा, जिससे वे एजुकेशनल और एंटरटेनमेंट कंटेंट बना सकेंगे। इससे टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि 20 आइकॉनिक डेस्टिनेशंस पर 10,000 टूरिस्ट गाइड्स को अपस्किल करने का पायलट प्रोग्राम शुरू होगा। कंटेंट क्रिएटर्स इन डेस्टिनेशंस पर वीडियोज बनाकर मोनेटाइज कर सकेंगे।

बजट में क्रिएटिव सेक्टर के लिए अप्रत्यक्ष प्रोत्साहन भी है। इस बाबत 10,000 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जो क्रिएटिव स्टार्टअप्स को फंडिंग देगा। साथ ही, म्यूनिसिपल बॉन्ड्स के लिए 100 करोड़ का इंसेंटिव बड़े शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने में मदद करेगा, जो क्रिएटिव हब्स विकसित कर सकता है।

इस बीच, आज के समय में यूट्यूबर, पॉडकास्टर, इंस्टाग्राम क्रिएटर, गेमिंग स्ट्रीमर और डिजिटल लेखक एक नई अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन चुके हैं। बजट में इन्हें सीधे नाम लेकर भले कुछ न दिया गया हो। सबसे पहले डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें। सरकार ने इंटरनेट कनेक्टिविटी, 5G, और डिजिटल सेवाओं को मजबूत करने पर ज़ोर दिया है। इसका सीधा फायदा कंटेंट क्रिएटर्स को मिलता है, क्योंकि बेहतर इंटरनेट का मतलब है तेज़ अपलोड, बेहतर लाइव स्ट्रीमिंग और ज़्यादा दर्शकों तक पहुंचना। ग्रामीण और छोटे शहरों में इंटरनेट फैलने से नए क्रिएटर्स को भी मौका मिल रहा है।

दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. प्रभांशु ओझा कहते हैं कि निर्मला सीतारमण का बजट कंटेंट क्रिएटर्स को एजुकेशन, स्किलिंग और जॉब क्रिएशन के माध्यम से प्रोत्साहित करता है। ये लैब्स और डिजिटल नॉलेज ग्रिड जैसी पहलें भारत को क्रिएटिव सुपर पॉवर बनाने की दिशा में कदम हैं। यह बजट युवा-केंद्रित है, जो 'विकसित भारत' के विजन को मजबूत करता है।

### आमने सामने




मेरे पास नरवणे की किताब में लिखी बातें हैं, जिन्हें पढ़कर यह समझ आ जाएगा कि 'कौन देशभक्त है और कौन नहीं।' नरवणे की किताब में लिखा है कि डोकलाम में चार चीनी टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे, वे करीब 100 मीटर दूर थे।

–राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

मैं चाहता हूं कि लोकसभा में विपक्ष के नेता सदन के समक्ष वह पुस्तक प्रस्तुत करें, जिसका वे हवाला दे रहे हैं, क्योंकि जिस पुस्तक का वे उल्लेख कर रहे हैं, वह प्रकाशित नहीं हुई है। राहुल गांधी को सदन में बिना तथ्य के बोलने की इजाजत न मिले।

–राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री



# पाकिस्तान: बलूचिस्तान के विद्रोह के निहितार्थ



अरविंद जयतिलक

लेखक

यह पहली बार नहीं है जब बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों द्वारा अपनी आजादी का बिगुल फूंका गया है। वे पाकिस्तान के निर्माण के समय से ही अपनी आजादी की मांग कर रहे हैं। आमतौर पर उनके आंदोलन का आधार लोकतांत्रिक है, लेकिन जब पाकिस्तानी सरकार का अत्याचार बढ़ा तो उन्हें हथियार उठाने की जरूरत आन पड़ी। अब वे अपनी आजादी के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। देखा भी जा रहा है कि वे पाकिस्तान की सरकार और सेना दोनों को कड़ी चुनौती दे रहे हैं।

गत वर्ष ही बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाइजैक कर पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर शिकन ला दिया था। इससे निपटने में पाकिस्तानी सेना के पसीने छूट गए थे। उस समय पाकिस्तान ने बीएलए लड़ाकों के हाथ तीस पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या की बात कबूली थी। ध्यान देना होगा कि बलोच लिबरेशन आर्मी लगातार मांग करता आ रहा है कि पाकिस्तान सरकार बलूच के राजनीतिक कैदियों, गायब हुए लोगों, अलगाववादी नेताओं, लड़ाकों और उनके कार्यकर्ताओं को बिना किसी शर्त के रिहा करे। अन्यथा उन्हें खतरनाक परिणाम भुगतना होगा, लेकिन पाकिस्तान का अत्याचार जारी है।

> पहली बार नहीं है जब बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने आजादी का बिगुल फूंका है। वे पाकिस्तान के निर्माण से ही आजादी की मांग कर रहे हैं।

जानना आवश्यक है कि बलूचिस्तान तेल और खनिज से संपन्न पाकिस्तान का सबसे बड़ा और कम आबादी वाला राज्य है। यहां सर्वाधिक आबादी बलूचों की है और उनका आरोप है कि पाकिस्तान की सरकार उनके साथ भेदभाव और शोषण करती है। उनके खनिज संपदा का जमकर दोहन करती है, लेकिन उनकी बुनियादी जरूरतों का तनिक भी ख्याल नहीं रखती है। कहना गलत नहीं होगा कि राजनीतिक तौर पर बलूचों के साथ भेदभाव, नाइंसाफी और शोषण ने वहां के लोगों के मन में पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ नफरत का भाव भर दिया है।

पाकिस्तानी सेना दशकों से बलूचिस्तान में अलगावादियों का उत्पीड़न व हत्या कर रही है। अब तक पाकिस्तानी सेना के हाथों हजारों बलूच नागरिक मारे जा चुके हैं। पाकिस्तानी सेना द्वारा 2006 में बलोच नेता नवाब अकबर बुगती की हत्या के बाद बलूचियों पर अत्याचार पहले से बढ़ गया है। 2005 में अकबर बुगती और मीर बलाच मार्री द्वारा पाकिस्तान सरकार के समक्ष 15 सूत्री मांग रखी गई थी। इस मांग में बलूचिस्तान प्रांत के संसाधनों पर ज्यादा नियंत्रण और सैनिक ठिकानों के निर्माण पर रोक का मुद्दा शीर्ष पर था, लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने मांगों को खारिज कर दिया। नतीजा टकराव बढ़ गया।

हकीकत यह है कि बलूचिस्तान के नागरिक अलगाववादी नहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों से लैस है। पाकिस्तान के कुल प्राकृतिक गैस का एक तिहाई यहीं से निकलता है, लेकिन विडंबना है कि उसका आनुपातिक लाभ बलूचिस्तान को नहीं मिलता है। उदाहरण के लिए 1952 में बलूचिस्तान के डेरा बुगती में गैस के भंडार का पता लगा और 1954 से गैस का उत्पादन शुरू हो गया। पाकिस्तान के अन्य तीनों प्रांतों को उसका लाभ तुरंत मिलने लगा, लेकिन बलूचिस्तान को यह लाभ 1985 में मिला।

इसी तरह चीन के साथ तांबा, सोना और चांदी उत्पादन करने की पाकिस्तानी चगाई मरुस्थल योजना ने 2002 में आकार लिया। तय हुआ कि बलूचिस्तान को उसका वाजिब लाभ मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस योजना के तहत प्राप्त लाभ में चीन का हिस्सा 75 फीसद और पाकिस्तान का 25 फीसद है, लेकिन इस 25 फीसद में बलूचिस्तान के हिस्से में सिर्फ दो फीसद ही आता है। यह स्थिति तब है जब पाकिस्तानी संविधान के 18वें संशोधन के मुताबिक बलूचिस्तान को विशेष अधिकार प्राप्त हैं। इसी नाइंसाफी का नतीजा है कि बलूचिस्तान के नागरिक आक्रोशित हैं और पाकिस्तान से अलग होने की मांग कर रहे हैं।

इतिहास में जाएं तो 15 अगस्त, 1947 को भारत के साथ ही बलूचिस्तान ने भी अपनी आजादी का एलान किया था, लेकिन अप्रैल 1948 में पाकिस्तानी सेना ने मीर अहमद यार खान को अपना राज्य कलात छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनसे जबरन कलात की आजादी के खिलाफ समझौते पर हस्ताक्षर करवाया गया, जबकि उनके भाई प्रिंस अब्दुल करीम खान इस समझौते के विरुद्ध थे। वे किसी भी कीमत पर बलूचिस्तान का 23 फीसद हिस्सा पाकिस्तान को देने को तैयार नहीं थे, लिहाजा उन्होंने 1948 में पाकिस्तान के खिलाफ अलगाव का बिगुल फूंक दिया। उनके नेतृत्व में बलूच नागरिकों ने अफगानिस्तान की जमीन से पाक सैनिकों के खिलाफ गुरिल्ला जंग छेड़ दिया।

इस संघर्ष को नवाब नवरोज खान ने आगे बढ़ाया, लेकिन इसकी कीमत उन्हें भारी चुकानी पड़ी। पाकिस्तान की सरकार ने उनके दोनों बेटों और भतीजों को फांसी पर लटका दिया। इस अत्याचार के बाद भी जब बलूचों का स्वर धीमा नहीं पड़ा तो यहां 1973-74 में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और अलगाववादियों के विरुद्ध दमनात्मक कार्रवाई तेज हो गई।

### सोशल फोरम

## सबसे पहले घोड़ों को डराने में हुआ बारूद का इस्तेमाल

ऐन जलूत के युद्ध (Battle of Ain Jalut) और मामलुक वंश के उदय ने इतिहास की धारा बदल दी थी। ऐन जलूत का युद्ध (1260), जहां मंगोलों का अजेय रथ रुका। बगदाद के पतन के बाद ऐसा लग रहा था कि मंगोल पूरे इस्लाम जगत को मिटा देंगे, लेकिन ऐन जलूत की लड़ाई ने इस धारणा को बदल दिया।

शोएब गाजी

ब्लॉगर

रणनीति और धोखा: मामलुक सेनापति कुतुज़ (Qutuz) और बैबर्स (Baibars) ने मंगोलों की अपनी ही रणनीति (पीछे हटने का नाटक करना) का इस्तेमाल उनके खिलाफ किया। वे मंगोलों को एक संकरी घाटी में खींच लाए, जहां पहले से ही मामलुक घुड़सवार छिपे हुए थे।

हलाकू की अनुपस्थिति: एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब मंगोल महान खान (मोंगके खान) की मृत्यु हो गई और हलाकू अपनी सेना का एक बड़ा हिस्सा लेकर वापस लौट गया, पीछे केवल एक छोटी टुकड़ी (करीब 10,000–20,000 सैनिक) छोड़ गया।

परिणाम: यह इतिहास में पहली बार था कि मंगोलों को किसी आमने-सामने की लड़ाई में निर्णायक रूप से हार का सामना करना पड़ा और वे कभी उस हार का बदला नहीं ले पाए।

मामलुक वंश: 'मामलुक' शब्द का अर्थ होता है 'स्वामित्व वाला' या गुलाम। ये योद्धा गुलाम थे, जिन्हें बचपन से ही सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता था। वे मध्य युग के सबसे बेहतरीन प्रशिक्षित घुड़सवार योद्धा माने जाते थे।

राजनीतिक बदलाव: जब बगदाद के खलीफा का पतन हुआ, तो मामलुक सुल्तानों ने खुद को इस्लाम का रक्षक घोषित कर दिया। उन्होंने जीवित बचे अब्बासी राजकुमारों को काहिरा (Cairo) में शरण दी और उन्हें नाममात्र का खलीफा बनाए रखा, ताकि उनकी अपनी सत्ता को धार्मिक वैधता मिल सके।

विरासत: उन्होंने न केवल मंगोलों को रोका, बल्कि धर्मयुद्ध (Crusades) करने वाली यूरोपीय सेनाओं को भी मध्य पूर्व से पूरी तरह बाहर कर दिया।

एक रोचक तथ्य: ऐन जलूत के युद्ध में पहली बार हैंड कैनन (Hand Cannons) या शुरुआती बारूद के हथियारों का इस्तेमाल मंगोल घोड़ों को डराने के लिए किया गया था।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## शिक्षा बजट से उम्मीदें और आशंकाएं

सरकार ने शिक्षा बजट में 8.27 प्रतिशत की वृद्धि कर 1,39,289 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो निसंदेह यह संकेत देता है कि शिक्षा को विकास की धुरी मानने की सोच अभी जीवित है, हालांकि सवाल यह भी है कि क्या यह वृद्धि देश की विशाल युवा आबादी, क्षेत्रीय असमानताओं और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ी चुनौतियों के मुकाबले पर्याप्त है या फिर यह केवल एक प्रतीकात्मक कदम बनकर रह जाएगी। इस बजट का सबसे अधिक चर्चित और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रस्ताव देश के हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल निर्माण की घोषणा है। 789 जिलों में छात्रावासों की यह योजना बालिका शिक्षा को लेकर लंबे समय से चली आ रही संरचनात्मक बाधाओं को तोड़ने का प्रयास है।

ग्रामीण व पिछड़े इलाकों में शिक्षा छोड़ने की सबसे बड़ी वजह सुरक्षा, आवास और सामाजिक दबाव हैं। यदि यह योजना समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से लागू होती है, तो यह न केवल उच्च शिक्षा में लड़कियों की भागीदारी बढ़ाएगी बल्कि स्टैम (एसटीईएम) जैसे क्षेत्रों में उनकी मौजूदगी को भी मजबूत करेगी। पूर्व में घोषित कई छात्रावास योजनाएं अधूरी इमारतों, अपर्याप्त सुविधाओं और संचालन के अभाव में दम तोड़ चुकी हैं। बजट घोषणा के साथ-साथ राज्यों के साथ समन्वय, रखरखाव और सामाजिक जागरूकता पर भी उतना ही जोर जरूरी होगा।



योगेश कुमार गोयल

वरिष्ठ पत्रकार

सरकार का 'एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट एंड एंटरप्राइज' दृष्टिकोण इस बजट की वैचारिक रीढ़ कहा जा सकता है। उच्च शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई भारतीय शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी विफलताओं में से एक रही है। इस अंतर को पाटने के लिए हाई-पॉवर स्थायी समिति के गठन की घोषणा स्वागत योग्य है, लेकिन भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में केवल समितियों से बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगा। जब तक पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली और फैकल्टी ट्रेनिंग में ठोस सुधार नहीं होंगे, तब तक डिग्रीधारी, लेकिन बेरोजगार युवाओं की समस्या बनी रहेगी। समिति का असली मूल्यांकन उसके सुझावों की गति और जमीन पर उनके क्रियान्वयन से होगा।

पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव शिक्षा, शोध और उद्योग के त्रिकोण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी कदम है। औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब के आसपास विश्वविद्यालयों, शोध केंद्रों और आवासीय परिसरों का एकीकृत विकास, यदि सही ढंग से हुआ, तो यह भारतीय उच्च शिक्षा को वैश्विक मानकों के करीब ला सकता है। इससे इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के अवसर बढ़ेंगे और छात्रों को 'रेडी फॉर इंडस्ट्री' बनाया जा सकेगा। भारत में पहले से मौजूद कई औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास शिक्षा संस्थानों का विकास असंतुलित रहा है, जहां निजी संस्थान गुणवत्ता के बजाय मुनाफे को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में यूनिवर्सिटी टाउनशिप मॉडल को केवल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट न बनने देने के लिए कड़े नियामक ढांचे और अकादमिक स्वायत्तता की जरूरत होगी।

आयुष और आयुर्वेद को लेकर बजट में की गई घोषणाएं भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की कोशिश का हिस्सा हैं। तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना, आयुर्वेदिक दवाओं की टेस्टिंग के लिए नेशनल लैब्स और बायोफार्मा हब बनाने की योजना, यह सब आयुर्वेद को वैज्ञानिक और व्यावसायिक आधार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कोविड-19 के बाद आयुर्वेद को मिली वैश्विक स्वीकार्यता को यदि मानकीकरण, शोध और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ आगे बढ़ाया गया, तो भारत इस क्षेत्र में नेतृत्व कर सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# प्राचीन तीर्थों में प्रमुख संभल



गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

सृष्टि के आरंभ में ही भगवान विश्वकर्मा ने अड़सठ तीर्थों और उन्नीस पुण्य कूपों के सहित संभल तीर्थ का निर्माण किया था। सत्ययुग में इसका नाम 'सत्यव्रत', त्रेता में 'महागिरि', द्वापर में 'पिंगल' और अब कलियुग में 'शंभल' है। शंभल आजकल 'संभल' नाम से प्रसिद्ध है। संभल माहात्म्य और अन्य पुराणों में भी तालव्य शकार से 'शंभल' नाम का उल्लेख है, किंतु आजकल 'संभल' नाम ही प्रचलित है। यह इसलिए है, क्योंकि कुछ लोग तालव्य 'शकार का उच्चारण नहीं कर पाते। ऐसा माना जाता है कि 'शंभल' और 'संभल' दोनों 'शम्भ्वालय' शब्द के अपभ्रंश हैं। 'शम्भ्वालय' शब्द से 'शंभु का आलय' अर्थ स्पष्ट ध्वनित होता है। इसे गुप्त रखने के लिए ही इस स्थान को 'शंभल' कहा जाता है।

## पृथ्वीराज चौहान की राजधानी

संभल अति प्राचीनकाल से पावन भगवद्धाम के रूप में प्रसिद्ध रहा है। आधुनिक शोधकर्ताओं ने भी इस पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला है। प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर छठी शताब्दी में हर्ष के शासनकाल में संभल में ब्राह्मणों की प्रधानता थी और उनके माध्यम से ज्ञान का सूर्य संभल में उदयाचल के शिखर पर चमक रहा था। डॉ. ब्रजेन्द्रमोहन शांख्यधर के अनुसार ईसा की बारहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में पृथ्वीराज चौहान का संभल में आधिपत्य था तथा उनकी पुत्री बेला वहां सती हुई थी। उन्होंने शत्रुओं पर आक्रमण करने के लिए और उनके आक्रमणों से बचने के लिए संभल को अपनी राजधानी भी बनाया था। यहां सुरंगों के माध्यम से अपनी रक्षा का प्रबंध किया गया था। यहां दिल्ली, अजमेर और कन्नौज को जाने वाली सुरंगें थीं। खुदाई होने पर अब कहीं-कहीं उनके चिह्न मिलते हैं।



## तीनों कोनों पर स्थापित शिवलिंग

संभल माहात्म्य के पढ़ने से ज्ञात होता है कि पूरा संभल हरि-मंदिर ही है। इसके तीनों कोनों पर तीन शिवलिंग स्थापित हैं। दक्षिण में संभलेश्वर, पूर्व में चंद्रेश्वर और उत्तर में भुवनेश्वर। इन तीन कोनों वाले संभल की बाहरी परिक्रमा चौबीस कोस की है। प्रत्येक कार्तिक शुक्लपक्ष की चतुर्थी-पंचमी को इस परिक्रमा में हजारों नर-नारी सम्मिलित होते हैं। इसके बारह कोस के भीतरी क्षेत्र में अड़सठ तीर्थ और उन्नीस कूप हैं। इसके इतने बड़े आकार में ब्रह्मा जी का निवास है। इसके ठीक मध्य में तलवार हाथ में लिए, घोड़े पर सवार श्रीकल्कि भगवान की दिव्यमूर्ति से सुशोभित 'हरिमंदिर' था, जिसे मध्यकाल में विधर्मी आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। बाद में इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने इस स्थान के निकट एक बैष्णव मंदिर का निर्माण करवाया, जो अब श्रीविष्णु कल्कि मंदिर नाम से प्रसिद्ध हैं। कल्कि पुराण तृतीय अंश 18 अध्याय, श्लोक 4 में स्पष्ट उल्लेख है -यत्राष्टषष्टितीर्थानां सम्भवः शम्भलेभवत्। मृत्योर्मोक्षः क्षितौ कल्केरकलस्य पदाश्रयात्।। अर्थात् जहां अड़सठ तीर्थों का संभव हुआ है, वह तीर्थ शिरोमणि संभल भगवान, कल्कि के चरणों के प्रताप से मोक्ष का धाम है।

## पुराणों में वर्णित संभल

कल्कि पुराण में कल्कि भगवान के संभल में अवतरण की विस्तृत कथा वर्णित है। श्लोक 1/1/15 कहता है - प्रलयकाल के अंत में जगत की सृष्टि करने वाले लोकपितामह ब्रह्मा अपनी पीठ से भयंकर मलिन पातक की सृष्टि की, वह अधर्म नाम से विख्यात हुआ। उस अधर्म का प्रचार आरंभ होते ही सब देवता दुखी होकर श्रीनारायण को भूमंडल की दुर्दशा सुनाते हैं। तब विष्णु भगवान संभल (उत्तर प्रदेश) में विष्णुयशा ब्राह्मण के यहां अपने अवतार का वचन देते हैं। लक्ष्मी जी सिंहलद्वीप में बृहद्रथ राजर्षि की धर्मपत्नी कौमुदी की कोख से जन्म लेती हैं। इनका नाम 'पद्मा' है। कल्कि भगवान का वैशाखमास के शुक्लपक्ष की द्वादशी के दिन कन्या लग्न में अवतार होता है। भगवान चतुर्भुजरूप से माता-पिता को दर्शन देकर ब्रह्मा जी की प्रार्थना से द्विभुज रूप धारण करते हैं। भगवान शिव के द्वारा भेजे गए वेदमय शुक के माध्यम से सिंघलद्वीप में पद्मावती के स्वयंवर का समाचार प्राप्त कर श्रीकल्कि भगवान उस स्वयंवर में पधारे। वहां लक्ष्मी रूपिणी के साथ श्रीकल्कि भगवान का विवाह संस्कार संपन्न हुआ। पद्मावती को साथ लेकर भगवान कल्कि ने विश्वकर्मा द्वारा सुसज्जित संभल नगर में प्रवेश किया। श्रीहरि की यह अवतारकथा परममंगलकारिणी है, जैसा कि कल्कि पुराण में कहा गया है- कल्कि महाविष्णु के परम अद्भुत अवतार की यह कथा भक्तिपूर्वक पढ़ने और सुनने वालों के सभी अमंगलों का नाश करने वाली है।

# 30 साल बाद बना शुक्र और शनि का दुर्लभ संयोग



आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ

शनि-शुक्र का 30 साल बाद दुर्लभ संयोग मीन राशि में बना है, जिसने ज्योतिष जगत में मालव्य राजयोग का प्रारंभिक स्वरूप रचा है। यह योग स्थिरता के कारक शनि और सुख-वैभव के दाता शुक्र का अनुपम मेल है, जब शुक्र उदय अवस्था में अपनी उच्च राशि मीन की ओर अग्रसर होकर शनि से युति करेंगे। 28 जनवरी का अर्धकेंद्र योग (शनि मीन में, शुक्र मकर में) प्रारंभिक ऊर्जा का संकेत है, जो पूर्ण युति तक (मार्च तक) कार्य करता रहता है। शनि मीन में 29 मार्च 2025 से 3 जून 2027 तक रहेंगे, लेकिन शुक्र के साथ निकट युति केवल 2 मार्च से 26 मार्च तक चरम पर होगी। यह 30 वर्ष बाद का संयोग धन-प्रगति का लंबा प्रभाव छोड़ेगा।



## योग का ज्योतिषीय महत्व

शनि-शुक्र युति मीन में कर्म और भोग का दुर्लभ संतुलन स्थापित करती है। शनि पहले से मीन में स्थित हैं, जबकि शुक्र 1 फरवरी के उदय से ठीक पहले 28 जनवरी को इस योग को सक्रिय किया।

28 जनवरी 2026 से बना शनि-शुक्र का दुर्लभ अर्धकेंद्र योग (45 डिग्री दूरी) मुख्य रूप से एक दिवसीय या अल्पकालिक प्रभाव वाला है, लेकिन इसका व्यापक फल मीन युति तक जारी रहेगा। वास्तविक शनि-शुक्र युति मीन राशि में 2 मार्च 2026 को सुबह लगभग 5 बजे बनेगी और लगभग 26 दिनों तक (26 मार्च 2026 तक) प्रभावी रहेगी। हिंदू पंचांग के अनुसार, शुक्र का मीन गोचर 2 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च के आसपास समाप्त होगा, जब शुक्र अगली राशि में प्रवेश करेंगे मीन जल राशि गुरु के अधीन होने से यह युति आध्यात्मिक ऊंचाइयों को भी छूएगी। पिछले 30 वर्षों में ऐसी युति दुर्लभ रही, जो जीवन के कठिन दौर को वैभवपूर्ण मोड़ देती है। वर्तमान गोचर चक्र में यह शनि की साढ़ेसाती और शुक्र की दशा प्रभावित राशियों के लिए वरदान सिद्ध होगा। वास्तु शास्त्र में उत्तर-पूर्व कोण की शुद्धि (जल स्रोत स्थापना) और फेंग-शुई में दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में गुलाबी क्रिस्टल रखने से ग्रह ऊर्जा का अधिकतम लाभ मिलेगा।

## सभी राशियों पर विस्तृत प्रभाव

- **मेष राशि:** 12 वें भाव में यह योग विदेश यात्रा, छिपे खर्चों पर नियंत्रण और आध्यात्मिक जागरण लाएगा। नौकरीपेशा लोगों को अप्रत्याशित लाभ, लेकिन जल्दबाजी से बचें। प्रेम संबंध गहराएंगे।
- **वृषभ राशि:** 11 वें भाव से मित्र मंडली और सामाजिक नेटवर्क से धन लाभ। विवाह योग प्रबल, व्यापारिक साझेदारी मजबूत होगी। सौंदर्य और विलासिता पर निवेश फलदायी।
- **मिथुन राशि:** 10 वें भाव में करियर का स्वर्णिम काल, प्रमोशन, नई जिम्मेदारियां। रचनात्मक क्षेत्रों में मान-सम्मान, प्रेमी से स्थायी बंधन की संभावना।
- **कर्क राशि:** भाग्य स्थान (9 वें भाव) सक्रिय, उच्च शिक्षा, धार्मिक यात्रा या पिता से सहयोग। कानूनी मामलों में विजय, धन संचय में वृद्धि।
- **सिंह राशि:** 8 वें भाव से विरासत, बीमा या रहस्यमय लाभ। वैवाहिक जीवन में मधुरता, स्वास्थ्य में सुधार, लेकिन नियमित जांच जरूरी। आध्यात्मिक साधना फलेगी।
- **कन्या राशि:** 7 वें भाव में साझेदारी मजबूत, व्यापार वृद्धि। नीच प्रभाव कम होकर वैवाहिक सुख बढ़ेगा, लेकिन निर्णय सावधानी से लें।
- **तुला राशि:** 6 वें भाव से शत्रु पर विजय, स्वास्थ्य उन्नति और नौकरी में स्थिरता। विवाद सुलझेंगे, ऋण मुक्ति के योग।
- **वृश्चिक राशि:** 5 वें भाव में संतान सुख, रोमांस चरम पर। रचनात्मकता, शिक्षा और निवेश में सफलता, कलात्मक क्षेत्र चमकेंगे।
- **धनु राशि:** 4 वें भाव से घर-सुख, वाहन खरीद और माता से लाभ। संपत्ति सौदे आदर्श, पारिवारिक शांति स्थापित होगी।
- **मकर राशि:** 3 वें भाव में साहस वृद्धि, भाई-बहन सहयोग। संचार, लेखन या मीडिया क्षेत्र में प्रगति, छोटी यात्राएं सुखद।
- **कुंभ राशि:** 2 वें भाव से धन वर्षा, वाणी शक्ति प्रभावी। पारिवारिक सुख, बचत में इजाफा और स्वादिष्ट भोजन का आनंद।
- **मीन राशि:** लग्न में योग व्यक्तित्व को चुंबकीय बनाएगा। विवाह, करियर और स्वास्थ्य में चरम सफलता यह आपका स्वर्णिम समय है।

पौराणिक कथा

# मौन का वरदान




प्राचीन काल में सरस्वती नदी के तट पर एक समृद्ध राज्य था। उस राज्य में देवदत्त नाम का एक विद्वान ब्राह्मण रहता था। शास्त्रों का उसे गहरा ज्ञान था, वाणी में अद्भुत प्रभाव था, किंतु उसका स्वभाव अत्यधिक वाचाल था। वह हर सभा में बोलता, हर विषय पर अपनी राय देता और प्रायः बिना सोचे-समझे कठोर वचन कह बैठता। उसकी विद्या के कारण लोग उसका सम्मान करते थे, पर उसके वचनों से कई मन आहत भी होते थे। एक दिन देवदत्त ज्ञान-यज्ञ के लिए वन की ओर गया। वहां उसे एक तपस्वी मिले, जो वर्षों से मौन व्रत धारण किए हुए थे। देवदत्त ने उन्हें बार-बार प्रश्न किए, पर वे शांत रहे। उनकी निःशब्द उपस्थिति ने देवदत्त को विचलित कर दिया। अंततः उसने उपहास करते हुए कहा, "हे मुनिवर, यदि आप बोल नहीं सकते तो तपस्या का क्या लाभ?" तभी उस तपस्वी का तेजस्वी रूप प्रकट हुआ। वे स्वयं बृहस्पति थे, देवताओं के गुरु। उन्होंने मधुर स्वर में कहा, "वत्स, वाणी ईश्वर का वरदान है, किंतु उसका संयम उससे भी बड़ा तप है।"

यह कहकर बृहस्पति ने देवदत्त को वरदान दिया- "एक दिन के लिए तुम्हारे मुख से केवल वही वचन निकलेंगे, जो सत्य और कल्याणकारी होंगे।" देवदत्त हंस पड़ा। उसे लगा यह तो साधारण-सा वरदान है। पर जैसे ही वह नगर लौटा, उसे अनुभव हुआ कि वह बिना सोचे कुछ भी नहीं बोल पा रहा है। जहां पहले वह तुरंत प्रतिक्रिया देता था, वहां अब उसे मौन रहना पड़ रहा था। कई बार लोग उससे प्रश्न करते, पर वह उत्तर देने से पहले भीतर झांकता कि क्या उसका वचन किसी को चोट तो नहीं पहुंचाएगा। दिन ढलते-ढलते देवदत्त को अनुभूति हुई कि मौन में एक अद्भुत शांति है। उसके शब्द अब कम थे, पर प्रभावशाली थे। जिन स्थानों पर वह पहले विवाद उत्पन्न करता था, वहां अब सौहार्द बन रहा था। संध्या समय बृहस्पति पुनः प्रकट हुए। देवदत्त ने विनम्र होकर कहा, "गुरुदेव, आज मैंने जाना कि अनियंत्रित वाणी अज्ञान है और संयमित मौन ही सच्चा ज्ञान।" बृहस्पति मुस्कराए और अंतर्धान हो गए। उस दिन से देवदत्त ने व्रत लिया कि वह बोलेगा तो सोचकर और मौन रखेगा तो समझकर।

बोधकथा

# अवसर और विवेक

एक साधारण-सा व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की राह पर चला जा रहा था। दिन ढलने को था, धूप मद्धिम पड़ चुकी थी। तभी रास्ते में उसे एक गंभीर, तेजस्वी व्यक्तित्व वाला पुरुष दिखाई दिया। उसके चेहरे पर अद्भुत शांति और आंखों में गहराई थी। उस अजनबी ने थके स्वर में पानी मांगा। व्यक्ति ने बिना कोई प्रश्न किए, बिना यह सोचे कि सामने कौन है, अपना लोटा आगे बढ़ा दिया और उसकी प्यास बुझाई। पानी पीते ही उस पुरुष का स्वर बदल गया। उसने कहा, "वत्स, तुम मुझे पहचान नहीं सके, पर मैं यमराज हूं। आज मैं तुम्हारे प्राण लेने आया था। किंतु तुम्हारे इस निःस्वार्थ कर्म ने मुझे तुम्हें एक अवसर देने के लिए बाध्य कर दिया है।"



यह कहकर यमराज ने उसे एक डायरी थमाई और बोले, "इसमें जो कुछ भी तुम लिखोगे, वही सत्य हो जाएगा, किंतु ध्यान रहे, तुम्हारे पास केवल पांच मिनट हैं।" व्यक्ति का मन उत्सुकता और लोभ से भर उठा। उसने जल्दी-जल्दी डायरी के पन्ने पलटने शुरू किए। पहले पृष्ठ पर लिखा था कि उसका पड़ोसी लॉटरी जीतकर करोड़पति बनने वाला है। यह पढ़ते ही उसके मन में ईर्ष्या जाग उठी। उसने तुरंत लिख दिया कि पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पन्ने पर लिखा था कि उसका मित्र चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है। उसे यह भी सहन नहीं हुआ। उसने लिख दिया कि वह चुनाव हार जाए। इसी तरह वह एक के बाद एक पन्ने पलटता गया और हर जगह दूसरों के उज्ज्वल भविष्य को अंधकार में बदलता चला गया। समय का ध्यान ही नहीं रहा। अंततः जब उसने अंतिम पन्ना पलटा, तो वहां उसका स्वयं का नाम लिखा था। उसका हृदय धड़क उठा। जैसे ही उसने अपनी किस्मत लिखने के लिए कलम उठाई, यमराज ने डायरी उसके हाथ से ले ली। यमराज गंभीर स्वर में बोले, "वत्स, तुम्हारा समय समाप्त हो चुका है। तुम्हें जो शक्ति अपने जीवन को संवारने के लिए दी गई थी, उसे तुमने दूसरों का अहित करने में व्यर्थ कर दिया। जिसने अपने अवसर का दुरुपयोग किया, वह स्वयं अपने विनाश का कारण बनता है। अब तुम्हारा अंत निश्चित है।" यह सुनते ही व्यक्ति का सिर लज्जा और पश्चाताप से झुक गया। उसकी आंखों से आंसू बहने लगे, किंतु अब समय लौटकर नहीं आ सकता था।

यह कथा हमें सिखाती है कि ईश्वर द्वारा दिया गया समय, शक्ति और अवसर अत्यंत मूल्यवान होते हैं, जो व्यक्ति दूसरों के कल्याण में उन्हें लगाता है, वही सच्चे अर्थों में सुखी और धन्य होता है। दूसरों का बुरा सोचने वाला अंततः स्वयं ही अपना भविष्य बिगाड़ लेता है।


# जीवन को संवारने वाला सर्वोत्तम गुण है संयम



सुनील कुमार महला
लेखक

मनुष्य जीवन को सुचारु, सार्थक और सुखद बनाने में कई गुणों की आवश्यकता होती है, जैसे सत्यनिष्ठा (ईमानदारी), करुणा और संवेदनशीलता, आत्मनियंत्रण (क्रोध, लालच, ईर्ष्या जैसी भावनाओं पर नियंत्रण), धैर्य, परिश्रम, अनुशासन, कृतज्ञता (जो मिला है उसकी सराहना करना और अहंकार से दूर रहना), सहयोग भावना, आदर और विनम्रता तथा सकारात्मक सोच आदि, लेकिन संयम उनमें सबसे उत्तम और प्रभावशाली गुण माना गया है। संस्कृत में बड़े ही खूबसूरत शब्दों में संयम के बारे में यह कहा गया है कि-'संयमः सर्वसाधूनां भूषणं परमं स्मृतम्। संयमेनैव जीवन्ति विद्वांसोऽखिलकारिषु॥' तात्पर्य यह है कि संयम सभी सज्जनों का परम आभूषण है। विद्वान लोग अपने सभी कार्यों में संयम के बल पर ही सफल होते हैं। वास्तव में यहां यह जानने और समझने की जरूरत है कि संयम का मतलब क्या है। दरअसल, संयम का अर्थ है-'अपने विचारों, इच्छाओं, भावनाओं और व्यवहार को नियंत्रित रखते हुए संतुलित ढंग से जीवन जीना। सरल शब्दों में कहें, तो वास्तव में यह वह क्षमता है, जिसमें व्यक्ति कठिन परिस्थितियों, क्रोध, लालच, वासना या किसी भी आवेग के समय भी शांति, विवेक और मर्यादा बनाए रखता है।

संयम जीवन में आत्मनियंत्रण, संतुलन और विवेकपूर्ण आचरण का नाम है। संयम का अर्थ केवल इच्छाओं को दबाना नहीं, बल्कि परिस्थितियों के अनुसार अपने मन, वचन और कर्म को नियंत्रित रखना है, जो व्यक्ति अपनी भावनाओं, क्रोध, लालच, बोलचाल और व्यवहार पर रोक लगा सकता है, वही वास्तव में परिपक्वता की राह पर चलता है। संयमी व्यक्ति जीवन में हर स्थिति में धैर्य बनाए रखता है। कठिन समय में वह घबराता नहीं, बल्कि विवेक से निर्णय लेता है। यही कारण है कि ऐसे लोग जीवन में अधिक सफल होते हैं, क्योंकि जल्दबाजी और आवेश में लिए निर्णय अक्सर नुकसान पहुंचाते हैं। संयमित मन सोचने, समझने और सही दिशा चुनने में सक्षम होता है। सफलता उन्हीं के कदम चूमती है, जिनके विचार नियंत्रित होते हैं और जिनका ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रहता है, जो व्यक्ति सदैव संयम में स्थित रहता है, उसकी सिद्धि और सफलता निश्चित है। संस्कृत में एक श्लोक के माध्यम से यह उल्लेख किया गया है कि यः संयमं न जहाति दुःखसमयेऽपि दूरतः। तं नित्यमभिजानन्ति देवाः साधुवरं नरम्॥'



यानी कि जो व्यक्ति दुख या संकट में भी संयम नहीं छोड़ता, देवता भी उसे श्रेष्ठ मनुष्य मानते हैं। वास्तव में, संयम मनुष्य को भीतर से मजबूती देता है। यह ऐसा गुण है, जो हर परिस्थिति में व्यक्ति को सही दिशा देता है और उसे सम्मान व सफलता दिलाता है। यह संयम ही होता है, जो सही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है, मानसिक शांति और स्थिरता लाता है।

याद रखिए कि जिस व्यक्ति में संयम होता है, वह छोटी-छोटी बातों पर विचलित नहीं होता। मन स्थिर रहता है, तनाव कम होता है। संयम हमारे संवाद को संतुलित रखता है और संबंध मजबूत बनाता है। मतलब यह है कि यह हमारे रिश्तों में मधुरता लाता है। जीवन में बड़ी उपलब्धियां पाने के लिए धैर्य और निरंतरता चाहिए। संयम व्यक्ति को विचलित होने से बचाता है और लक्ष्य की ओर बनाए रखता है। संयम खाना-पीना, खर्च करना, बोलना, भावनाओं को व्यक्त करना आदि सब पर स्व-नियंत्रण देता है, जिससे जीवन अनुशासित बनता है। सच तो यह है कि संयमी व्यक्ति परिपक्व, विश्वसनीय और संतुलित माना जाता है। यह व्यक्तित्व का श्रेष्ठ गुण है। संयम से व्यक्ति के भीतर एक आत्मिक शांति पैदा होती है। वह दूसरों की बातों पर अनावश्यक प्रतिक्रिया नहीं देता, छोटी बातों पर परेशान नहीं होता। इसलिए वह कभी ज्यादा दुखी नहीं होता, क्योंकि दुख का बड़ा कारण हमारी अनियंत्रित प्रतिक्रियाएं ही होती हैं। संयम हमें सिखाता है कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना आवश्यक नहीं, कभी-कभी मौन और धैर्य ही बुद्धिमानी होती है। संयमित जीवन जीने वाला व्यक्ति दूसरों की भावनाओं को समझता है, सम्मान देता है और विवादों से दूर रहता है। उसके व्यवहार में मर्यादा और नम्रता होती है, जिससे समाज में उसका सम्मान बढ़ता है।

आज के तेज रफ्तार जीवन में जहां तनाव, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितता हर कदम पर साथ चलती है, वहां संयम का महत्व और भी बढ़ जाता है। संयम हमें संतुलन, स्थिरता और सकारात्मकता सिखाता है। अतः जो व्यक्ति संयम रखना जानता है, वह न केवल सफल होता है, बल्कि मानसिक रूप से भी सुखी रहता है। संयम ही जीवन का वास्तविक आभूषण है, जो हमें सही दिशा और समृद्ध जीवन की ओर ले जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,666.46 | 25,088.40 |
| बढ़त | 943.52 | 262.95 |
| प्रतिशत में | 1.17 | 1.06 |

सोना 1,52,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,60,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, मंगलवार, 3 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### एप्पल की भारत में रिकॉर्ड 28% मूल्य हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 28 प्रतिशत की अपनी अब तक की सबसे अधिक मूल्य हिस्सेदारी दर्ज की है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार यह उपलब्धि प्रीमियम उपकरणों के बढ़ते चलन ls संभव हुई है, जिसमें उपभोक्ता तेजी से महंगे उपकरण चुन रहे हैं। रिपोर्ट में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन बाजार में महत्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित किया गया है। जहां बिक्री की संख्या में वृद्धि स्थिर है, वहीं बाजार का कुल बिक्री मूल्य बहुत तेजी से बढ़ रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय खरीदार अब महंगे मॉडल ले रहे हैं। काउंटरपॉइंट के अनुसार, 2024 में भारत में एप्पल की मूल्य हिस्सेदारी 23 प्रतिशत थी। आईफोन 16 सीरीज की सफलता, आकर्षक वित्तपोषण योजनाओं और एक्सचेंज ऑफर ने कंपनी को देश में अपनी सर्वोच्च मूल्य हिस्सेदारी तक पहुंचा दिया है।

### रॉयल एनफील्ड की बिक्री 14% बढ़ी

**नई दिल्ली।** मध्यम आकार की मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री जनवरी में 14 प्रतिशत बढ़कर 1,04,322 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 91,132 वाहनों की बिक्री की थी। रॉयल एनफील्ड ने सोमवार को बताया कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 93,781 इकाई रही, जो जनवरी 2025 की 81,052 इकाई के मुकाबले 16 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 10,541 इकाई रहा, जो बीते वित्त वर्ष के समान महीने में 10,080 इकाई था।

### अशोक लेलैंड ने 21,920 वाहन बेचे

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड की कुल बिक्री जनवरी में 27 प्रतिशत बढ़कर 21,920 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 17,213 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने कहा कि उसकी घरेलू बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 20,079 इकाई रही, जबकि जनवरी, 2025 में यह 15,327 इकाई थी। घरेलू बाजार में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 12,833 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 9,864 इकाई थी।

# 7-8% की वृद्धि दर कायम रखना शीर्ष प्राथमिकता

## सीतारमण बोलीं- वृद्धि की रफ्तार होगी अच्छी तो सभी को होगा फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर को कायम रखना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है, क्योंकि इससे सभी नागरिकों को फायदा होता है और रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा होते हैं। रविवार को आम बजट पेश करने के बाद देशभर के कॉलेज से आए विद्यार्थियों से सीतारमण ने कहा कि अगर आर्थिक वृद्धि की रफ्तार अच्छी होगी, तो इसका फायदा सभी नागरिकों तक पहुंचेगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि आर्थिक वृद्धि से नौकरियां पैदा होती हैं, ज्यादा लोग श्रमबल से जुड़ते हैं और उत्पादकता बढ़ती है। सीतारमण ने आगे कहा कि नियोक्ता महिलाओं की दक्षता और सटीकता से काम करने की प्रतिभा से श्रमबल में उनके योगदान को तेजी से पहचान रहे हैं। अर्द्धकुशल भूमिकाओं में महिलाओं की बढ़ती संख्या से इसका पता चलता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि निदेशक मंडल में महिलाओं के सीमित प्रतिनिधित्व को लेकर चिंता बनी हुई है और ज्यादा महिलाओं को नेतृत्व के पदों पर आगे आने की जरूरत है ताकि फैसले लेने में उनकी भूमिका हो और वे दूसरों के लिए रोल मॉडल बन सकें। उन्होंने कहा कि प्रगति हुई है, लेकिन अभी और बहुत कुछ करने की जरूरत है।

वित्त मंत्री ने बताया कि पिछले बजट के बाद से, सरकार ने ऑरेंज'' इकॉनमी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स क्षेत्र) के लिए लगातार नीतियां, वित्तपोषण और समर्थन सुनिश्चित किया है। आज का टेलीविजन मीडिया भी ऐसी रचनात्मक सामग्री पर निर्भर करता है। यह कई अवसरों वाला शानदार क्षेत्र है। रचनात्मकता को हर दिन चुनौती मिलती है, और अगर आपमें काबिलियत है, तो यह निश्चित रूप से एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आगे बढ़ना चाहिए। वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों को बजट तैयार करने में शामिल कदमों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि बजट की तैयारी अक्टूबर के आखिर या नवंबर में शुरू होती है, जिसमें उद्योग समूह, कारोबार क्षेत्र, अर्थशास्त्री, ट्रेड यूनियन के साथ-साथ सोआम लोगों के सुझाव भी शामिल होते हैं। इसके बाद इन सुझावों को छांटा जाता है, संबंधित मंत्रालयों और राज्यों के साथ चर्चा की जाती है, और व्यवहार्यता और कार्यान्वयन के लिए उन्हें बेहतर बनाया जाता है।

### वृद्धि के लिए निवेश बढ़ाने पर सरकार का ध्यान



● बोलीं- राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता से है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं। इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है। वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में वृद्धि पर वित्त मंत्री ने कहा कि यह सट्टेबाजी वाले वायदा एवं विकल्प कारोबार में कदम रखने वालों को हतोत्साहित करने के लिए है। बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है।

### सरकार बजट सत्र के दूसरे चरण मं आईबीसी संशोधन विधेयक करेगी पेश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सरकार की नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की योजना है। संसदीय समिति ने रिपोर्ट दे दी है। दिवाला कानून में प्रस्तावित संशोधन समयबद्धता और दक्षता को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे। साथ ही भारत की ऋण शोधन व्यवस्था को वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप बनाएंगे। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) से संबंधित प्रस्तावित कानून पर रिपोर्ट दे दी है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रही सीतारमण ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कुछ शर्तों के अधीन, समिति के सुझावों को शामिल करते हुए दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में पेश किया जाएगा। यह 2016 में लागू हुए आईबीसी अधिनियम का सातवां संशोधन होगा। अंतिम संशोधन 2021 में हुआ था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 12 अगस्त, 2025 को लोकसभा में दिवाला एवं और ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया था।

# गिरावट से उबरा बाजार, सेंसेक्स 943 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी



● तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी निफ्टी भी 263 अंक की तेजी

आम बजट के दिन भारी गिरावट का सामना करने वाले घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार वापसी की। तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बीएसई सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी में 263 अंक की तेजी दर्ज की गई।

बीएसई का सेंसेक्स 943.52 अंक की बढ़त के साथ 81,666.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,009.31 अंक चढ़ा था। वहीं, एनएसई का निफ्टी 262.95 अंक बढ़कर 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 282.65 अंक तक पहुंचा था। विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में गिरावट और बजट के दिन की भारी गिरावट से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी से घरेलू शेयर बाजारों को राहत मिली। सेंसेक्स की कंपनियों में से पावर ग्रिड में 7.61 और अडाणी पोर्ट्स में 4.76% की तेजी रही। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट लाभ में रहीं। दूसरी तरफ एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, ट्रेंट और टाइटन के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। क्षेत्रवार सूचकांकों में उपयोगिता खंड में सर्वाधिक 2.66% की तेजी रही जबकि बिजली खंड में 2.54, सेवा खंड में 2.38 और ऊर्जा खंड में 1.98% की बढ़त दर्ज की गई। जनवरी में विनिर्माण गतिविधियों में हल्के सुधार के आंकड़ों ने भी बाजार धारणा को समर्थन दिया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा। हालांकि, कारोबारी भरोसा साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

### एफपीआई ने निकाले 36,000 करोड़, एसटीटी से जोखिम

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला जनवरी में भी जारी रहा और उन्होंने करीब 36,000 करोड़ रुपये (3.97 अरब डॉलर) की निकासी की। इस बीच, वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में सौदों पर प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) बढ़ाने की बजट घोषणा से भविष्य में विदेशी निवेशकों की भागीदारी पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के मुताबिक, एफपीआई ने जनवरी में भारतीय बाजार से 35,962 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। एफपीआई ने इससे पहले वर्ष 2025 में भी 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) की रिकॉर्ड निकासी की थी।

## बजट के बाद उद्योग जगत में दिखाई दे रही आशावादिता

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को मुंबई में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान के साथ बजट 2026-27 के समग्र लाभों पर चर्चा के लिए बैठक की। इस बैठक में म्यूचुअल फंड और परिसंपत्ति प्रबंधन से जुड़े निवेशक और प्रमुख उद्योग प्रतिनिधि भी शामिल हुए।




● केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल ने की एनएसई के सीईओ, उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक

गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एनएसई में आयोजित बैठक बेहद उपयोगी और संवादपूर्ण रही। बजट के बाद उद्योग जगत में दिख रही आशावादिता, इससे मिलने वाले वृद्धि अवसरों से जुड़ा उत्साह और बैठक में सामने आए नए विचार और सुझाव उत्साहजनक हैं। यह बैठक वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में बढ़ोतरी से जुड़ा प्रस्ताव रखे जाने के एक दिन बाद हुई है। बजट में वायदा अनुबंधों पर एसटीटी को 0.02 से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, विकल्प प्रीमियम पर एसटीटी 0.10 से बढ़ाकर 0.15 और विकल्प सौदे करने पर 0.125 से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव है। सरकार को एसटीटी से 73,700 करोड़ राजस्व मिलने की उम्मीद है।

# विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि में मामूली सुधार : पीएमआई

नई दिल्ली, एजेंसी



● नए ऑर्डर में तेजी से वृद्धि के बावजूद कारोबारी विश्वास साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में जनवरी में मामूली सुधार देखने को मिला। हालांकि नए ऑर्डर में तेजी से वृद्धि के बावजूद कारोबारी विश्वास साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारतीय विनिर्माण कंपनियों में जनवरी में सुधार देखा गया, जिसका कारण नए ऑर्डर, उत्पादन एवं रोजगार में वृद्धि रही। कच्चे माल की लागत में मध्यम वृद्धि हुई जबकि फैक्ट्री-गेट कीमतों में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी पड़ी जिससे विनिर्माताओं के मुनाफे पर हल्का दबाव पड़ा। फैक्ट्री-गेट कीमत का मतलब वह कीमत है जिस पर कोई उत्पाद उसके विनिर्माता के कारखाने या गोदाम से निकलता है।

सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि मांग में मजबूती, नए कारोबार में वृद्धि और प्रौद्योगिकी में निवेश ने उत्पादन को समर्थन दिया। कुल बिक्री को घरेलू बाजार से गति मिली। निर्यात के नए ऑर्डर में भी वृद्धि हुई लेकिन रफ्तार अपेक्षाकृत कमजोर रही। जिन कंपनियों के निर्यात ऑर्डर बढ़े, उन्होंने एशिया, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और पश्चिम एशिया से अधिक मांग का हवाला दिया।



# गुस्साई ममता ने सीईसी की बैठक बीच में छोड़ी

## बनर्जी ने आयोग पर अहंकारी होने और उनके प्रतिनिधिमंडल को अपमानित करने का लगाया आरोप

● शीर्ष अधिकारियों की प्रतिक्रिया सुने बिना ही गुस्से में बैठक से चली गईं ममता : ईसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एसआईआर मुद्दे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के साथ सोमवार को बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गईं। बनर्जी ने निर्वाचन आयोग के अधिकारियों पर अहंकारी होने और उनके प्रतिनिधिमंडल को अपमानित करने का आरोप लगाया।

विरोध स्वरूप काला शॉल ओढ़े हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और सांसद कल्याण बनर्जी के साथ पश्चिम बंगाल के एसआईआर प्रभावित परिवारों के 12 सदस्यों के साथ यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार और अन्य निर्वाचन आयुक्तों से मुलाकात की। बनर्जी ने बाद में कहा कि उन्होंने विरोध में बैठक का बहिष्कार किया, जबकि आयोग के अधिकारियों ने दावा किया कि वह अपने द्वारा उठाए मुद्दों पर आयोग के शीर्ष अधिकारियों की प्रतिक्रिया सुने बिना ही गुस्से में बैठक से चली गईं। बनर्जी चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रोकने की मांग कर रही हैं।



चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर एसआईआर प्रभावित परिवारों और पार्टी नेताओं के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, साथ में सांसद अभिषेक व कल्याण बनर्जी।

अधिकारियों के अनुसार, सीईसी ने टीएमसी नेताओं से कहा कि कानून का शासन सर्वोपरि रहेगा और कानून को अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ कानून के प्रावधानों और निर्वाचन आयोग की शक्तियों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आयोग के मुख्यालय से बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री बनर्जी ने आयोग के खिलाफ फिर तीखा हमला बोलते हुए उस पर भाजपा के दलाल के रूप में काम करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने आरोप लगाया, इतने सारे लोग मारे गए, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? निर्वाचन आयोग जिम्मेदार है। वे भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने हमारे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया। मैंने कहा कि हमें अफसोस है, हम न्याय के लिए यहां आए थे, हमें न्याय नहीं मिला, और आप झूठ बोल रहे हैं। वह बहुत बड़ा झूठा है...। हमने कहा कि हम ज़मीनी स्तर पर मुकाबला करेंगे। आपके पास भाजपा की ताकत है, हमारे पास जनता की ताकत है। हमने बैठक का बहिष्कार किया और बाहर आ गए। उन्होंने हमारा अपमान किया, हमें बेइज्जत किया... मैंने इस तरह का निर्वाचन आयोग पहले कभी नहीं देखा, वे अहंकारी हैं... वे ऐसे बात करते हैं जैसे वे जमींदार हों और हम नौकर हों।

आयोग के अधिकारियों ने कहा कि टीएमसी नेताओं की बात धैर्यपूर्वक सुनी गई। पहले टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने अपनी बात रखी, इसके बाद ममता बनर्जी ने बात की।

### बनर्जी की दिल्ली पुलिस से बहस, बंगाल से आए एसआईआर प्रभावितों को धमकाने का आरोप

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सोमवार को दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित बंग भवन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों से बहस हुई और उन्होंने अपने राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित परिवारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। बंग भवन के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई। ममता ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग के समक्ष मुद्दे उठाने को बंगाल से लोग आए हैं, लेकिन उन्हें धमकाया जा रहा है। उन्होंने बंग भवन परिसर के बाहर बड़ी तादाद में पुलिसकर्मियों की तैनाती पर सवाल उठाये। हालांकि, मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का संदर्भ देते हुए कहा कि वह पुलिस को नहीं, बल्कि ऊपर बैठे लोगों को दोषी ठहराती हैं। पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर से प्रभावित 50 परिवारों को दिल्ली लाया गया है और वे चाणक्यपुरी स्थित बंग भवन सहित राज्य सरकार की विभिन्न परिसंपत्तियों में ठहरे हुए हैं। एक नाटकीय घटनाक्रम में बनर्जी सोमवार सुबह चाणक्यपुरी स्थित बंग भवन पहुंचीं, जहां उनकी भारी सुरक्षा तैनाती को लेकर दिल्ली पुलिस से बहस हुई। उन्हें भवन के बाहर सुरक्षाकर्मियों से सीधे बहस करते हुए देखा गया। इस बीच, साकेत गोखले, डोला सेन, काकोली घोष दस्तीदार और बापी हलदर सहित तृणमूल कांग्रेस के सांसद राष्ट्रीय राजधानी के उन विभिन्न स्थानों पर पहुंचे, जहां एसआईआर से प्रभावित परिवार रह रहे हैं। दिल्ली के कैलाश कॉलोनी स्थित पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड के अतिथि गृह के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों से गोखले की बहस होती दिखाई दी।

# व्यक्ति विशेष की शिकायत पर चुनाव रोका या बाधित नहीं किया जा सकता



● उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती वाली अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी व्यक्ति विशेष की शिकायत पर चुनाव प्रक्रिया को आसानी से रोका या बाधित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि व्यक्तिगत शिकायतों के संबंध में अंतिम और उपाय चुनाव याचिका के माध्यम से ही संभव है।

पीठ ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के जुलाई 2025 के अंतरिम आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई अपील पर यह फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने निर्वाचन अधिकारी को एक व्यक्ति को एक चुनाव चिह्न आवंटित करने और उसे जिला पंचायत सदस्य के पद का चुनाव लड़ने देने की अनुमति देने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनाव में भाग लेने या उस पर सवाल उठाने का अधिकार वैधानिक प्रकृति का होने से, इस क्षेत्र से संबंधित कानून के अनुसार प्रयोग किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इसलिए, हाईकोर्ट को व्यक्तियों के पक्ष में उदार अंतरिम राहत देने से बचना चाहिए और इसके बजाय राज्य भर में चुनाव के सुचारू एवं निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के व्यापक जनहित को ध्यान में रखना चाहिए। आदेश को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति विशेष की शिकायत पर चुनाव प्रक्रिया को रोका या बाधित नहीं किया जा सकता है।

### वांगचुक ने नेपाल, बांग्लादेश जैसे प्रदर्शनों के लिए जेन जेड को उकसाने की कोशिश की : केंद्र

केंद्र और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने नेपाल और बांग्लादेश की तरह विरोध प्रदर्शन के लिए जेन जेड को उकसाने की कोशिश की थी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और पीवी वराले की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि वांगचुक ने अरब स्प्रिंग जैसे आंदोलन का भी जिक्र किया था। इस आंदोलन से अरब जगत के कई देशों में सरकारें गिर गई थीं। मेहता ने कहा कि उन्होंने जेन जेड को उकसाने के लिए अपने भाषण को सावधानीपूर्वक तैयार किया और नेपाल और बांग्लादेश की तरह आंदोलन का आह्वान किया तथा महात्मा गांधी के भाषणों का इस्तेमाल अपने असली इरादे को छिपाने के लिए किया। शीर्ष अदालत जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंगमो की याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत उनकी हिरासत को चुनौती दी थी। मेहता ने कहा कि वांगचुक ने केंद्र सरकार को वे कहकर संबोधित किया और लद्दाख के लोगों को हम बताते हुए जनमत संग्रह की मांग की, ठीक वही मांगें जो पहले जम्मू कश्मीर में की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यहां कोई वे या हम नहीं है, बल्कि हम सब भारतीय हैं। लद्दाख एक ऐसा क्षेत्र है जो दो देशों चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा साझा करता है, यह इलाका संवेदनशील है।

## नई श्रम संहिता के तहत नियमों को फरवरी के अंत तक दिया जाएगा अंतिम रूप : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि औद्योगिक संबंध संहिता के तहत नियमों को फरवरी के अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ को सूचित किया कि लोगों से सुझाव मांगे गए हैं और नियमों को तैयार करने पर विचार किया जा रहा है। अदालत औद्योगिक संबंध संहिता 2020 के कार्यान्वयन से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो ट्रेड यूनियन, औद्योगिक प्रतिष्ठान में रोजगार की शर्तों और औद्योगिक विवादों के निपटारे से संबंधित सभी कानूनों को एकीकृत करती है। याचिकाकर्ताओं एन ए सेबेस्टियन और सुनील के अनुसार केंद्र ने 21 नवंबर, 2025 को अधिसूचना प्रकाशित की, जिसमें औद्योगिक संबंध संहिता 2020 को अधिसूचित किया गया लेकिन नई व्यवस्था को लागू करने के लिए नियम नहीं बनाए गए।

# राज्यसभा : राष्ट्रीय हितों पर एकसमान रुख अपनाए विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

● राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सांसद सदानंदन बोले

राज्यसभा में सोमवार को भाजपा सदस्य सदानंदन मास्टर ने विपक्षी दलों से अपील की कि वे सिर्फ विरोध के लिए विरोध न करें और उनसे राष्ट्रीय हितों पर समान रुख अपनाना चाहिए। सदानंदन ने उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए यह बात कही। उन्होंने सत्ता पक्ष की तरफ से धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। सदानंदन ने आसन की अनुमति से अपनी सीट पर बैठकर अपनी बात रखी।

सदानंदन द्वारा पेश धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए भाजपा की विश्राम मेधा कुलकर्णी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए हमें अथक परिश्रम करना है और आर्थिक समीक्षा बताती है कि हमारी अर्थव्यवस्था कितनी मजबूत है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में तीन करोड़ करदाता बढ़े हैं। इसका मतलब है कि युवाओं को रोजगार मिल रहा है, लोगों की आर्थिक क्षमता बढ़ी, वह क्रय कर रहे हैं और कर भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ से अधिक लोगों का गरीबी रेखा से ऊपर आना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि चार करोड़ से अधिक आवास बनाए गए, 80 करोड़ लोगों को अनाज दिया गया, 56 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला, 20 लाख से अधिक लोग स्टार्टअप में काम कर रहे हैं। यह उपलब्धियां बताती हैं कि मेहनत भी की और मेहनत सफल भी हुई। उन्होंने कहा कि 12 करोड़ से अधिक लाभार्थी मुद्रा योजना के हैं जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। महिला सशक्तिकरण का इससे बेहतर उदाहरण और क्या होगा।

### डिजिटल इंडिया कहीं जॉबलेस इंडिया न बन जाए : कांग्रेस

एआई को वर्तमान की सचाई करार देते हुए राज्यसभा में कांग्रेस सदस्य ने कहा कि सरकार को एआई पर श्वेतपत्र जारी करना चाहिए और भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनानी चाहिए ताकि डिजिटल इंडिया कहीं जॉबलेस इंडिया न बन जाए। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के अशोक सिंह ने आईटी क्षेत्र से जुड़ा मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि हमारे देश की मध्यम वर्गीय आकांक्षाओं की रीढ़ कहलाने वाला यह क्षेत्र आज संकट के दौर से गुजर रहा है क्योंकि इस पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई हावी होता जा रहा है। भाजपा के डॉ के लक्ष्मण, रामभाई हरजीभाई मोकारिया, बाबूभाई जेसंगभाई देसाई ने, लक्ष्मीकांत बाजपेयी और मनोनीत हर्षवर्द्धन श्रंगला ने भी आसन की अनुमति से लोक महत्व से जुड़े अपने-अपने मुद्दे उठाए।

## पत्नी की हत्या में व्यक्ति को अदालत ने सुनाई दोहरी उम्रकैद की सजा

अलाप्पुझा (केरल), एजेंसी

केरल में अलाप्पुझा की अदालत ने पत्नी की हत्या करने के जुर्म में सोमवार को एक व्यक्ति को दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाई। अलाप्पुझा की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश भारती एस. ने चेरथला के पास पल्लीपुरम के निवासी राजेशकुमार उर्फराजन को पत्नी एंबिली की हत्या के लिए सजा सुनाई। अदालत ने अभियुक्त को संबंधित धाराओं में दोषी पाया। अदालत ने धारा 341 के तहत एक महीने का साधारण कारावास जबकि 302 के तहत आजीवन कारावास और एक लाख का जुर्माना लगाया। धारा 397 के तहत आजीवन कारावास और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एंबिली ने राजेशकुमार से उसके विवाहेत्तर संबंधों के बारे में पूछा, जिसके बाद वह गुस्सा हो गया। इसके बाद 18 मई 2024 को शाम साढ़े छह बजे उसने पल्लीपुरम में पल्लीचंदा जंक्शन के निकट एंबिली को रोका, उसे उसके स्कूटर से धक्का दिया और चाकू से 17 वार किए, जिससे एंबिली की मौत हो गई।

# वैश्विक शांति के लिए अमेरिका भारत संबंधों की मजबूती अहम

● शीर्ष अमेरिकी नेताओं की द्विपक्षीय संबंधों की सुदृढ़ता का आह्वान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के दोनों दलों के शीर्ष सांसदों और नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों तथा प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह साझेदारी विश्व भर में शांति और स्थिरता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है तथा उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को यहां एक विशेष स्वागत समारोह का आयोजन किया। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान और उप महावाणिज्यदूत विशाल हर्ष ने समारोह में मौजूद गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस समारोह में सरकारी अधिकारी, कारोबारी नेता, शिक्षा और संस्कृति जगत के नेता, भारतीय-अमेरिकी समुदाय के कई प्रमुख सदस्य, राजनयिक कोर के सदस्य और विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथि शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए डेलवेयर के गवर्नर मैट मेयर ने इस बात पर जोर दिया कि उनके राज्य में भारतीय समुदाय सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रवासी समुदाय है। उन्होंने डेलवेयर की विदेश सचिव चारुनी पतिबांडा-सांचेज के माता-पिता की प्रवासी यात्रा को याद किया, जो अमेरिका में इस पद को संभालने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी थीं।

मेयर मार्च में भारत की यात्रा करने वाले हैं, जिसमें वह मुंबई, दिल्ली और हैदराबाद में एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। सफोल्क काउंटी से रिपब्लिकन अमेरिकी प्रतिनिधि निक ला लोटा ने न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में इतालवी और आयरिश समुदायों के बाद बढ़ते भारतीय समुदाय को तीसरा समुदाय बताया।

## फिर से वैश्विक चिंता का सबब

# निपाह वायरस

निपाह वायरस स्वास्थ्य जगत के लिए एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। वर्तमान में भारत के कुछ राज्यों, विशेषकर पश्चिम बंगाल और केरल में कुछ मामले आने के बाद स्वास्थ्य एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। यह केवल भारत तक सीमित चिंता नहीं है; ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वियतनाम और सिंगापुर जैसे देशों ने भी अपनी सीमाओं पर सुरक्षा प्रावधान और हवाई अड्डों पर स्क्रीनिंग तेज कर दी है। दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में भारत में मिले मामलों के बाद जनता से सतर्क रहने की अपील की है। निपाह एक जूनोटिक वायरस है, यह जानवरों से इंसानों में फैलता है। इसके प्राकृतिक वाहक फ्रूट बैट्स (फल खाने वाले चमगादड़) हैं। इसकी मृत्यु दर चौंकाने वाली है, जो 40 से 75% के बीच रहती है, जिससे यह कोविड-19 जैसे अन्य वायरस की तुलना में कहीं अधिक घातक हो जाता है।




### लक्षण और पहचान

● पहले सामान्य फ्लू : निपाह के लक्षण संक्रमण के 4 से 14 दिनों के भीतर दिखाई देते हैं। शुरुआत में यह सामान्य फ्लू जैसा लगता है, लेकिन बहुत तेजी से गंभीर हो जाता है।

● शुरुआती लक्षण : तेज बुखार आना, सिरदर्द होना, मांसपेशियों में भी दर्द, उल्टी और गले में खराश भी होती है।

● गंभीर लक्षण : संक्रमित व्यक्ति को चक्कर आने के साथ मानसिक भ्रम, सांस लेने में गंभीर समस्या और मस्तिष्क में सूजन हो सकता है।

● अंतिम स्थिति : संक्रमण से मरीज 24-48 घंटों में कोमा में जा सकता है।

### डब्ल्यूएचओ रख रहा नजर

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और भारत सरकार का नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) इस स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। जनवरी 2026 के अंत तक पश्चिम बंगाल के बारासात में दो स्वास्थ्य कर्मियों में इसके संक्रमण की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद लगभग 196 लोगों की निगरानी की गई। हालांकि डब्ल्यूएचओ ने इसे वैश्विक स्तर पर कम जोखिम वाली श्रेणी में रखा है क्योंकि इसका मानव-से-मानव प्रसार बहुत अधिक नहीं है, फिर भी इसकी गंभीरता को देखते हुए बचाव ही सबसे बड़ा उपाय माना जा रहा है। भारत सरकार ने इसके लिए विशेष आइसोलेशन वार्ड, मोबाइल लैब (बीएसएल-3) और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (आरआरटी) को तैनात किया है ताकि किसी भी संभावित प्रकोप को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, वियतनाम, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश अपने स्तर पर सतर्कता बरत रहे हैं। उन्होंने नागरिकों के लिए सुझाव भी जारी किए हैं।

### अभी कोई इलाज नहीं

● वर्तमान में निपाह वायरस के लिए कोई स्वीकृत टीका या विशेष एंटीवायरल दवा उपलब्ध नहीं है।

● इलाज का तरीका : अस्पताल में सपोर्टिव केयर ही मुख्य सहारा है। इसमें बुखार कम करने की दवाएं और सांस लेने के लिए वेंटिलेटर सहायता शामिल है।

● अनुसंधान की स्थिति : ऑक्सफोर्ड विवि बांग्लादेश में एक वैक्सीन का फेज-2 ट्रायल कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया में मोनोक्लोनल एंटीबॉडी का परीक्षण भी जारी है।

### क्या न करें

● जमीन पर गिरे या पक्षियों द्वारा कुतरे गए फलों को बिल्कुल न खाएं। खुले बर्तनों में रखी खजूर की ताड़ी का सेवन न करें। चमगादड़ों के रहने वाले इलाकों से दूर रहें। यदि किसी को तेज बुखार और भ्रम हो, तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाएं, खुद इलाज न करें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वेनेजुएला में जेवियर ताराजोना जेल से रिहा

**काराकस।** वेनेजुएला में विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो के सहयोगी एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता जेवियर ताराजोना को सरकार द्वारा लाए गए माफी विधेयक के तहत जेल से रिहा कर दिया गया है। मानवाधिकार संगठनों और उनके परिवार के सदस्यों ने रविवार को यह जानकारी दी। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को माफी विधेयक की घोषणा की थी, जिसके जरिए सैकड़ों कैदियों की रिहाई का रास्ता खुला है। जेवियर ताराजोना वेनेजुएला के गैर-लाभकारी मानवाधिकार संगठन फंडारेडेस के निदेशक हैं।

### अमेरिकी कवि एक्सजे कैनेडी का निधन

**न्यूयॉर्क।** पुरस्कार विजेता अमेरिकी कवि, लेखक, अनुवादक एवं शिक्षक एक्स. जे. कैनेडी का निधन हो गया है। वह 96 वर्ष के थे। कैनेडी ने 'द बेडफोर्ड रीडर' और अन्य पाठ्यपुस्तकों के जरिए करोड़ों विद्यार्थियों को शिक्षित किया और बाल कथाओं एवं चुटीली कविताओं के जरिए पाठकों को आकर्षित किया। 'द बेडफोर्ड रीडर' कॉलेज विद्यार्थियों द्वारा व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली पाठ्यपुस्तक है। कैनेडी की पुत्री डॉ. केट कैनेडी के अनुसार, एक्स जे कैनेडी का रविवार को मैसाचुसेट्स के पीबॉडी स्थित अपने घर पर निधन हो गया।

### पोलैंड में ठंड से 50 से अधिक की मौत

**वॉरसॉ।** पोलैंड में कड़ाके की ठंड के कारण अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। आंतरिक मामलों और प्रशासन के उपमंत्री विस्लाव श्चेपान्स्की ने सोमवार को बताया कि कड़ाके की ठंड और शीतलहर अपने चरम पर है। ठंड से पीड़ितों के बारे में दुखद खबर है। अब तक 54 लोगों की मौत और 36 हाइपोथर्मिया के मामलों की जानकारी सामने आई है। उन्होंने कहा कि परित्यक्त इमारतों में रहने वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं।

### चीन ने म्यांमार गिरोह के चार को फांसी दी

**ताइपे।** चीन ने छह चीनी नागरिकों की मौत का कारण बने और म्यांमार से चार अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के घोटाले और जुए का नेटवर्क संचालित करने के दोषी पाए गए चार लोगों को फांसी दे दी। दक्षिण चीन की शेनझेन इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट ने सोमवार सुबह जारी एक बयान में इन सजाओं की पुष्टि की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया कि फांसी कब दी गई। म्यांमार में इसी मामले में 11 अन्य लोगों को पिछले सप्ताह सजा सुनाई गई।

# ट्रंप को ईरान से समझौते की उम्मीद खामेनेई की युद्ध के विरुद्ध चेतावनी

## ट्रंप बोले-हमने जंगी पोत तैनात किए लेकिन समस्या का चाहते हैं कूटनीतिक हल

● ट्रंप ने कहा-आने वाले दो दिनों में हमें समझौते की है उम्मीद

तेहरान/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ समझौता होने की उम्मीद जताई है, जबकि ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका कोई भी टकराव शुरू करता है तो वह क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। ट्रंप ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर अपने मार-आ-लागो आवास से कहा कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में भले ही अपने युद्ध पोत तैनात किए हैं लेकिन वह इस समस्या का कूटनीतिक हल चाहता है।

ट्रंप ने कहा कि हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं। उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में हम कोई समझौता कर लेंगे। अगर समझौता नहीं होता है तो हमें पता चल जायेगा कि वह सही थे या नहीं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया जब खामेनेई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कई बयानों में अमेरिका को सैन्य कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी दी थी। खामेनेई ने पोस्ट किया कि अमेरिका युद्ध शुरू करेगा तो इस बार एक क्षेत्रीय युद्ध होगा। अमेरिकी कभी-कभी युद्ध की बात करते हैं और कहते हैं कि वे युद्ध पोतों और लड़ाकू विमानों के साथ आएंगे। यह कोई नई बात नहीं है। ईरान ऐसी बातों से डरता नहीं। उन्हें ईरानियों को ऐसी चीजों से डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। खामेनेई ने कहा कि ईरान संघर्ष नहीं चाहता लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो ईंट का जवाब पत्थर से देगा। उन्होंने अमेरिका पर संसाधनों के लालच में ईरान पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा, हम लड़ाई शुरू करने वालों में नहीं हैं। हम किसी पर जुल्म नहीं करना चाहते। हम किसी देश पर हमला नहीं करना चाहते लेकिन अगर कोई हम पर हमला करता है तो उसे ईरान से करारा जवाब मिलेगा।



### ईरान ने ईयू के सभी राजदूतों को किया तलब

**दुबई।** ईरान ने सोमवार को कहा कि उसने अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के यूरोपीय संघ (ईयू) के फैसले पर विरोध दर्ज कराने के वास्ते इसके सभी राजदूतों को तलब किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ईरान को शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की कथित हत्या और सामूहिक फांसी के मामलों को लेकर अमेरिका की सैन्य कार्रवाई का खतरा झेलना पड़ रहा है। अमेरिकी सेना ने यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और कई मिसाइल विध्वंसक जहाजों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। हालांकि, यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बल प्रयोग का फैसला करेंगे या नहीं।

### ट्रंप समझदारी से लेंगे कोई फैसला

इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था कि अमेरिका से उनका विश्वास उठ चुका है लेकिन वे परमाणु हथियारों पर निष्पक्ष और न्यायसंगत समझौते के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मुझे युद्ध की चिंता नहीं है। मुझे गलत सूचना और दुष्प्रचार अभियान के कारण लिए जाने वाले सैन्य फैसलों की चिंता है। जाहिर है कि कुछ लोग हैं जो अपने फायदे के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को इस युद्ध में खींचना चाहते हैं। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप इतने समझदार हैं कि वह अपने फैसले खुद ले सकते हैं। कहा कि अमेरिका हमारे देश पर पहले की तरह कब्जा करना चाहता है लेकिन अब यह संभव नहीं है। उसे किसी भी हिमाकत का बहुत करारा जवाब मिलेगा।

# साल 2026 के ग्रैमी पुरस्कारों की हुई घोषणा, दलाई लामा ने रचा इतिहास

● 90 की उम्र में ग्रैमी पाने वाले पहले व्यक्ति बने दलाई लामा

लॉस एंजेलिस, एजेंसी

संगीत के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी के 68वें संस्करण के विजेताओं की घोषणा यहां रविवार को हुई। रैपर बैड बनी के एल्बम डेबी तिरार मास फोतोज़ ने साल के सर्वश्रेष्ठ एल्बम का पुरस्कार जीता, जबकि साल के सबसे बेहतरीन रिकॉर्ड का पुरस्कार रैपर एवं गीतकार केंड्रिक लैमर तथा गायक एवं गीतकार सिज़ा के गीत लुथर ने जीता।

साल के सबसे बेहतरीन गीत का पुरस्कार वाइल्डफ्लावर ने जीता जिसे बिली एलिश और फिनीयस ओ'कॉनेल ने गाया है, जबकि साले के सबसे बेहतरीन नए कलाकार का खिताब ओलिविया डीन ने जीता। सर्वश्रेष्ठ पॉप वोकल एल्बम का खिताब मेहेम ने जीता जिसे मशहुर गायिका लेडी गागा ने गाया है। सर्वश्रेष्ठ सोलो पॉप का खिताब लोला यंग को मेसी के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ रैप एल्बम का पुरस्कार केंड्रिक लैमर ने जीएनएक्स के लिए जीता। जहां, बेस्ट पॉप डुओ या बेस्ट ग्रुप परफॉर्मेंस का खिताब सिन्थिया एरिवो और एरियाना ग्रांडे ने डिफाइंग ग्रैविटी के लिए जीता, वहीं सर्वश्रेष्ठ रॉक एल्बम का खिताब टर्नस्टाइल के नेवर इनफ ने जीता। पहली बार किसी स्पैनिश भाषा के एल्बम ने सर्वश्रेष्ठ एल्बम का खिताब जीता। केंड्रिक लैमर ने पांच खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वाइल्डफ्लावर के लिए सबसे बेहतरीन गीत का खिताब जितने वाले बिली एलिश और उनके भाई फिनीयस ओ'कॉनेल ने तीसरी बार इस श्रेणी में खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। सबसे आश्चर्यजनक नाम दलाई लामा का रहा। अडियो-बुक रिकॉर्ड करने के लिए उन्हें ग्रैमी पुरस्कार दिया गया, जो कि 90 की उम्र में पहला ग्रैमी पाने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं।

### चीन ने किया दलाई को पुरस्कार देने का विरोध



**बीजिंग।** चीन ने दलाई लामा को दिए गए ग्रैमी पुरस्कार की निंदा करते हुए कहा कि वह तिब्बती आध्यात्मिक नेता द्वारा इस सम्मान का उपयोग चीन विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किए जाने का कड़ा विरोध करता है। दलाई लामा को पुरस्कार मिलने पर उनकी प्रतिक्रिया पूछे जाने पर, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने चीन के इस आरोप को दोहराया कि 90 वर्षीय आध्यात्मिक नेता धर्म के नाम पर अलगाववादी गतिविधियां चला रहे हैं। कहा कि दलाई लामा विशुद्ध रूप से धार्मिक व्यक्ति नहीं हैं।

### पुरस्कार पाने से फिर चूकीं अनुष्का शंकर

**लॉस एंजिलिस।** सितार वादक अनुष्का शंकर ग्रैमी पुरस्कार समारोह में दो नामांकन मिलने के बावजूद कोई पुरस्कार नहीं जीत पाईं। ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस श्रेणी में बैड बनी के ईओओ को पुरस्कार के लिए चुना गया। इस श्रेणी में अनुष्का के फ्यूजन बैंड शक्ति के सहयोग से बने गीत शिरिनीज ड्रीम (लाइव) को नामांकित किया गया था। अनुष्का को ग्लोबल म्यूजिक एल्बम श्रेणी में भी भारतीय संगीतकार सिद्धांत भाटिया (साउंड्स ऑफ कुंभ) और शक्ति के माइंड एक्सप्लोजन के साथ नामांकित किया गया था लेकिन पुरस्कार कैटानो वेलोसो व मारिया बेथनिया के कैटेनो ई बेथनिया आओ वीवो को मिला। अनुष्का शंकर को अब तक ग्रैमी में 13 बार नामांकन मिल चुका है।

## जार्जिया में होटल में गोलीबारी, पुलिस कर्मी की गई जान

**लॉरेंसविले।** अटलांटा के उपनगरीय इलाके पर स्थित एक होटल में एक व्यक्ति ने पूछताछ के लिए पहुंची पुलिस पर गोली चला दी, जिससे एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्विनेट काउंटी पुलिस प्रमुख जे.डी. मैक्लुर ने बताया कि गोलीबारी के संदिग्ध को भी एक अधिकारी ने गोली मार दी थी, उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि अटलांटा से करीब 40 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्टोन माउंटेन के पास रविवार सुबह यह घटना हुई। एक व्यक्ति ने फोन पर बताया कि होटल में कमरा लेने के लिए एक व्यक्ति धोखाधड़ी या जालसाजी का सहारा ले रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस को होटल भेजा गया।

## शेख हसीना को दी भ्रष्टाचार मामले में 10 साल की सजा

● बांग्लादेश की अदालत ने दो अलग-अलग केस में सुनाई सजा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को सरकारी आवास परियोजना में भूमि आवंटन से जुड़ी अनियमितताओं से संबंधित भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में सोमवार को 10 साल के कठोर कैद की सजा सुनाई।

ढाका की विशेष अदालत ने 79 वर्षीय शेख हसीना को सरकारी पद का गलत इस्तेमाल कर पुरबाचोल स्थित राजधानी उन्नयन कर्तृपक्ष (राजुक) न्यू टाउन परियोजना में अपनी भतीजी एवं ब्रिटेन की लेबर पार्टी की सांसद व वहां की पूर्व मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक सहित अन्य लोगों को आवासीय भूखंड दिलाने के मामले में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश रोबी-उल आलम ने इसी मामले में शेख हसीना की दो भतीजियों और एक भतीजे को भी अलग-अलग अवधि की जेल की सजा सुनाई। सिद्दीक की छोटी बहन आजमान सिद्दीक और भाई रदवान मुजीब सिद्दीक बॉबी को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। अपदस्थ प्रधानमंत्री और उनके रिश्तेदारों को यह सजा उनकी अनुपस्थिति में हुई सुनवाई के बाद दी गई। 16 आरोपियों में से केवल एक, भूखंड आवंटित करने वाली संस्था राजुक के वरिष्ठ अधिकारी खुर्शीद आलम पर ही व्यक्तिगत रूप से मुकदमा चला और फैसले के समय वह अदालत में मौजूद थे।

## वैज्ञानिक रामनाथन को क्रैफोर्ड पुरस्कार

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के जलवायु वैज्ञानिक वीरभद्रन रामनाथन को रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने भू-विज्ञान में 2026 का क्रैफोर्ड पुरस्कार देने की घोषणा की है। भू-विज्ञान का नोबेल कहे जाने वाले इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के तहत रामनाथन को सुपर-प्रदूषकों और वायुमंडलीय ब्राउन क्लाउड्स पर शोध के लिए सम्मानित किया गया है, जिसने ग्लोबल वॉर्मिंग की समझ को नई दिशा दी।

रामनाथन (82) ने 1975 में नासा में काम करते हुए एक ऐतिहासिक खोज की थी। उन्होंने बताया कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी), जो एरोसोल और रेफ्रिजरेशन में व्यापक रूप से इस्तेमाल होते थे, वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 10,000 गुना अधिक प्रभावी तरीके से गर्मी खींचते हैं।

## आर्मेनिया से सुरक्षा सहयोग को मजबूत करेगा भारत

● आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे सीडीएस जनरल चौहान

नई दिल्ली/यरेवन, एजेंसी

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल फिलहाल आर्मेनिया की आधिकारिक यात्रा पर है। इस दौरे को दोनों देशों के साझा रणनीतिक हितों और दीर्घकालिक रक्षा व सुरक्षा सहयोग को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया गया है।

इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय (आईडीएस एचक्यू) ने एक्स पर इस चार दिवसीय दौरे से जुड़ी कुछ जानकारी और तस्वीरें साझा कीं। आईडीएस एचक्यू ने एक पोस्ट में लिखा, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में भारतीय रक्षा प्रतिनिधिमंडल एक फरवरी को आर्मेनिया पहुंचा। यह दौरा दोनों देशों के साझा रणनीतिक हितों और दीर्घकालिक रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को मजबूत बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत यरेवन में भारत की राजदूत नीलाक्षी साहा सिन्हा और आर्मेनिया गणराज्य की सशस्त्र सेनाओं के उप प्रमुख मेजर जनरल टेमूर शहनजरयान ने किया।

आईडीएस एचक्यू ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि जनरल चौहान ने यरेवन में आर्मेनियाई जनसंहार स्मारक और संग्रहालय पर पुष्पांजलि अर्पित कर जनसंहार में जान गंवाने वाले 15 लाख आर्मेनियाई नागरिकों को श्रद्धांजलि दी।


## एआई के लिए ऑप्टिकल चिप्स बना रहा चीन

**बीजिंग।** आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेज़ी से बढ़ते इस्तेमाल और उसकी बढ़ती ऊर्जा खपत के बीच चीन अब पारंपरिक इलेक्ट्रॉनिक चिप्स के विकल्प के रूप में ऑप्टिकल चिप्स पर बड़ा दांव लगा रहा है। इन चिप्स को फ़ोटोन चिप्स भी कहा जाता है। ये चिप्स भविष्य में एआई की प्रोसेसिंग रफ्तार बढ़ाने और बिजली की खपत कम करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। ऑप्टिकल चिप्स ऐसे सेमीकंडक्टर होते हैं, जो बिजली (इलेक्ट्रॉन्स) की बजाय रोशनी (फोटॉन्स) के ज़रिए सूचना को प्रोसेस करते हैं। फोटॉन्स बहुत तेज़ गति से चलते हैं और इनमें गर्मी के रूप में ऊर्जा का नुकसान नहीं होता, इसलिए ये चिप्स पारंपरिक चिप्स से ज्यादा तेज़ हो सकते हैं।

## आज का भविष्यफल -पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 3 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 4 फरवरी 00.40 तक तत्पश्चात तृतीया।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शिशिर।

**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-मघा 22.10 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।


मेष

आज अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। मन में किसी कारण दबाव रहेगा। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। दांपत्य संबंधों में स्वार्थ की भावना को न आने दें। करियर में नए प्रयोग कर सकते हैं। दिनचर्या अस्त-व्यस्त न रखें।


वृष

आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक अनुशासित रहेगी। सभी कार्यों को सुनियोजित तरीके से करने से सफलता मिलेगा। जॉब में मनोनुकूल स्थानांतरण हो सकता है। व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए तत्पर रहेंगे।


मिथुन

आज महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। संतान की उन्नति से मन उत्साहित रहेगा, लेकिन आपको उन पर अधिक दबाव नहीं बनाना चाहिए। महत्वपूर्ण कार्य किसी कारणवश टल सकते हैं। पुराने मित्रों से चर्चा होगी।


कर्क

आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। व्यय की तुलना में आपकी आय बढ़ेगी। रुकी हुई परियोजनाओं को प्रारंभ कर सकते हैं। जीवनसाथी को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है।


सिंह

आज बिना पूछे दूसरों को ज्ञान न दें। गर्भवती स्त्रियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने से बचें। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग से बहस न करें।


कन्या


आज स्थायी संपत्ति प्राप्त होने की संभावना है। अपने काम पर फोकस करेंगे। साझेदारी वाले व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।


तुला


आज नए काम में मन लगेगा। व्यवसाय में सुगमता रहेगी। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आपकी सामाजिक स्थिति मजबूत होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में परस्पर सम्मान का भाव बढ़ेगा।


वृश्चिक

आज शेयर मार्केट में निवेश लाभकारी होगा। छात्र पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। व्यापार को लेकर बड़ी डील हो सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। मन में आध्यात्मिक विचार जन्म लेंगे।


धनु

आज आपको धन हानि होने की आशंका है। इसीलिए उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान न हों। वरना मुख्य बातों से आपका ध्यान भटक सकता है। अधिक गर्म व ठंडे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।


मकर

आज व्यापार में अपनी उन्नति से संतुष्ट रहेंगे। विलासिता के साधनों में आप धन खर्च करेंगे। धन की कमी दूर होगी। कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आपके अनुसार होते जाएंगे। आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें।


कुंभ

आज सहकर्मियों के माध्यम से आपको धन लाभ होगा, लेकिन आपको सभी कार्य अपने दम पर करने चाहिए। दूरस्थ क्षेत्र की यात्रा हो सकती है। दूसरों के मामलों में टांग न अड़ाएं। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।


मीन

आज महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को जॉब के अवसर प्राप्त होने की संभावना है। नई विद्या या स्किल्स को सीखने का प्रयास करेंगे। नई परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। लंबित कानूनी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे।

## सुडोकू -50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | 7 | | 1 | |
| | 6 | | 2 | | | | 9 | |
| 3 | | | | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | 2 | | 1 |
| | | | 3 | | 6 | 5 | | |
| 8 | | 1 | | | | | | |
| | 9 | | 1 | | | | | 6 |
| | 5 | | | | 3 | | 4 | |
| | 4 | | 5 | 7 | 8 | | 2 | |

### सुडोकू - 49 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 | 7 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 |



पाकिस्तान के बहिष्कार पर आईसीसी ने एक बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने खेल भावना के बारे में बात की है और हम आईसीसी से पूरी तरह सहमत हैं। जब तक हम आईसीसी से बात नहीं कर लेते। बीसीसीआई इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा।
–राजीव शुक्ला


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, मंगलवार, 3 फरवरी 2026


## हाईलाइट

### हरमनप्रीत, मंधाना और दिव्या अवार्ड्स के लिए नामांकित

**नई दिल्ली।** भारत की महिला विश्व कप 2025 की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप-कप्तान स्मृति मंधाना तथा शतरंज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या देशमुख '2025 बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कारों के लिए नामांकित हैं। पिस्टल निशानेबाजी में सनसनी मचाने वाली सुरुचि सिंह और ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ज्योति याराजी इस प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार के लिए नामांकित अन्य दो खिलाड़ी हैं।

### अब्दुसत्तोरोव ने मास्टर्स खिताब जीता


**विक आन जी (नीदरलैंड्स)।** उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने खराब फॉर्म से जूझ रहे अर्जुन एरिगेसी को हराकर सोमवार को यहां टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब जीत लिया। जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश संयुक्त आठवें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। गुकेश ने अंतिम दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमर से ड्रॉ खेला और 6.5 अंक के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने हालांकि प्रतियोगिता के दौरान आधे अंक जुटाकर उम्मीद से खराब प्रदर्शन किया और 2750 रेटिंग अंक से नीचे खिसक गए। आर प्रज्ञानानंद ने भी नीदरलैंड के जोर्डन वैन फोरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला व 5.5 अंक के साथ टूर्नामेंट खत्म किया।

### फार्मूला वन फिर शुरू करना चाहता है मंत्रालय

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय भविष्य में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर फार्मूला वन फिर शुरू करने का इच्छुक है और 2013 में आखिरी बार भारत में हुई रेस फिर शुरू करने के लिये ट्रैक अधिकारियों से बातचीत का सिलसिला शुरू हो चुका है। मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि खेलमंत्री मनसुख मांडविया पिछले सप्ताह ग्रेटर नोएडा में ट्रैक का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से बात भी की है जिसने अब दिवालिया को चुके ट्रैक के मालिक जेपी समूह से परिसर अपने नियंत्रण में ले लिया है। अडानी समूह जेपी समूह खरीदने की दौड़ में है और अगर ऐसा हो गया तो भारत में रेस को वापिस लाने की कोशिशों को बल मिलेगा।

### भारत बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों का भरोसेमंद मेजबान : मांडविया

**नई दिल्ली।** ओलंपिक 2036 की मेजबानी के इच्छुक भारत को अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिये भरोसमंद और सफल मेजबान बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि पिछले एक साल में 20 से अधिक खेलों में 45 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करके भारत ने यह साबित कर दिया है। पिछले महीने इंडिया ओपन बैडमिंटन के आयोजन से जुड़े मसलों के लिये हुई आलोचना के बीच खेलमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महासंघों से मिले समर्थन का हवाला दिया। भारत में 2030 राष्ट्रमंडल खेल अहमदाबाद में होंगे और इसी शहर को ओलंपिक 2036 की मेजबानी के दावेदार के रूप में चुना गया है।



दिल्ली की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स व गुजरात की कप्तान एश्ले गार्डनर।

# दिल्ली की नजरें लगातार चौथी बार फाइनल के टिकट पर

**वडोदरा, एजेंसी**

लगातार तीन बार उपविजेता रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में मंगलवार को यहां जब पहली बार प्लेऑफ में पहुंची गुजरात जाएंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश चौथी बार फाइनल में पहुंचने की होगी।

डब्ल्यूपीएल के छोटे से इतिहास में सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल दिल्ली कैपिटल्स ने एक बार फिर लीग चरण को सफलतापूर्वक पार करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाई। इसके साथ ही वह अब तक के सभी चार सत्रों में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र टीम बन गई है। मौजूदा सत्र में हालांकि दिल्ली का अभियान उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिसमें दबदबे वाले प्रदर्शन के साथ-साथ गिरावट भी देखने को मिली। टीम ने अब तक चार मैच जीते हैं और उसे इतने में हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली की गेंदबाजी की अगुवाई तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने की है। मौजूदा सत्र में 14 विकेट लेने वाली इस गेंदबाज ने आखिरी ओवरों में काफी प्रभावित किया है। उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरनी (14 विकेट) का अच्छा साथ मिला है, जबकि दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी हरफनमौला मारिजेन कैप (10 विकेट) ने गेंदबाजी में नियंत्रण और भरोसेमंद प्रदर्शन जारी रखा है। बल्लेबाजी में कैप की हमवतन लौरा वोल्वार्ट (241 रन) और लिजेल ली (240 रन) ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है। भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (208 रन) के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी हालांकि चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले मैच में कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने दबाव की स्थिति में अपनी फॉर्म दोबारा हासिल की। वह इससे पहले पूरे सत्र में निरंतरता के लिए जूझती नजर आई थीं। गुजरात जायंट्स की टीम दूसरी ओर एलिमिनेटर में जबरदस्त आत्मविश्वास के साथ उतरेंगी। उन्होंने लगातार तीन मैचों की हार के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत की हैट्रिक लगाई। टीम ने इस दौरान गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 रन की अहम जीत भी हासिल की। यह दो बार की चैंपियन टीम के खिलाफ उनकी पहली जीत थी। टीम ने जीत से ही नॉकआउट में अपनी जगह पक्की की।

**महिला प्रीमियर लीग : एलिमिनेटर मुकाबला**

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रॉड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, चिनेल हेनरी, लिजेल ली, निकी प्रसाद, शेफाली वर्मा, लौरा वोल्वार्ट्ट, लुसी हैमिल्टन, मारिजेन कैप, अलाना किंग, स्नेह राणा, प्रगति सिंह, मिन्नू मणि, नंदिनी शर्मा, श्री चरणी, एड्डुला स्रुजना।

**गुजरात जायंट्स :** एश्ले गार्डनर (कप्तान), कनिका आहूजा, सोफी डिवाइन, भारती फुलमाली, किम गार्थ, काशवी गौतम, राजेश्वरी गायकवाड़, हैप्पी कुमारी, जिंतिमनी कलिता, तनुजा कंवर, बेथ मूनी (विकेटकीपर), रेणुका सिंह, अनुष्का शर्मा, शिवानी सिंह, आयुषी सोनी, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

- गुजरात जाएंट्स के खिलाफ भिड़ंत आज शाम 7:30 बजे से

# भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाक को दी चेतावनी

## प्रतिबंध और राजस्व पर रोक सहित अन्य कड़े कदम उठाए जाने की संभावना

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान सरकार द्वारा भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के बहिष्कार ''चुनिंदा भागीदारी'' की घोषणा के बाद कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा। ऐसा माना जा रहा है कि आईसीसी इस मुद्दे पर जल्द ही बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में आईसीसी भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने पर प्रतिबंध लगा सकता है और आईसीसी की ओर से पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकता।

15 फरवरी को होने वाला भारत-पाकिस्तान मुकाबला टूर्नामेंट का सबसे अधिक व्यावसायिक रूप से लाभदायक ग्रुप मैच माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट के कुछ ही घंटों बाद आईसीसी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आईसीसी की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि इस निर्णय से पीसीबी अपने देश पर होने वाले क्रिकेट के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने की संभावना है, जिसका पाकिस्तान स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी के नियमों के अनुसार किसी मैच का बहिष्कार होने की स्थिति में पाकिस्तान को अपने अंक गंवाने पड़ेगे और उसके नेट रन रेट पर असर पड़ेगा, लेकिन भारत के नेट रन रेट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके अलावा भारत को जीत के दो अंक भी मिलेंगे। बयान में कहा गया कि आईसीसी को अब तक इस मामले पर पीसीबी से कोई औपचारिक संवाद प्राप्त नहीं हुआ है। आईसीसी के बयान में कहा गया आईसीसी पाकिस्तान सरकार द्वारा दिए गए उस बयान को संज्ञान में ले रहा है, जिसमें उन्होंने 2026 आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम को चुनिंदा मैचों में भाग लेने का निर्देश दिया है। आईसीसी अभी भी इस संबंध में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आधिकारिक संवाद की प्रतीक्षा कर रहा है। हालांकि चयनात्मक भागीदारी की यह स्थिति किसी वैश्विक खेल आयोजन की मूल भावना से मेल नहीं खाती, जहां सभी क्वालिफाई कर रही टीमों से तय कार्यक्रम के अनुसार समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करने की अपेक्षा की जाती है।

उन्होंने कहा आईसीसी के टूर्नामेंट खेल भावना, प्रतिस्पर्धा, निरंतरता और निष्पक्षता पर आधारित होते हैं और चयनात्मक भागीदारी प्रतियोगिताओं की भावना और पवित्रता को कमजोर करती है। हालांकि आईसीसी राष्ट्रीय नीति से जुड़े मामलों में सरकारों की भूमिका का सम्मान करता है, लेकिन यह निर्णय वैश्विक खेल या पाकिस्तान के लाखों प्रशंसकों सहित दुनिया भर के प्रशंसकों के हित में नहीं है।

आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर पड़ने वाले इसके महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है, जिसका वह स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी की प्राथमिकता में आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप का सफल आयोजन करना है और यह पीसीबी सहित उसके सभी सदस्यों की जिम्मेदारी भी होनी चाहिए। आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा।

पाकिस्तान ग्रुप ए में भारत, नामीबिया, नीदरलैंड्स और अमेरिका के साथ है। वे अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेंगे, जो भारत के साथ टूर्नामेंट का सह-मेजबान है। पाकिस्तान सात फरवरी को टी-20 विश्व कप के उद्घाटन दिन नीदरलैंड्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा।

**टी-20 विश्व कप**
**4 दिन शेष**

- 15 फरवरी को तय है भारत-पाकिस्तान का मुकाबला

### सरकार का फैसला मानेगा पीसीबी : सूत्र

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के बहिष्कार के सरकार के फैसले पर चुप्पी साध रखी है लेकिन उच्च पदस्थ सूत्रों ने स्वीकार किया कि उनके पास सरकार के निर्देश मानने के अलावा कोई चारा नहीं है। तमाम नाटकीयता के बीच पाकिस्तानी टीम सात फरवरी से शुरू हो रहा विश्व कप खेलने कोलंबो रवाना हो गई है। पीसीबी के एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि अगर भारत के खिलाफ नॉकआउट चरण में कोई मैच खेलना पड़ता है तो बोर्ड सरकार का फैसला मानेगा। सूत्र ने कहा सरकार ने बोर्ड को भी बता दिया है कि टीम भारत के खिलाफ विश्व कप का मैच नहीं खेलेगी और अंक जाने देगी। अगर नॉकआउट चरण में भारत से खेलने की नौबत आई तो उस समय सरकार के फैसले पर अमल किया जाएगा।

## आईसीसी को करनी चाहिए कार्रवाई : गावस्कर, भज्जी

**नई दिल्ली, एजेंसी**





भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का अनुमान है कि पाकिस्तान 'यू टर्न' लेगा, लेकिन उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को टी-20 विश्व कप के मैच का बहिष्कार करने पर आईसीसी को उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया है कि उसकी टीम कोलंबो में भारत के खिलाफ यह मैच नहीं खेलेगी और इसका कोई आधिकारिक कारण भी नहीं दिया। ऐसा माना जा रहा है कि बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यह कदम उठाया गया है। बांग्लादेश को विश्व कप से बाहर कर दिया गया है जिसने सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार किया था।

गावस्कर ने कहा मुझे लगता है कि अगले चार या पांच दिन में दुनिया भर से प्रतिक्रिया आने लगेगी तो संभव है कि पाकिस्तान अपना फैसला बदल ले। टूर्नामेंट सात फरवरी से शुरू होगा और पाकिस्तान को सारे मैच श्रीलंका में खेलने हैं। गावस्कर ने कहा इसमें क्या नया है। हम सभी को पता है कि पाकिस्तानी क्रिकेटर रिटायर होते हैं और चार दिन बाद फैसला बदलकर कहते हैं कि हमारे प्रशंसकों ने और खेलने के लिए कहा है। उन्होंने कहा पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मिसाल कायम की है। वे संन्यास का फैसला बदलते रहते हैं लिहाजा 15 फरवरी से पहले ऐसा कुछ हो सकता है। गावस्कर और हरभजन सिंह दोनों ने कहा कि अगर आईसीसी पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करती है तो यह सही होगा। उन्होंने कहा पाकिस्तान के पास भारत के खिलाफ बड़े मैच से पीछे हटने का कोई कारण नहीं है। अनुबंध का उल्लंघन करने का कारण नहीं बता पाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। हरभजन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा पहले उन्हें कोई दिक्कत नहीं थी लेकिन बांग्लादेश के मसले के बाद वे इसमें कूद पड़े। इस फैसले का असर आईसीसी पर पड़ सकता है लिहाजा आईसीसी को कानूनी कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। इससे पूरे टूर्नामेंट पर असर पड़ सकता है।

# 25 करोड़ डॉलर के नुकसान की आशंका

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाला मुकाबला अनुमान के मुताबिक करीब 25 करोड़ डॉलर (2200 करोड़ रुपये से अधिक) का राजस्व पैदा करता है और ऐसे में आगामी टी20 विश्व कप में इस अहम मुकाबले के नहीं होने से सभी हितधारकों को भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है।

दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के चलते भारत और पाकिस्तान केवल बहु-टीम टूर्नामेंटों में ही आमने-सामने होते हैं, लेकिन इस मुकाबले को लेकर रोमांच इतना जबरदस्त होता है कि आईसीसी हर वैश्विक आयोजन में दोनों टीमों को एक ही ग्रुप में रखता है। पाकिस्तान सरकार ने 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले इस बहु-प्रतीक्षित मुकाबले के बहिष्कार की घोषणा की। पाकिस्तान अगर अपने फैसले पर अड़ा रहता है, तो उसे करोड़ों डॉलर के राजस्व नुकसान का जोखिम उठाना पड़ेगा। मैच नहीं होने की स्थिति में आईसीसी के खजाने और भारतीय मीडिया अधिकार धारक जियोस्टार को भी भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। जियोस्टार पहले से ही विश्व क्रिकेट संस्था के साथ अपने तीन अरब डॉलर के करार पर फिर से बातचीत करने की कोशिश कर रहा है। वॉकओवर की स्थिति में हालांकि भारत को पूरे अंक मिल जाएंगे, लेकिन आईसीसी के पास पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर वित्तीय जुर्माना लगाने का अधिकार बरकरार रहेगा।

- भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबले में जमकर बरसता है धन

प्रतिबंध या नुकसान की बात है, जैसा कि मैंने कहा, एक मैच की लागत 25 करोड़ डॉलर है (इसमें केवल प्रसारक का नुकसान नहीं, बल्कि सभी पहलू शामिल हैं)। पाकिस्तान की सालाना आय 3.55 करोड़ डॉलर है, इसलिए अंतर बहुत, बहुत बड़ा है।

**समी-उल-हसन बर्नी, आईसीसी और पीसीबी के पूर्व संचार प्रमुख**

### 10 सेकेंड के स्लॉट की कीमत 40 लाख तक

मेजबान प्रसारक को इस बड़े मुकाबले से 200 से 250 करोड़ रुपये तक के विज्ञापन राजस्व का नुकसान हो सकता है। जबकि इस मैच के दौरान 10 सेकंड के विज्ञापन स्लॉट की कीमत 40 लाख रुपये तक होती है।

### अभ्यास मैचों का कार्यक्रम जारी

**दुबई।** आईसीसी ने टी-20 विश्व कप के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दो से छह फरवरी तक कुल 16 अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत और श्रीलंका के चार शहरों में यह अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत में, बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के दो ग्राउंड मैचों की मेजबानी करेंगे, जबकि भारत में शेष अभ्यास मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई के एम.ए चिदंबरम स्टेडियम में होंगे। श्रीलंका में कोलंबो में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, आर.प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड की मेजबानी करेंगे।

## तिलक वर्मा व मयंक यादव भारत ए टीम में

**मुंबई, एजेंसी**

आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा को सोमवार को टी-20 विश्व कप के अभ्यास मुकाबलों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया, जबकि लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी टीम में वापसी हुई। तिलक को ग्रोइन की चोट से पूरी तरह उबरने के बाद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से खेलने की स्वीकृति मिल गई है। वह सीनियर राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होने से पहले दो अभ्यास मैच में से एक में खेलेंगे। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई टी20 शृंखला में नहीं खेल पाया था जिसमें श्रेयस अय्यर को उनकी जगह मौका दिया गया था। बीसीसीआई ने टीम की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, तिलक वर्मा सीनियर टीम में शामिल होने से पहले एक अभ्यास मैच खेलेंगे।

# सिंधु बगैर एशिया टीम चैंपियनशिप में भारत के सामने कड़ी चुनौती

**किंगदाओ (चीन), एजेंसी**



स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु के बिना कमजोर पड़ी भारतीय महिला टीम को यहां मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपना खिताब बचाने में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जबकि पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी। भारत ने पिछले सत्र में मलेशिया में अपना पहला महिला टीम स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था लेकिन चोट के कारण सिंधू के हटने से उनकी पदक जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू की गैरमौजूदगी में भारतीय अभियान की जिम्मेदारी तन्वी शर्मा की अगुआई वाले खिलाड़ियों के युवा समूह पर होगी। पंजाब की 17 साल की तन्वी 2024 में चैंपियन टीम का हिस्सा थी लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके अगले दो साल में तन्वी गुवाहाटी में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक और अमेरिकी ओपन सुपर 300 में फाइनल तक पहुंचकर महिला एकल में अगली बड़ी उम्मीद बनकर उभरी हैं। उन्होंने सत्र की शानदार शुरुआत की। इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झी यी और दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी को तीन गेम तक चुनौती पेश की जिससे यह साबित हुआ कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मुकाबला कर सकती हैं। उन्नति हुड्डा भी 2025 के सफल सत्र के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही हैं। यह 18 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं रैंकिंग हासिल करने में सफल रहीं। उन्होंने चीन ओपन में सिंधु को भी हराया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय उन्नति ने 2025 में ओडिशा मास्टर्स का खिताब भी जीता। एकल में जिम्मेदारी अब मालविका बंसोड़ और रक्षिता श्री संतोष रामराज पर भी होगी।

- पुरुष बैडमिंटन टीम की नजरें पोडियम पर

**उत्साह**

**अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया को महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर में भारतीय टीम की जीत पर यकीन**

# मनचाहा कोच व ट्रेनर मिला, टीम का अच्छा हुआ माहौल : सविता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने स्वीकार किया कि अगले महीने हैदराबाद में होने वाला महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर भारतीय टीम के लिए करो या करो की तरह है, लेकिन उन्हें यकीन है कि कोच शोर्ड मारिन की टीम जीत के साथ इस चुनौतीपूर्ण वर्ष का आगाज करेगी। इस साल पद्मश्री सम्मान के लिये चुनी गई सविता ने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा हमारी टीम पहले भी अच्छी थी और आज भी अच्छी है। हमने जो ट्रेनर मांगा, वह हमें मिला और जो कोच चाहा, वह भी मिला और टीम का माहौल बहुत अच्छा है। तीन सौ से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुकी इस गोलकीपर ने कहा पूरी टीम को पता है कि विश्व कप क्वालीफायर हमारे लिये ''करो या मरो'' की तरह है लेकिन इतना यकीन है कि हमें उस तरह की हॉकी खेलनी आती है कि इसे जीत सकें।

एशिया कप के जरिये अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने में नाकाम रही भारतीय टीम को अब हैदराबाद में आठ से 14 मार्च तक क्वालीफायर खेलना होगा जिसमें इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरूग्वे, वेल्स और आस्ट्रिया भी शामिल है। प्रत्येक क्वालीफायर में शीर्ष तीन टीमें विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी, साथ ही दोनों प्रतियोगिताओं में चौथे स्थान पर रहने वाली उच्च रैंकिंग वाली टीम भी क्वालीफाई करेगी। आगे की चुनौतियों के बारे में उन्होंने कहा कि प्रो लीग के लिये क्वालीफाई करना बहुत जरूरी है जिसके लिये नेशंस कप जीतना होगा। उन्होंने कहा प्रो लीग से बाहर होना बड़ा झटका है और अब नेशंस कप जीतकर इसके लिये क्वालीफाई करना है। हम इसके जरिये विश्व की शीर्ष आठ टीमों के खिलाफ खेल सकते हैं जिससे काफी अच्छा अनुभव मिलता है। पैतीस वर्ष की इस पूर्व कप्तान ने कहा इस साल विश्व कप और एशियाई खेल भी हैं। दोनों टूर्नामेंटों के बीच में काफी कम समय है लिहाजा फिटनेस पर काम करना होगा। एशियाई खेलों में रजत और कांस्य है लेकिन अब नजरें स्वर्ण पर है ताकि लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई कर सकें। उन्होंने कहा एशियाई खेलों में चीन से चुनौती मिलेगी लेकिन हमें उनकी और अपनी ताकत पता है। हमें विरोधी टीम की नहीं बल्कि अपनी ताकत पर फोकस करना है और इसी फलसफे से हमने नेशंस कप जीतकर प्रो लीग के लिये क्वालीफाई किया था और आगे भी करेंगे। टोक्यो ओलंपिक 2021 में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के प्रदर्शन में पिछले साल आई गिरावट के लिये सविता ने फिटनेस के खराब स्तर को कसूरवार ठहराया।

उन्होंने कहा खेल में उतार-चढाव आते रहते हैं और पिछले साल ऐसा ही एक दौर था। इसका सबसे बड़ा कारण यही था कि हमारी फिटनेस में कहीं न कहीं कमी रह गई थी। टोक्यो ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन के पीछे फिटनेस बहुत बड़ा कारण था।

### नए कोच के आने से हुई प्रेरित

पूर्व कोच हरेंद्र सिंह के इस्तीफे के बाद शोर्ड 2017 से 2021 तक कोच रहने के बाद एक बार फिर भारतीय टीम से जुड़े हैं। सविता ने कहा शोर्ड हमें काफी प्रेरित करते हैं और सकारात्मक माहौल रखते हैं। मैदान पर वह काफी डिमांडिंग कोच हैं और खिलाड़ियों को जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं। फिटनेस समस्याओं से उबरकर हॉकी इंडिया लीग के जरिये वापसी करने वाली इस धुरंधर ने कहा अगर मैं अपनी बात करूं तो 2017 में मेरा कैरियर लगभग खत्म होने वाला था क्योंकि रियो ओलंपिक में प्रदर्शन अच्छा नहीं था। उन्होंने मुझे एक मौका दिया और वहीं से मैंने अपनी गोलकीपिंग का मजा लेना शुरू किया। उनके भरोसे से मुझे अच्छे प्रदर्शन में काफी मदद मिली।